ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 7 जून 2024
वर्ष 2, अंक 287, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी 14

हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगेः रोहित 2

## शिक्षक भर्ती घोटाले में 5 आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गिरफ्तार आरोपियों में 3 प्रयागराज और 2 मिर्जापुर के निवासी
- 2 आरोपी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा कर्मचारी
- प्रारंभिक जांच में 50 लाख रुपये के लेन-देन की बात सामने आई

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग के फर्जी शिक्षक घोटाले में पुलिस ने गुरुवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 मिर्जापुर व 3 प्रयागराज के हैं। आरोपियों में 2 उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा पर डाटा आपरेटर हैं। पुलिस ने बताया कि अभी तक जो चैट सामने आई है उसमें इस घोटाले में 50 लाख रुपये का लेन-देन किया गया है। अभी आरोपियों गहन पूछताछ की जा रही है।

शिक्षा विभाग को फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए 9 शिक्षकों का पैनल नियुक्ति के लिए भेजा गया था। इसमें से 2 शिक्षकों की नियुक्ति भी अलग-अलग स्कूलों में हो गई थी। खुलासा होने के बाद शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई थी। कर्नलगंज पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घोटाले में एसआईटी ने प्रयागराज से विवेक द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। यह दोनों यूपी बोर्ड में डाटा आपरेटर पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा मिर्जापुर से लालजी सिंह, दिनेश कुमार पांडेय व अभिनव त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया है। अभिनव त्रिपाठी एक स्कूल में लैब टेक्नीशियन है। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि जांच में फर्जी ई-मेल को ट्रेस किया गया तो सामने आया कि शिक्षा विभाग को भेजी गई ई-मेल आईडी शिवम द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा ने तैयार की थी। दोनों यह आईडी शिक्षा विभाग से रिटायर हो चुके चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लालजी सिंह के कहने पर बनाई थी। इसके लिए दोनों को 2 लाख रुपये मिले थे। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर दिनेश पांडेय, प्रबंधक काशी प्रसाद जायसवाल जूनियर हाई स्कूल लाल डिग्गी मिर्जापुर व लैब टेक्नीशियन केवीपीजी डिग्री कॉलेज मिर्जापुर अभिनव त्रिपाठी की भूमिका का खुलासा हुआ। इसके बाद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## मोदी की टिप्पणी से शेयर मार्केट के 30 लाख करोड़ डूबे

### कांग्रेस नेता ने इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए की जेपीसी जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी।

**राहुल गांधी के सवाल**
- प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने निवेश की सलाह क्यों की?
- पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई?
- फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं?



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर चुनाव परिणाम आने से पहले शेयर बाजार को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में संगीन आरोप जड़े हैं।

राहुल गांधी ने कहा मतगणना के दिन शेयर बाजार में आई 30 लाख करोड़ रुपये की गिरावट अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शेयर बाजार को मंगलवार को जो नुकसान हुआ है वह मोदी व उनके मंत्रियों की सोची समझी रणनीति का हिस्सा था। वे तीनों जानते थे कि 4 जून को परिणाम एग्जिट पोल के मुताबिक नहीं आ रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिसके कारण निवेशकों के 30 लाख करोड़ डूबे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहली बार हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक बाजार पर टिप्पणी की...फिर एक जून को झूठे एग्जिट पोल आए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के आंतरिक सर्वे में 220 सीट मिल रही थी, लेकिन एग्जिट पोल में ज्यादा सीटें दिखाई गईं। राहुल गांधी का कहना था कि तीन जून को स्टॉक बाजार सारे रिकॉड तोड़ देता है, चार जून को खटाक से नीचे चला जाता है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने निवेश की सलाह क्यों की? पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई? फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि यह आपराधिक कृत्य है और इस मामले की जांच के लिए जेपीसी का गठन होना चाहिए। इसमें प्रधानमंत्री, गृह मंत्री की भूमिका की जांच होनी चाहिए। वहीं, भाजपा ने कहा कि राहुल निवेशकों को गुमराह कर रहे हैं।

**अंबानी के चैनल के माध्यम से मोदी ने भ्रम फैलाया**

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी ने न्यूज चैनल के जरिए पहले जो संकेत दिए उसका निवेशकों पर सीधा असर हुआ है। यह संकेत अंबानी के चैनल के माध्यम से मोदी ने दिया और शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिससे रिटेल निवेशक को लाखों करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पूछा कि इस तरह का संकेत देने के क्या कारण थे और निवेशकों की लाखों करोड़ों-रुपये डूबने की क्या वजह थी।

## एक नजर

**एसआईटी हिरासत में 10 जून तक रहेगा प्रज्वल**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों में जद(एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की एसआईटी हिरासत गुरुवार को 10 जून तक के लिए बढ़ा दी। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत के समक्ष रेवन्ना को पेश किया गया, जिसने 31 मई को उसे छह जून तक के लिए एसआईटी की हिरासत में भेज दिया था। जद(एस) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोता रेवन्ना हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में हासन सीट से हार गया। गुरुवार को अदालत बताया गया कि जांच के सिलसिले में रेवन्न को हिरासत में रखने की जरूरत है, जिसके बाद कोर्ट ने उसकी एसआईटी हिरासत बढ़ा दी।

**बराड़ से जुड़े लोगों के घर एनआईए का छापा**

**नई दिल्ली।** एनआईए ने कनाडा से काम कर रहे आतंकी गोल्डी बराड़ के सहयोगियों के पंजाब स्थित नौ ठिकानों की गुरुवार को तलाशी ली। ‘ ’रंगदारी और गोलीबारी मामले से जुड़ी जांच के तहत एजेंसी ने कार्रवाई की है। एजेंसी ने सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और उसके गिरोह की जानकारी के लिए लोगों से मदद की अपील की है। एनआईए की यह कार्रवाई करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या में बराड़ और 11 अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए जाने के एक दिन बाद की गई। गोगामेडी की पिछले साल हत्या कर दी गई थी।

# मोदी ही लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

### राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक में आज लगेगी अंतिम मुहर, रविवार को शपथ संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

- गठबंधन के वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति को सौंपेंगे सांसदों की सूची



नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने के लिए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक होगी। मोदी के राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद तेदेपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार जैसे गठबंधन के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उन्हें समर्थन देने वाले सांसदों की सूची सौंपेंगे। राजग के पास 293 सांसद हैं, जो 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के 272 के आंकड़े से अधिक है। शपथ ग्रहण समारोह 9 जून रविवार को हो सकता है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को बैठक कर सरकार गठन के प्रयासों को गति देने को लेकर विचार-विमर्श किया। यह बैठक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई। इस बैठक में संघ के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। पार्टी नेताओं के मुताबिक इस बैठक में भावी मंत्रिपरिषद के गठन में राजग के घटक दलों की भागीदारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। सरकार गठन के प्रयासों के बीच यह बैठक ऐसे समय में हुई जब जद (यू) ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना की समीक्षा की मांग उठा दी। नड्डा के आवास पर हुई बैठक के बाद भाजपा अध्यक्ष नड्डा और शाह ने शाम में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। सरकार गठन के स्वरूप पर पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इस मुलाकात के दौरान चर्चा की।

इस बीच, जद(यू) के वरिष्ठ नेता और बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को कहा कि मंत्रीपद का फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हमारे नेता नीतीश कुमार जी के द्वारा तय किया जाएगा। कुमार ने कहा केंद्रीय मंत्रिमंडल में जद(यू) को कितने मंत्री पद मिलनी चाहिए, इस बारे में निर्णय हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (नीतीश कुमार) करेंगे, लेकिन यह सम्मानजनक होना चाहिए। मुख्यमंत्री के गृह जिला नालंदा से 1995 से विधायक और उनके करीबी माने जाने श्रवण कुमार ने हालांकि केंद्रीय मंत्रिमंडल में सम्मानजनक प्रतिनिधित्व के बारे में विस्तार से बताने से इनकार कर दिया और कहा 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, इस बारे में निर्णय लिया जाना चाहिए। भाजपा की एक अन्य सहयोगी एवं लोजपा (आर) नेता चिराग पासवान ने कहा कि मोदी को उनकी पार्टी का समर्थन बिना शर्त है और उनके नेतृत्व में ही राजग ने बहुमत हासिल किया है। उन्होंने कहा कि राजग के सभी घटक शुक्रवार को मोदी को नए प्रधानमंत्री के रूप में अपना समर्थन देने वाले पत्र राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं।

**चुनाव आयोग ने निर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने मतगणना पूरी होने के बाद 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सांसदों की सूची गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शाम साढे.चार बजे राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात कर निर्वाचित सांसदों की सूची उन्हें सौंपी। चुनाव आयोग की ओर से जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के अनुरूप जारी अधिसूचना की एक प्रति, जिसमें 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं राष्ट्रपति को सौंपी गई। इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनावों के सफल समापन पर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को राष्ट्रपति ने बधाई दी। उन्होंने पूरे देश की ओर से चुनाव आयोग, उसके अधिकारियों , कर्मचारियों , मतदान के प्रबंधन और पर्यवेक्षण में शामिल अन्य अधिकारियों, पुलिस तथा सुरक्षा कर्मियों, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बड़ी संख्या में चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाले मतदाताओं की भी सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पूरी तरह से हमारे संविधान और देश की गहरी तथा मजबूत लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है।

**पड़ोसी देश भी शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल**

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के नई दिल्ली में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण के समारोह में शामिल होने के लिए शुक्रवार को ढाका से रवाना होने की उम्मीद है। राजनयिक सूत्रों ने बताया कि हसीना ने बुधवार को मोदी से फोन पर बात की थी। हसीना शुक्रवार शाम चार बजे नई दिल्ली के लिए ढाका से रवाना होंगी। वहीं श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार शाम को मोदी को जीत की बधाई दी। श्रीलंकाई राष्ट्रपति कार्यालय के मीडिया प्रभाग ने ‘एक्स’ पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को आमंत्रित किया जिसे स्वीकार कर लिया गया है। वहीं मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भूटान , नेपाल और मॉरीशस के शीर्ष नेताओं के भी शामिल होने की उम्मीद है।

## चंद्रबाबू नायडू 12 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

विजयवाड़ा, एजेंसी

- चौथी बार संभालेंगे आंध्र प्रदेश में सरकार की कमान
- मोदी सहित नई कैबिनेट के कई मंत्री भी रहेंगे मौजूद



तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। तेदेपा पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं विधायक गोरंटला बुचैया चौधरी ने गुरुवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि विधायक दल का नेता चुनने के लिए 11 जून को विधायक दल की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नए केंद्रीय कैबिनेट के कई सदस्य भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि नायडू भी दिल्ली में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। चौधरी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजधानी क्षेत्र अमरावती में किया जाएगा लेकिन जगह फिलहाल तक तय नहीं है। नायडू का शपथ ग्रहण समारोह पहले 9 जून को होने वाला था लेकिन मोदी के नेतृत्व में नई केंद्रीय सरकार के शपथ ग्रणह समारोह को देखते हुए इसे टाल दिया गया।

उल्लेखनीय है कि चंद्रबाबू नायडू चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने जा रहे है। इससे पहले उन्होंने 1 सितंबर 1995, 11 अक्टूबर 1999 और 8 जून 2014 को तीन बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। 2019 में वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने जीत दर्ज कर उनसे सत्ता छीन ली थी। सूत्रों के मुताबिक, नायडू शपथ ग्रहण के दिन अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने का एलान कर सकते हैं। 2 जून को हैदराबाद को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की संयुक्त राजधानी रखने के लिए 10 साल का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया। अभी आंध्र देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसकी कोई राजधानी नहीं है।

**आंध्र सरकार के मुख्य सचिव छुट्टी पर गए**

आंध्र प्रदेश में अचानक बदले घटनाक्रम में राज्य सरकार के मुख्य सचिव के एस जवाहर रेड्डी गुरुवार को छुट्टी पर चले गए। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख ने मुख्य सचिव को छुट्टी पर जाने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने छुट्टी के लिए आवेदन किया और उसे मंजूरी दे दी गई।

## महिला सिपाही ने कंगना रनौत को मारा थप्पड़

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी



- चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पेश आया वाकया
- सीआईएसएफ ने सिपाही को किया निलंबित

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला सिपाही ने गुरुवार को दिल्ली जा रहीं भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया। अधिकारियों ने बताया कि महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कंगना के विमान में सवार होने से पहले हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ सिपाही ने अभिनेत्री को थप्पड़ मारा। वहीं, कंगना ने एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि दिल्ली जाते वक्त चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक महिला सिपाही ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ गाली-गलौज की। कंगना ने एक वीडियो बयान पोस्ट किया। जिसमें कहा कि वह सुरक्षित और ठीक हैं, लेकिन पंजाब में बढ़ते आतंकवाद को लेकर चिंतित भी हैं।

**चीनी वीजा घोटाला**

## दिल्ली की कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम को दी जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को गुरुवार को जमानत दे दी। कार्ति एक समन की तामील करते हुए अदालत में पेश हुए थे और ईडी तथा सीबीआई के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उन्हें राहत प्रदान की। अदालत ने इससे पहले मामले में ईडी की ओर से दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ समन जारी किया था।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की खुदकुशी

कोटा, एजेंसी

- इमारत की नौवीं मंजिल से कूदी, अस्पताल में मौत
- मध्य प्रदेश के रीवा जिले की रहने वाली थी बागीशा

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी (नीट-यूजी) के परिणाम घोषित होने के एक दिन बाद ही राजस्थान के कोटा में 18 वर्षीय एक अभ्यर्थी ने एक इमारत की नौवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मृतका की पहचान बागीशा तिवारी के रूप में हुई है और वह इसी इमारत की पांचवीं मंजिल पर अपनी मां और भाई के साथ रहती थी। पुलिस ने बताया कि उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मूलरूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले की निवासी बागीशा तिवारी कोटा के एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी की तैयारी कर रही थी। जवाहर नगर पुलिस थाने के सर्किल इंस्पेक्टर हरिनारायण शर्मा ने बताया कि उसका भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है और वह संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मंगलवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित किए थे।

## तिहाड़ में भिड़े कैदी, एक घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- टिल्लू ताजपुरिया व गोगी गिरोह के कैदियों के बीच हुई मारपीट
- घायल कैदी अस्पताल में भर्ती हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

तिहाड़ जेल संख्या 3 में टिल्लू ताजपुरिया और गोगी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई भिड़ंत में एक कैदी को नुकीला सुआ घोपकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी हितेश घायल हुआ है और उसे उपचार के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि जेल के अंदर बुधवार सुबह करीब 11:15 बजे गोगी गिरोह के सदस्य हितेश और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो अन्य सदस्यों के बीच कथित तौर पर झगड़ा हुआ था। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि हितेश को बर्फ तोड़ने वाला नुकीला सुआ घोपा गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि बुधवार को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की ओर से हरि नगर पुलिस थाने को सूचना मिली कि तिहाड़ जेल से एक घायल व्यक्ति को अस्पताल लाया गया है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की पड़ताल की। उन्होंने कहा कि हितेश पर हमला करने वालों के नाम गौरव लोहरा और गुरिंदर के तौर पर सामने आए हैं। फिलहाल हमलावरों की पहचान की पुष्टि जांच का विषय है। हितेश घायल हुआ है और उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि हितेश वर्ष 2019 से जेल में है, जबकि गौरव और गुरिंदर पर हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में मुकदमा चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने कहा कि जख्मों को देखते हुए आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जेल के अंदर के सूत्रों ने बताया कि हितेश अन्य कैदियों से बात कर रहा था, तभी दोनों वहां पहुंचे और उससे बहस शुरू कर दी। जल्द ही बहस हाथापाई में बदल गई और आरोपियों में से एक ने उस पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से हमला कर दिया। गैंगस्टर ताजपुरिया की पिछले साल मई में इसी जेल में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी।

## शिवपाल हो सकते हैं विस में नेता प्रतिपक्ष

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार



- अखिलेश यादव छोड़ेंगे विधायक पद, करेंगे केंद्र की राजनीति

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में पार्टी की उत्तर प्रदेश में शानदार जीत के बाद अब संसद में बैठकर राज्य के मुद्दों को उठाएंगे।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि कन्नौज से सांसद चुन लिए जाने के बाद अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट की सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं। उनकी जगह शिवपाल यादव को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय अखिलेश यादव ही लेंगे। दरअसल, उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव तक केंद्र की राजनीति में अखिलेश की सक्रियता बढ़ने वाली है। पार्टी नेताओं का मानना है कि दिल्ली में बैठकर अखिलेश यादव देश की राजनीति में अहम़ भूमिका निभा सकते हैं। इस लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और 37 सीटें जीतने के साथ सपा देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी। सपा का मत प्रतिशत भी राज्य में बढ़कर 33 प्रतिशत हो गया है।

मालूम हो कि अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक हैं और अब कन्नौज से सांसद भी बन चुके हैं। नियमानुसार अखिलेश यादव को कोई एक पद छोड़ना होगा। सूत्रों के मुताबिक विधायक पद छोड़ने के बाद करहल विधानसभा सीट पर उप चुनाव होगा, जिसमें परिवार से ही उम्मीदवार उतारे जाने की संभावना है।

## समय-सीमा तय कर विभागों में रिक्त पदों पर हो भर्तियां

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए निर्देश, सभी विभागों से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक, विभागवार प्रगति की ली जानकारी



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी महकमों की प्रगति टटोलनी शुरु कर दी है।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पदों को चयन प्रक्रिया की समयसीमा तय कर भरने को कहा। मुख्यमंत्री के अनुसार, जिन भी विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का अच्छे से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। मुख्यमंत्री ने बैठक में अफसरों से स्पष्टतौर पर कहा कि अपर मुख्य सचिव हों या प्रमुख सचिव, सभी अपने-अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना और सभी प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। इसलिए समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है।

विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें।

**बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो**

योगी ने कहा, तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तुरंत खुद मौके पर पहुंचें।

**जीएसटी संग्रह का लक्ष्य तय करें**

मुख्यमंत्री ने कहा, जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को लक्ष्य दें। इनके प्रदर्शन को ही इनकी पदोन्नति, पदस्थापना का आधार बनाया जाना चाहिए। तकनीक का प्रयोग बढ़ाएं, कर चोरी किसी भी दशा में न हो।



# नासाउ की पिच खिलाड़ियों के लिए खतरा

## ड्रॉप इन पिच की हो रही है आलोचना, आयरलैंड के खिलाफ मैच में रोहित को लगी चोट गंभीर नहीं, आईसीसी मौन

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बाजू पर लगी चोट पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच से पहले ठीक होने की उम्मीद है लेकिन अमेरिका में क्रिकेट के प्रचार के लिए अहम माने जा रहे टी-20 विश्व कप के इस मुकाबले से पहले नासाउ काउंटी की खुली दरारों वाली खतरनाक पिच सभी के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन समेत कई दिग्गजों ने पिच पर सवाल उठाए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि विश्व कप मैच कराने से पहले इस पर कुछ अभ्यास मैच क्यों नहीं खेले गए। रोहित को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान तेज गेंदबाज जोश लिटिल की गेंद दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में लगी थी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। ऋषभ पंत को भी बायीं कोहनी में बाउंसर लगा था।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया रोहित की चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने खुद कहा है कि यह मामूली घाव है। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच तक ठीक हो जाएंगे। उससे पहले दो अभ्यास सत्र भी खेले जाने हैं। एडीलेड से खास विश्व कप के लिए यहां लाई गई पिच की काफी आलोचना हो रही है। भारत को इस स्टेडियम में दो मैच और खेलने हैं। भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत में फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहे इरफान पठान ने पिच को असुरक्षित बताया। उन्होंने कहा हम अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहते हैं लेकिन यह पिच खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर भारत में इस तरह की पिच होती तो लंबे समय तक वहां दोबारा मैच नहीं खेला जाता। हम विश्व कप की बात कर रहे हैं, किसी द्विपक्षीय श्रृंखला की नहीं।

वहीं भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि हम उसी पर नियंत्रण कर सकते हैं जो हमारे बस में है। यह चुनौतीपूर्ण विकेट है और हमें ऐसी ही आशा थी क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था। हमें इससे निपटने का तरीका तलाशना होगा। टीम में कौशल की कमी नहीं है और पर्याप्त अनुभव भी है। हमें कोई दिक्कत नहीं होगी। आईसीसी ने अभी तक पिच की आलोचना को लेकर कोई बयान नहीं दिया है।

भारतीय टीम प्रबंधन कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करने वाला लेकिन पिच को लेकर नाराजगी जाहिर है। सूत्र ने कहा यह ताजा पिच है। इस पिच पर कुछ अभ्यास मैच होने चाहिए थे। यह टी-20 की विकेट नहीं है और चारों पिचें ऐसी ही है। शुक्र है कि रोहित या ऋषभ पंत को गंभीर चोट नहीं लगी और वे ठीक हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर को जसप्रीत बुमराह की गेंद दस्तानों से होकर हेलमेट पर लगने के कारण कनकशन टेस्ट से गुजरना पड़ा। पिच की गुणवत्ता को लेकर आईसीसी के नियम स्पष्ट हैं। टूर्नामेंट के बाद समीक्षा की जाएगी। जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और मशहूर कोच एंडी फ्लावर ने भी पिच की आलोचना करते हुए कहा मुझे कहना ही होगा कि अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यह पिच सही नहीं है। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले भी खतरनाक पिचें देखी है लेकिन यहां तैयारी में कुछ गड़बड़ हुई है। पिच या तो तैयार नहीं थी या कुछ ऐसा है जो उनके काबू में नहीं है।



### बीसीसीआई के पूर्व क्यूरेटर ने न्यूयॉर्क की पिचों की आलोचना की

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह टी-20 विश्व कप के लिए न्यूयॉर्क में उपयोग लाई जा रही ड्रॉप इन पिचों की खराब स्थिति से हैरान हैं। भारत को न्यूयॉर्क में विश्व कप के तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ 9 जून को होने वाला मैच भी शामिल है। भारत और आयरलैंड के बीच खेले गए मैच के दौरान पिच से मिल रही असमान उछाल और दरारों ने लोगों का ध्यान खींचा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को जोश लिटिल की तेजी से उठती गेंद पर घायल होने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। ऐसे में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। बीसीसीआई के साथ दो दशक से भी अधिक समय तक काम करने वाले दलजीत ने कहा पिच बेहद खराब हैं। ड्रॉप इन पिच को काफी पहले लगाया जाना चाहिए। इस पर अलग-अलग तरह के रोलर का उपयोग किया जाना चाहिए था। ऐसा लगता है कि पिच को अच्छी तरह से तैयार नहीं किया गया। यह खराब गुणवत्ता वाली पिच हैं जिन्हें तैयार नहीं किया गया। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया में बनी 10 ड्रॉप इन पिच को मई के पहले सप्ताह में न्यूयॉर्क पहुंचाया था। इन सभी पिच को एडिलेड ओवल के क्यूरेटर डेमियन हाफ ने तैयार किया था। दलजीत ने कहा इन पिचों को तीन महीने पहले ही स्थापित किया जाना चाहिए था। इसके बाद उनमें अलग-अलग तरह से रोलिंग की जानी चाहिए थी। कुछ दिन का ब्रेक लेकर इसी प्रक्रिया को दोहराया जाना चाहिए था। इन पिच में असमान उछाल है जो टी20 के लिए आदर्श नहीं है।

### पाकिस्तान के खिलाफ क्या अपेक्षा की जाए: वॉन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा अमेरिका में क्रिकेट का प्रचार अच्छी बात है लेकिन इसके लिएए खिलाड़ियों को इस तरह की पिच पर खिलाना अस्वीकार्य है। आप विश्व कप खेलने के लिए काफी मेहनत करते हैं और फिर इस तरह की पिच पर खेलना पड़ता है। पिच के स्वभाव से रोहित हैरान हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि वह नहीं जानते कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में इससे क्या अपेक्षा की जाए।

### हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित



**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित ने शर्मा ने कहा कि मैच में लगी चोट मामूली है और हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आयरलैंड पर आठ विकेट से जीत के बाद रोहित शर्मा अपनी चोट के बारे में कहा यह मामूली चोट है। यह एक नया मैदान है। हम यह देखना चाह रहे थे कि यह यह पिच कैसी है। मुझे नहीं लगता है कि दूसरी पारी में पिच आसान हो गई थी। पिच पर गेंदबाजो के लिए काफी मदद थी। अर्शदीप दाएं हाथ के बल्लेबाजो के लिए गेंद को अंदर ला सकते हैं। वहीं से हमें एक अच्छी लय मिल गई। ऐसी परिस्थितियों में आपको अपने बेसिक्स पर कायम रहना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि हम इस मैदान पर कभी भी चार स्पिनर के साथ उतरेंगे। अगर पिच में तेज गेंदबाजों के लिए मदद रहेगी तो हम उन्हें टीम में शामिल करेंगे। यह टूर्नमेंट जैसे-जैसे आगे बढ़ता जाएगा, हमारे स्पिनर गेम में आएंगे। मुझे उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाफ भी हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## खेल डायरी

### इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य



**जकार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंता निशिमोतो को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सेन ने प्री क्वार्टर फाइनल में 21-9, 21-15 से जीत दर्ज की। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हालांकि महिला युगल में हारकर बाहर हो गईं। उन्हें जापान की मायु मत्सुमोतो और वाकाना नागाहारा के हाथों 21-19, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को दक्षिण कोरिया की हा ना बाएक और सो ही ली ने 21-13, 19-21, 21-13 से हराया जिससे महिला युगल में भारत की चुनौती खत्म हो गई। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी की टक्कर चीन की सिवेइ झेंग और याकिओंग हुआंग से होगी। पुरूष एकल में प्रियांश राजावत का सामना थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से होगा।

### प्रज्ञानानंदा का सामना नौवे दौर में कारूआना से



**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवे दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से खेलेंगे। भारत के प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल से दो मैच और आर्मागेडोन से दो मैच जीते और वह तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। आर्मागेडोन में हालांकि उन्हें तीन पराजय भी झेलनी पड़ी। कार्लसन 14 .5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के हिकारू नकामूरा उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे एक अंक पीछे हैं। आखिरी दौर में उनका सामना नकामूरा से होगा और दो ड्रॉ से उनका दसवें स्थान पर बने रहना तय हो जाएगा। कार्लसन का सामना अगले दौर में अलीरजा से और फिर कारूआना से होगा। महिला वर्ग में वेंजुन जू 14 .5 अंक लेकर यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से डेढ अंक आगे हैं। भारत की आर वैशाली और चीन की तिंगजी लेइ तीसरे स्थान पर हैं जिनके 11 .5 अंक हैं। कोनेरू हम्पी 8 .5 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। वैशाली का सामना नौवे दौर में लेइ से होगा जबकि हम्पी जू से खेलेगी।

### सरबजोत ने निशानेबाजी विश्व कप में जीता स्वर्ण

**म्यूनिख।** सरबजोत सिंह ने गत विश्व चैंपियन और चार बार के ओलंपियन की मौजूदगी वाली पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदक का खाता खोला। भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242 .7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0 .2 अंक से पछाड़ा। जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता। सरबजोत ने बुधवार को क्वालीफाइंग में 588 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में गत विश्व चैंपियन चीन के बोवेन झेंग और तुर्की के चार बार के ओलंपिक यूसुफ डिकेक भी चुनौती पेश कर रहे थे। सरबजोत ने हालांकि फाइनल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीता।

# कनाडा के खिलाफ आयरलैंड को अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



भारत के खिलाफ पहले मैच में मिली हार के बाद आयरलैंड को कनाडा जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ शुक्रवार को अपने अभियान को ढर्रे पर लाना है तो एंडी बालबर्नी, पॉल स्टर्लिंग और हैरी टेक्टर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आयरलैंड को पहले मैच में भारत ने आठ विकेट से हराया जबकि कनाडा को सह मेजबान अमेरिका ने सात विकेट से मात दी।

आठवीं बार टी-20 विश्व कप खेल रही आयरलैंड टीम अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है हालांकि उसके कई प्रमुख खिलाड़ी इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलते हैं। अभी तक आयरलैंड एक ही बार 2009 में सुपर 8 चरण में पहुंचा। बालबर्नी और कप्तान स्टर्लिंग के पास कुल मिलाकर 250 टी-20 मैचों का अनुभव है लेकिन वे टीम को नासाउ काउंटी स्टेडियम पर अच्छी शुरूआत नहीं दिला सके। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और ऋषभ पंत की उम्दा पारियों के दम पर जीत दर्ज की। अब तक 77 टी-20 मैच खेल चुके टेक्टर भी आयरलैंड को 100 रन के पार नहीं ले जा पाए। इस मैदान पर दो दिन के भीतर दूसरा मैच खेल रही आयरलैंड टीम अपनी गलतियों से सबक लेना चाहेगी। दूसरी ओर विश्व कप में पहली बार खेल रही कनाडा टीम को ग्रुप ए के पहले मैच में डलास में अमेरिका ने हराया। कनाडा ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मैच दस विकेट से जीता था।

### बराबरी के मुकाबले में भिड़ेंगी स्कॉटलैंड और नामीबिया की टीम

**ब्रिजटाउन।** ओमान के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत नामीबिया का सामना अब शुक्रवार को स्कॉटलैंड से होगा। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। स्कॉटलैंड ने हालांकि गत चैंपियन टीम के खिलाफ अपनी प्रतिभा की बानगी दी थी लेकिन बारिश के कारण अंक बांटने पड़े। नामीबिया का भरोसा कप्तान गेरहार्ड इरास्मस और हरफनमौला डेविड वीसे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर रहेगा। उनके पास पिछले दो टी-20 विश्व कप का अनुभव है। इसके अलावा नामीबिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले तीन टी20 मैच भी जीते हैं जिससे उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त मिलेगी।

# रोजर-वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने जीता मिश्रित युगल खिताब



‹‹जर्मनी की लॉरा सीजमंड और फ्रांसेस एडौर्ड रोजर-वासेलिन, बाएं, अमेरिका के डेसिरे क्रॉस्जिक और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की के खिलाफ मिश्रित युगल फाइनल मैच में जीत का जश्न मनाते हुए।

**पेरिस, एजेंसी**

एडवर्ड रोजर- वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने गुरुवार को यहां नील स्कुपस्की और डिजायर क्रॉजिक की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीता।

पहली बार किसी टूर्नामेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे फ्रांस के रोजर-वेसेलिन और जर्मनी की सिगेमुंड ने स्कुपस्की और क्रॉजिक की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराया। चालीस साल के रोजर-वेसेलिन का यह पहला मिश्रित युगल खिताब है। अमेरिका की क्रॉजिक और ब्रिटेन के स्कुपस्की एक साथ मिलकर 2021 और 2022 में दो विंबलडन मिश्रित युगल खिताब जीत चुके हैं। पुरुष युगल फाइनल शनिवार को जबकि महिला युगल फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

वहीं, एक अन्य मुकाबले में भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन गुरुवार को सेमीफाइनल में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी की जोड़ी से हारकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# स्टोइनिस के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**



मार्कस स्टोइनिस के आक्रामक अर्धशतक और तीन विकेट की बदौलत गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अपने अभियान का आगाज ओमान पर 39 रन की जीत के साथ किया। स्टोइनिस ने 36 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए जिसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 164 का स्कोर बनाया। डेविड वॉर्नर ने भी 56 रन की पारी खेली। इसके बाद स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ओमान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस ने 28 रन देकर और आईपीएल स्टार मिचेल स्टार्क ने 20 रन देकर दो-दो विकेट लिए। स्टार्क ने ओमान की पारी की तीसरी गेंद पर प्रतीक अठावले (0) को आउट कर दिया। मैदानी अंपायर द्वारा नॉट आउट दिये जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें फैसला उसके पक्ष में रहा। अयान खान ने 30 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाए और सातवें विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की। इससे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। ट्रेविस हेड (12) और कप्तान मिचेल मार्श (14) सस्ते में आउट हो गए। अनुभवी हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल का खराब फॉर्म जारी रहा जो खाता भी नहीं खोल सके। मेहरान की गेंद पर इलयास ने उनका बेहतरीन कैच लपका। स्टोइनिस और वॉर्नर ने चौथे विकेट के लिए 64 गेंद में 102 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 50 रन था जिसके बाद इन दोनों ने पारी को संभाला। वॉर्नर 56 रन की पारी के साथ ही टी-20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन (3,120) बनाने वाले बल्लेबाज हो गए जिन्होंने पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पछाड़ा। दूसरी ओर स्टोइनिस ने 36 गेंद की अपनी पारी में दो चौके और छह छक्के लगाए।

# सुनील छेत्री खेल के लीजैंड हैं: मोडरिच



**कोलकाता।** क्रोएशिया के कप्तान और रियल मैड्रिड के सुपरस्टार लुका मोडरिच ने भारतीय कप्तान सुनील छेत्री की तारीफ करते हुए उन्हें फुटबॉल का लीजैंड बताया। उन्होंने भारतीय टीम से छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को यादगार बनाने का भी आग्रह किया। छेत्री कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने मोडरिच का वीडियो मैसेज साझा किया है जिसमें उन्होंने कहा है हैलो सुनील। मैं बस तुमको हैलो बोलना और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिये शुभकामना देना चाहता हूं। वर्ष 2018 में बलोन डिओर जीतने वाले मोडरिच ने कहा तुम खेल के लीजैंड हो। ऐसे कैरियर पर बधाई। उम्मीद है कि तुम्हारे साथी खिलाड़ी इस आखिरी मैच को खास और यादगार बनाएंगे। टीम को शुभकामनाएं और अपने कप्तान के लिए मैच जीतो। क्रोएशिया से शुभकामनाएं। स्टिमक ने मोडरिच को इस संदेश के लिए धन्यवाद दिया।



### सैयद रहीम नबी बोले छेत्री के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ना मुश्किल



**कोलकाता।** भारत के पूर्व मिडफील्डर सैयद रहीम नबी ने गुरुवार को यहां सुनील छेत्री की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्टार फुटबॉलर ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा। नबी ने यहां कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच से पहले कहा छेत्री ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा। आईएम विजयन की जगह बाईचुंग भूटिया ने ली थी और भूटिया की जगह छेत्री ने ली थी। छेत्री की जगह भी कोई खिलाड़ी ले लेगा लेकिन उनका रिकॉर्ड क्या शानदार है। छेत्री और नबी ने भारत की तरफ से कई मैच एक साथ खेले हैं। कुवैत के खिलाफ मैच सुनील छेत्री का अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा।

**दिग्गजों की राय** | रिकी बोले- आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता है ऑस्ट्रेलियाई टीम को

# मानसिकता से जुड़ा है भारत का खिताब न जीत पाना : पोंटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता था और दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि भारत को भी आईसीसी खिताब का सूखा दूर करने के लिए मानसिक बाधाओं से पार पाकर ऐसा ही कुछ करना होगा।

क्रिकेट की महाशक्ति भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आईसीसी खिताब जीता था। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप में न्यूयॉर्क में आयरलैंड को हराकर शानदार शुरूआत की। न्यूयॉर्क से पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को अपने प्रशंसकों के जबर्दस्त दबाव से निपटने का तरीका तलाशना होगा। आपको स्पष्ट रहना होगा कि फोकस टूर्नामेंट पर है ना कि बाहरी दबाव के बारे में चिंता करने पर या बहुत अधिक आगे की सोचने पर भारतीय टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि विश्व कप जीतना आसान नहीं होता।

पोंटिंग ने कहा इसका संबंध मानसिकता से है। आप दबाव का सामना कैसे करते हैं। दबाव के हालात में आप कैसे सोचते हैं इसी में जीत और हार का अंतर होता है। उन्होंने कहा विश्व कप में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को हर समय अच्छा खेलना होता है। भारतीय टीम के पास ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका जैसे पावर हिटर भले ही नहीं हो लेकिन पोंटिंग का मानना है कि वेस्टइंडीज के हालात में खेलने के लिए उनके पास पर्याप्त प्रतिभा है। नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होने हैं। पोंटिंग ने कहा सब कुछ पावर हिटिंग ही नहीं होता स्ट्राइक रेट भी अहम है। भारतीय बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट किसी से कम नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया के पास मार्श, स्टोइनिस, मैक्सवेल या कैमरन ग्रीन हैं तो दक्षिण अफ्रीका के पास स्टब्स, क्लासेन या डेविड मिलर हैं। इनके पास ताकत है लेकिन भारतीय टीम में देखें तो सूर्यकुमार यादव किसी भी मैदान पर रन बनाने में सक्षम है। उन्होंने कहा ऋषभ पंत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उनके पास हार्दिक पंड्या भी है। उनकी बल्लेबाजी बाकी टीमों की तरह ही खतरनाक है। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल खेलेंगे।

### बाबर पर रहेगा दबाव, पाकिस्तान के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार : लतीफ

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि टी-20 विश्व कप में रविवार को होने वाले मैच में भारत जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा क्योंकि उसकी टीम अधिक संतुलित है। लतीफ ने इसके साथ ही कहा कि न्यूयॉर्क में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर दबाव रहेगा। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा हम सभी का ध्यान भारत के खिलाफ 9 जून को होने वाले मैच पर है। बाबर पर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन के बजाय भारत के खिलाफ होने वाले मैच के कारण दबाव में रहेगा, लेकिन उन्हें दबाव झेलना सीखना होगा। उन्हें विराट और रोहित से सीखना चाहिए। वे जानते हैं कि खेल को कैसे आगे बढ़ाया जाता है। बल्लेबाज के रूप में बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल है लेकिन जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उन्हें अभी काफी कुछ सीखने की जरूरत है।



लतीफ ने कहा कि भारत के पास बहुत अच्छे स्पिनर हैं और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम रविवार को होने वाले मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। कुलदीप यादव एक ऐसा खिलाड़ी है अगर वह फिट रहता है तो पूरे विश्व कप में बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। वह भारत के लिए महत्वपूर्ण गेंदबाज है और उन्होंने अच्छी सफलताएं भी हासिल की हैं। वर्तमान फॉर्म को देखते हुए 9 जून को होने वाले मैच में भारत निश्चित तौर पर जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### मां की मौत के सदमे में युवक ने जान दी

**चित्रकूट।** शिवरामपुर चौकी के अंतर्गत पथरौड़ी गांव निवासी विनोद कुमार ने मां के वियोग में जान दे दी। परिजनों ने बताया कि विनोद की मां का बीते दिनों निधन हो गया था। इसके बाद उसकी मानसिक हालत खराब हो गई थी। गुरुवार को उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया पर रास्ते में ही उसकी सासें थम गईं।

### हत्या के प्रयास का आरोपी पकड़ा, आलाकत्ल बरामद

**मऊ (चित्रकूट)।** थाने के एसआई कृपानंदन शर्मा ने हत्या के प्रयास में नामजद आरोपी रज्जन पासी पुत्र ललुआ निवासी सुरौंधा को पकड़ा। पुलिस ने इससे आलाकत्ल चाकू भी बरामद किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में आरक्षी प्रवीण कुमार पांडेय शामिल रहे।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान के लिए करें आवेदन

**चित्रकूट।** उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केशरवानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कारीगरों के कौशल उन्नयन के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू की है। आवेदन ऑनलाइन वेबसाइट पर किया जा सकता है। अंतिम तिथि 20 जून है।

# दोनों जिलाध्यक्षों की थी अग्निपरीक्षा, सफल हुए शिवशंकर

**भाजपा और सपा के जिलाध्यक्षों से बातचीत**

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी की जिला इकाइयों में एक तथ्य की समानता है। दोनों ही पार्टियों के जिलाध्यक्षों के लिए यह पहला बड़ा चुनाव था। इस अग्निपरीक्षा में विजयश्री सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव को मिली तो भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी को मायूस होना पड़ा। प्रस्तुत है दोनों जिलाध्यक्षों से बातचीत, जिसमें दोनों ने खुलकर वजहें गिनाईं। एक ने जीत की तो दूसरे ने हार की।

**सजग रहे और काम नहीं आया भाजपा का दबावः शिवशंकर :** सपा ने अनुज सिंह यादव के बाद शिवशंकर यादव को जिले में पार्टी की कमान थमाई। शिवशंकर की अगुवाई में पार्टी ने पहला चुनाव नगरपालिका का लड़ा। पार्टी प्रत्याशी जागेश्वर प्रसाद को भाजपा के नरेंद्र गुप्ता ने पराजित किया और लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बने। हालांकि उस चुनाव को छोड़ दिया जाए तो शिवशंकर के लिए यह पहला बड़ा चुनाव था, जिसमें उनको अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करना था। और इसमें वह खरे भी उतरे। तमाम झंझावतों और पार्टी की अंतर्कलह से जूझते हुए शिवशंकर ने पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। शिवशंकर ने बताया कि भीषण गर्मी में वह, पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी के लिए समर्थन जुटाते रहे और उसका नतीजा सामने है। उन्होंने कहा कि इस बात की पूरी आशंका थी कि प्रशासन भाजपाइयों के दबाव में कुछ कर सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर वे लोग सजग थे, इसलिए ऐसा नहीं हो सका। जब उनसे यह कहा गया कि आप और भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की यह पहली अग्निपरीक्षा थी और इसमें वह विजयी रहे तो शिवशंकर ने हंसते हुए बताया कि लवकुश को उनकी पत्नी ने 2015 में परसौंजा से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव हराया था। शिवशंकर ने यह मानने से इंकार किया कि ब्राह्मण समुदाय ने पूरी तरह से भाजपा को खारिज किया। उन्होंने बताया कि जब तिरहार के मतों की गिनती हो रही थी कि तब भाजपा प्रत्याशी आगे चल रहे थे। ऐसे में यह कैसे कह सकते हैं कि ब्राह्मणों ने भाजपा को वोट नहीं दिया। हां यह जरूर है कि 80 से 85 फीसदी पटेल बिरादरी ने सपा को समर्थन दिया। शिवशंकर ने यह जरूर माना कि पार्टी में कुछ दिक्कतें भी रहीं।

## मूल्यों की गिरावट वाला रहा यह चुनावः लवकुश

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव राष्ट्रवाद बनाम जातिवाद का रहा। जिले में लोगों ने राष्ट्रवाद की जगह जातिवाद को महत्व दिया। यह चुनाव मूल्यों की गिरावट वाला रहा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों, जिनको पार्टी ने पद प्रतिष्ठा और मान दिया, भीतरघात किया। अगर उनको यह करना था तो पार्टी छोड़ देते। इनको यह सोचना चाहिए था कि कोई प्रत्याशी नहीं बल्कि चुनाव पार्टी का होता है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा, जिनको पार्टी ने सांसद बनाया, विधायक बनाया, जिनको और कुछ बनाया उन्होंने ही पार्टी का नुकसान कर दिया। जिलाध्यक्ष की संगठन को लेकर टीस भी बातों में सामने आई। बोले, चंद्रिका जी के जमाने की पराजित टीम को भी वह नहीं बदल पाए। अपने हिसाब से पदाधिकारी नहीं चुन पाए, इसका भी खामियाजा भुगतना पड़ा। वर्ना नतीजा कुछ और होता। सोशल मीडिया के जमाने में पुराने वीडियो को लाकर वायरल किया गया, जिससे पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ हवा बनी। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि कुछ लोग जिले में पद और प्रतिष्ठा पाकर भी पार्टी को नुकसान पहुंचाने में लगे हैं। ऐसे लोगों को चिह्नित कर लिया गया है। जिस तरह विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को हराने में इन लोगों ने भूमिका निभाई थी, उसी तरह इस बार भी किया। ऐसे लोगों पर कार्रवाई तो होगी पर इनकी अंतर्रात्मा भी धिक्कारेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पता नहीं कहां से पैसा आया पर अन्य दलों के लोगों ने पैसा बंटवाया, शराब बंटवाई। भाजपा प्रत्याशी का बचाव करते हुए उनका कहना था कि पटेल जी (आरके सिंह पटेल) ने कभी किसी का अपमान नहीं किया। उनके बारे में कई तरह की बातें की गईं। ब्राह्मण मतों के सवाल पर लवकुश का कहना था कि अब किसी पार्टी का कोई कैडर वोट नहीं होता। भाजपा हिंदुत्व को लेकर चल रही है। भावुक लवकुश का कहना था कि वह जिलाध्यक्ष के नाते इस हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हैं पर यह भी है कि जिन लोगों ने पद प्रतिष्ठा सम्मान पाने के बाद भी पार्टी से गद्दारी की उनकी अंतर्रात्मा धिक्कारेगी क्योंकि आत्मा ही सबसे बड़ा कानून है।


लवकुश चतुर्वेदी।

## बढ़िया रहा है शिवशंकर यादव का ट्रैक रिकार्ड

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● अभी तक खुद कोई चुनाव नहीं हारे सपा जिलाध्यक्ष

**अमृत विचार।** सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव का चुनावी ट्रैक रिकार्ड बढ़िया रहा है। वह अब तक कोई चुनाव नहीं हारे। उनको चुनावी रणनीति में महारत हासिल है, यह बात उनके धुर विरोधी भी मानते हैं।

1995 में शिवशंकर ने पहला चुनाव उप प्रधानी (ग्रामसभा सदस्य) का लड़ा और जीते। वह बताते हैं कि इसके बाद 2002 में उनकी पत्नी मैना देवी बनकट से ऐतिहासिक मतों से जीतकर प्रधान बनीं। 2005 में वह प्रधानी जीते। 2010 में कर्वी माफी से वह जिला पंचायत सदस्य चुने गए। 2013 में जिला पंचायत अध्यक्ष बने। 2015 में वह रसिन से और पत्नी परसौंजा से जिला पंचायत सदस्य चुनी गईं। इसके बाद उनकी पत्नी निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। बताया कि उनकी बहू विमला यादव वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं। शिवशंकर कहते हैं कि लोगों का प्यार और ईश्वर का आशीर्वाद है कि वह अभी तक कोई भी चुनाव हारे नहीं हैं। उन्होंने बताया कि उनका अगला लक्ष्य अब आगामी विधानसभा चुनाव है और जिला इकाई उन जगहों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जहां संगठन कमजोर है। शिवशंकर बताते हैं कि चित्रकूट के साथ साथ मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में भी सपा का यह सबसे बढ़िया प्रदर्शन रहा। इसके पूर्व मानिकपुर में कभी भी सपा अव्वल नहीं रही।

आरके सिंह को जब भाजपा ने 2019 में बांदा-चित्रकूट सीट से लोकसभा प्रत्याशी बनाया तो सपा ने मानिकपुर सीट से निर्भय पटेल को टिकट दिया पर वह भाजपा के आनंद शुक्ला से हार गए। इसी प्रकार लोकसभा चुनाव के दौरान भी मानिकपुर से सपा प्रत्याशी को उल्लेखनीय मत नहीं मिले थे।


शिवशंकर सिंह।

# ओवरब्रिज पर भिड़ीं बाइकें अनुदेशक की गई जान

## साला व अन्य बाइकसवार भी गंभीर रूप से हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** शहर में बुधवार देर शाम ट्रैफिक चौराहे के पास ओवरब्रिज पर हुए भीषण हादसे में एक अनुदेशक की मौत हो गई। उसका साला व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ओवरब्रिज पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।


शैलेंद्र।

मूलरूप से राजापुर निवासी शैलेंद्र (35) पुत्र रामकृष्ण वर्तमान समय में रामनगर ब्लाक में देउंधा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अनुदेशक थे। वह पत्नी ममता के साथ रामनगर में ही किराये के मकान में रहते थे। ममता महात्मा ज्योतिबाराव फुले इंटर कालेज में पढ़ाती हैं।

बुधवार रात शैलेंद्र कर्वी के मोहल्ले नई दुनिया से साले सुरेश के साथ बाइक से पांडेय कालोनी जा रहे थे। इसी दौरान ओवर ब्रिज पर एक तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सुरेश ने राहगीरों के फोन से घर फोन मिलाया और हादसे की बात बताई। यातायात पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने शैलेंद्र को मृत घोषित कर दिया और दूसरे बाइक चालक, जिसका नाम नहीं पता चल सका, को प्राथमिक उपचार देने के बाद सतना रिफर कर दिया।

सुरेश का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। शैलेंद्र के पिता रामकृष्ण सेवानिवृत्त दारोगा हैं। परिजनों ने बताया कि शैलेंद्र की शादी बारह साल पहले हुई थी लेकिन बच्चे न होने से वह साले राजू के बेटे वशिष्ठ को अपने पास रखते थे।


ओवरब्रिज पर हुए दर्दनाक हादसे का मंजर। अमृत विचार

## पति की हत्यारोपी महिला की जमानत याचिका खारिज

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रेमी और उसके दोस्तों के साथ साजिश रचकर पति की हत्या की आरोपी विवाहिता समेत अन्य आरोपियों की जमानत याचिका प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने खारिज कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 18 फरवरी को भरतकूप थाने में रसिन गांव के मजरे फाटापुरवा निवासी रामशरण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बेटे रामबाबू की किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने विवेचना में पाया कि मृतक की पत्नी सविता पटेल के इलियास नामक युवक से अवैध संबंध थे।

इलियास व सविता की फोटो फेसबुक पर पोस्ट हो गई थी। इसको लेकर पांच-छह माह पूर्व पति रामबाबू और प्रेमी इलियास के बीच विवाद भी हुआ था। इसके बाद रामबाबू ने सविता पर पाबंदी लगा दी थी। इससे क्षुब्ध इलियास ने अपने दोस्त ललित किशोर, भाई बरकत अली और सविता के साथ मिलकर रामबाबू की हत्या की साजिश रची।



● प्रेमी के साथ साजिश रचने का आरोप

बीती 17 फरवरी को सविता ने अपने मायके से फोन के जरिए इलियास को बताया था कि उसका पति घर में अकेला है। इसके बाद ललित किशोर से तमंचा लेकर फैजल के साथ इलियास ने वहां जाकर बरामदे में सो रहे रामबाबू को गोली मार दी और सभी फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में सविता, इलियास के अलावा बरकत अली व ललित किशोर को गिरफ्तार किया था। अब तक सभी हत्यारोपी जेल में बंद हैं। आरोपियों ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया।

## अधिकारियों, उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पौधे रोपे

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बीते दिन कई जगहों पर पौधरोपण किया गया। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा और उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी पौधे रोपे। एसडीएम ने कहा कि वृक्ष वायु, ध्वनि और जल प्रदूषण रोकने में सहायक होते हैं।

एसडीएम ने इस मौके पर पौधरोपण की उपयोगिता समझाई। कहा कि प्रदूषणों को दूर करने के लिए पौधरोपण अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मानव जीवन को ऑक्सीजन देते हैं। पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए वृक्षों का संरक्षण, नदी तालाबों का अस्तित्व और जल संचयन आवश्यक है। चिंता जताई कि प्रदेश में पेड़ों की कटान के कारण पर्यावरण बड़ी तेजी से अशुद्ध हो रहा है। बताया कि जून माह में ग्रामीण क्षेत्रों में आठ हेक्टेयर में पौधरोपण का लक्ष्य है। इसकी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत सचिव, राजस्व लेखपालों और ग्राम प्रधानों को दी गई है। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल के सतीश मिश्रा, समाजसेवी महेंद्र मिश्रा, सत्यप्रकाश पांडेय, रामसजीवन यादव आदि मौजूद रहे। मऊ संवाददाता के अनुसार, पर्यावरणविद अभिनव राज त्रिपाठी ने आवास पर पौधरोपण किया। युवा पत्रकार विपुल पांडेय भी साथ रहे। सवर्ण आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने भी पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बरगढ़ संवाददाता के अनुसार, रेलवे स्टेशन एवम् थाने में पौधरोपण किया गया। रेलवे स्टेशन मास्टर संजय वर्मा, वनाधिकारी आरपी सिंह, थानाध्यक्ष राकेश मौर्य, ग्राम प्रधान कोलमजरा शोभनाथ प्रजापति आदि मौजूद रहे।


पौधरोपण करते एसडीएम प्रमोद झा।

### वृक्ष जीवन का आधार हैंः डॉ. जैन

**सीतापुर (चित्रकूट)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ. बीके जैन, श्री सद्गुरु शिक्षा समिति की अध्यक्ष ऊषा जैन, अमेरिका निवासी हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रकाश डी शाह और उनकी धर्मपत्नी सोना शाह आदि ने पौधे रोपे। डा. जैन ने लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसकी पूरी देखभाल करे। वृक्ष जीवन का आधार हैं। इस मौके पर डा. पूनम आडवाणी, एबीएस राजपूत, आरबी सिंह चौहान, देवेंद्र सचान, आरपी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पति की दीर्घायु के लिए वट वृक्ष का किया पूजन


वट वृक्ष की पूजा करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● बरगदाई अमावस्या पर तीर्थक्षेत्र में उमड़े श्रद्धालु

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह की बरगदी (बरगदाई) अमावस्या पर गुरुवार को तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर भगवान मत्यगजेंद्रनाथ का जलाभिषेक किया और कामदगिरि की परिक्रमा की। उधर, महिलाओं ने व्रत रखा और वटवृक्ष की पूजा अर्चना की। पति की दीर्घायु की कामना की।

ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं ने कामदगिरि की परिक्रमा की। महिलाओं ने भी पति की दीर्घायु की कामना लेकर वट वृक्ष की परिक्रमा की और सूत्रबंधन किया। राजापुर संवाददाता के अनुसार, तुलसीतीर्थ में भी महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा। खुशबू उपाध्याय, ममता आदि ने बताया कि सतयुग में सती सावित्री की पतिव्रता धर्म से प्रभावित होकर यमराज ने पति सत्यवान के प्राणों को मुक्त कर दिया था। सती सावित्री ने वट वृक्ष के सात फेरे लगाए जिससे सत्यवान जीवित हो उठा था। तभी से महिलाएं इस दिन व्रत रखती हैं।

## बेटी की शादी को तैयार नहीं पत्नी को घर से निकाला

**चित्रकूट।** इस समाज में अजब अजब मामले सामने आते हैं। एक पिता अपनी बेटी की शादी को तैयार नहीं था। जब पत्नी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर उसकी शादी करा दी तो गुस्से में पति ने पूरे परिवार को घर से निकाल दिया। परेशान महिला अपने बच्चों के साथ मायके में रहने को विवश है।

पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने पहुंची मानिकपुर थाने के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि वे चार बहन और एक भाई हैं। बताया कि पिता पैसा न होने की बात कहकर उन लोगों की शादी नहीं कर रहा। बताया कि मां ने किसी तरह अपने भाइयों की मदद से उसकी शादी करा दी तो गुस्साए पिता ने उसकी मां और भाई-बहनों को घर से निकाल दिया। अब मां बच्चों के साथ मायके में है। उसका कहना है कि पिता किसी को रखने को तैयार नहीं और मारपीट पर उतारू है। लोगों के समझाने का भी उस पर असर नहीं है। उसने बताया कि इसी बात को लेकर वह मां और पूरे परिवार के साथ एसपी से गुहार लगाने पहुंची है।

## सार-संक्षेप


मंदाकिनी की सफाई करते विद्यार्थी। अमृत विचार

### ग्रामोदय विवि के विद्यार्थियों ने की मंदाकिनी की सफाई

**सीतापुर (चित्रकूट)।** कुलपति प्रो. भरत मिश्रा की अगुवाई में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मंदाकिनी, स्फटिक शिला, आरोग्य धाम, नाना जी उपवन और रजत जयंती भवन प्रांगण में सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। मंदाकिनी नदी से कचरा और काई को निकाला। प्रो. आईपी त्रिपाठी, प्रो. जीएस गुप्ता, डा. वंदना पाठक, डा.साधना चौरसिया एवं डा. ललित सिंह आदि मौजूद रहे।

### अमावस्या के मद्देनजर रामघाट पर चेकिंग

**सीतापुर (चित्रकूट)।** अमावस्या के मद्देनजर प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकांत अरुण राय की अगुवाई में बांदा व प्रयागराज की एस चेक टीम एवं डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने रामघाट आरती स्थल, निर्मोही अखाड़ा, परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की। इस मौके पर कोई संदेहास्पद वस्तु नहीं पाई गई।

### एसपी आफिस के नाम से सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

**चित्रकूट।** रैपुरा थानांतर्गत नया चितरा निवासी एक दिव्यांग महिला ने अपने रिश्तेदार पर उसके घर पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि इस संबंध में उसने एसपी कार्यालय में शिकायत भी की है। महिला का कहना है कि उसके पास एक व्यक्ति ने फोन करके खुद को एसपी आफिस का बताया और पांच हजार रुपये की मांग की। नया चितरा निवासी शांति सिंह ने बताया कि उसके बच्चे नहीं है। देवर उसकी जमीन कब्जाना चाहता है। इस वजह से उसने उसका घर भी ढहा दिया। बताया कि जब उसने इसकी जानकारी रैपुरा थाने में दी तो चुनाव के समय फोर्स न होने की बात कही गई। इस पर वह पुलिस अधीक्षक से मिली। शांति का कहना है कि एसपी ने रैपुरा एसओ को देवर के मकान का काम रुकवाने के आदेश भी दिए। इसके बाद भी निर्माण कार्य जारी रहा। उसका आरोप है कि इसी दौरान उसके मोबाइल पर एक फोन आया, जिसमें बताया गया कि वह एसपी आफिस से बोल रहा है। पांच हजार रुपये की मांग की गई और कहा गया कि पैसा दोगी तभी काम होगा। उसने बताया कि इसकी जानकारी भी उसने एसपी को दी है। उधर, इस संबंध में रैपुरा एसओ से बात करने की कोशिश की पर काल रिसीव नहीं हुई।

**धर्म-अध्यात्म**

**श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन झांकियों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन**

# जीवन का व्यवहारिक ज्ञान बताती है श्रीमद्भागवत

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

● कथावाचक अंजनी शरण ने किया श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन

**अमृत विचार।** क्षेत्र के शिवपुर गांव में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का बुधवार को हवन एवं भंडारा के साथ समापन हो गया। कथा के दौरान सजी झांकियों ने श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रयागराज के कथावाचक अंजनी शरण सावर्णी ने लोगों को भागवत कथा का महात्म्य बताया। उन्होंने कहा कि भागवत की कथा जीवन में व्यावहारिक ज्ञान का महत्व समझाती है।

कथा व्यास ने बताया कि सच्चे मन से भागवत की कथा सुनने के लाभ जीवन भर के लिए होते हैं। महज कथास्थल पर आकर कथा सुनने की कवायद करने का कोई अर्थ नहीं जब तक कि इसके भावों को शिक्षा को आत्मसात किया जाए। सच्चे मन से कथा सुनने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं। जीवन की दिशा, दशा में परिवर्तन होता है।


कथावाचक अंजनी शरण सावर्णी।


कथा के दौरान सजाई गई कृष्ण-सुदामा की झांकी। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि जीवन का व्यावहारिक ज्ञान भी कथा से मिलता है। हमारे दैहिक, दैविक और भौतिक त्रिताप भी नष्ट होते हैं। जनमानस में भक्तों के चरित्र को याद रखने और उनके जैसे जीने की कला प्राप्त होती है, कथा का फल भी वैसे ही मिलता है।

कथा के दौरान प्रासंगिक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। कथा के मुख्य यजमान रामेश्वर प्रसाद मिश्र व गेंदिया देवी रहीं। आयोजन रघुनाथ मिश्र, कृष्ण मुरारी मिश्र व सत्येंद्र मिश्र ने किया। बुधवार को कथा का भंडारे के साथ समापन हुआ। इसमें तमाम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बालकुमार की रिहाई से समर्थकों में खुशी

**चित्रकूट।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद दस्यु ददुआ के भाई और पूर्व सांसद बालकुमार पटेल की रिहाई पर उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, बालकुमार धोखाधड़ी के मामले में बांदा जेल में बंद थे। बांदा कोतवाली में पीडब्लूडी के ठेकेदार रामाकांत त्रिपाठी ने दर्ज एफआईआर दर्ज कराई थी। समझौता होने के आधार पर उच्च न्यायालय ने मामले को रद कर दिया। सपा के बबेरू विधायक विशंभर यादव, जिलाध्यक्ष बांदा मधुसूदन कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष बांदा इमरान अली राजू सहित कई नेता बीते दिन उनको लेने पहुंचे।

# जीत का जश्न पड़ा महंगा डेढ़ सौ सपाइयों पर रिपोर्ट

## मंडी चौकी इंचार्ज ने दर्ज कराई रिपोर्ट, वीडियोग्राफी से होगी पहचान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- नारेबाजी करते हुए मतगणना स्थल में घुसने का प्रयास कर रहे थे सपा कार्यकर्ता




**अमृत विचार।** कहते हैं कि अति उत्साह में किए गए कार्य का परिणाम नुकसानदायक साबित हो सकता है, इसका जीता जागता उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब मंगलवार को मंडी समिति में मतगणना के दौरान जीत के करीब पहुंचे सपा समर्थक नारेबाजी करते हुए मतगणना स्थल में घुसने का प्रयास करने लगे। हालांकि पुलिस व पैरामिलिट्री ने डंडा फटकार कर उन्हें खदेड़ दिया, लेकिन अब करीब सौ से डेढ़ सौ अज्ञात सपाइयों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

शहर की मंडी चौकी प्रभारी अरविंद कुमार मौर्य ने तहरीर देकर बताया है कि मंगलवार की शाम करीब 4.30 बजे लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान समाजवादी पार्टी कार्यालय की ओर से करीब सौ से डेढ़ सैकड़ा लोगों का हुजूम जुलूस की शक्ल में मतगणना स्थल की ओर आ रहा था, जिन्हें देखकर पुलिस व पैरामिलिट्री के जवान चौकन्ना हुए और उन्हें रोकने का प्रयास करने लगे। लेकिन सपाई नारेबाजी करते हुए पुलिस के साथ धक्का मुक्की करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करते रहे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके सपाइयों की भीड़ को तितर बितर किया और उन्हें खदेड़ दिया। आदर्श चुनाव आचार संहिता और धारा 144 का खुला उल्लंघन किया गया है। चौकी इंचार्ज की तहरीर पर शहर कोतवाली में 100 से 150 अज्ञात सपाइयों के खिलाफ धारा 147, 148, 188, 353 और 7 क्रिमनल लॉ एमंडमेंट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया है कि मौके पर कराई गई वीडियोग्राफी के माध्यम से अज्ञात सपाइयों की पहचान करके कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### विधानसभा चुनाव में भी दर्ज हुई थी एफआईआर

**बांदा।** विधानसभा चुनाव 2022 में भी नगर कोतवाली क्षेत्र के मंडी समिति में मतगणना के पहले एक दिन पहले 9 मार्च की रात सपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों की गाड़ी रुकवा ली थी। इस दौरान उन्होंने गाड़ियों में चेक किया था कि इसमें ईवीएम तो नहीं है। देखते ही देखते मामले ने हंगामे का रूप ले लिया था।पत्थरबाजी करने में कोतवाली निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत, बलखंडी नाका चौकी इंचार्ज राजनारायण नायक समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मामले में 7 नामजद समेत तमाम अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।



एसपी से शिकायत करने जाते पीड़ित। अमृत विचार

# दबंगों ने बीच रास्ते में मकान बनाकर मार्ग किया अवरुद्ध

संवाददाता, नरैनी

**अमृत विचार।** गांव के दबंगों ने लेखपाल से मिलकर मुख्य दरवाजे से निकले निकास मार्ग पर मकान बनाकर अवैध कब्जा जमा लिया है और मार्ग को अवरूद्ध कर दिया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर निर्माण कार्य रोकने व दबंगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के सकरिहा पुरवा निवासी गोलहरी पत्नी राम औतार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर बताया है कि वह दिव्यांग महिला है। गांव में 50 से 60 वर्ष पुराना मकान बना हुआ है, जिसमे वह अपने पूरे परिवार के साथ रहती है। वहीं पड़ोसी दबंग ने उसके दरवाजे की ओर बढ़ाकर अपना पक्का निर्माण कार्य करवा रहा है। जिससे उसका निकलने वाला रास्ता अवरुद्ध हो रहा है।

पीड़ित ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया की दबंग लोग मौजा में तैनात लेखपाल से मिलकर उसको सुविधा शुल्क देकर नाजायज रूप से निकास मार्ग में कब्जा कर रहे है। शिकायतकर्ता ने जमीन को कब्जा मुक्त कराकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# पांटून पुल दे रहा है मौत को दावत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** यमुना नदी पर बारा-गलौली पांटून पुल पर लगा जर्जर लोहे का गार्डर टूटने से यातायात ठप हो गया। पुल के बीच में पिकप वाहन फंस कर रह गया। 48 घंटे बाद टूटा गार्डर बदलने के बाद दोपहर से आवागमन शुरू हो पाया। नदी पर बना पांटून का पुल बड़े हादसे को दावत दे रहा है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की लापरवाही पुल से गुजरने वालों पर कभी भी भारी पड़ सकती है। जिम्मेदारों की नजर इस पुल पर नहीं है। शिकायतों के बाद भी प्रशासन ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं कर रहा।

फतेहपुर जनपद को जोड़ने वाले यमुना नदी पर बने पांटून पुल टूटे स्लीपर और जर्जर गार्डर की बुनियाद पर टिका है। लोहे के गार्डर जगह-जगह टूटे हैं तो लकड़ी के स्लीपर सड़ चुके हैं। पुल पर बनी सेफ्टी रेलिंग की भी हालत खराब है। मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे बारा-गलौली पांटून पुल पर पिकअप वाहन के गुजरते ही अचानक ही लोहे का जर्जर गार्डर अचानक ही टूट गया। पिकअप वाहन पुल में फंस गए। पुल के दोनों ओर कुछ देर के लिए आवागमन ठप हो गया। लेकिन ठेकेदार द्वारा टूटा गार्डर न बदले जाने पर कुछ देर बाद जान जोखिम में डालकर दो पहिया वाहन सवारों ने बगल से निकलना शुरू कर दिया। किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले ने बताया कि ठेकेदार निरंकुश और लापरवाह है। शिकायतों के बाद भी प्रशासन ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं कर रहा। कुछ दिनों पहले ही ठेकेदार ने दबंगई के बल पर पुल के रास्ते पर भारी गड्ढा खुदवा कर आवागमन बाधित कर दिया। शिकायत के बाद रात में ही मशीनों से रास्ते में मिट्टी डालकर रास्ता चालू करवा दिया गया।



बारा-गलौली पांटून पुल में फंसा वाहन। अमृत विचार

### जर्जर स्लीपर और टूटे गर्डर पर टिका पीपे का पुल

जसपुरा ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत बारा-गलौली घाट में यमुना नदी पर बने पांटून पुल में समस्याएं बहुत ज्यादा हैं। प्रतिदिन करीब पांच हजार लोगों का इस से आवागमन होता है। पांटून पुल में सड़े गर्डर और खराब हो चुके स्लीपरों के लगाए जाने से ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग की लापरवाही यात्रियों पर भारी पड़ सकती है। पिछले साल कई दुर्घटना पीपा पुल पर हुई इसके बाद भी विभाग नहीं चेता। पांटून पुल की बल्ली काफी जर्जर व पुरानी होने के कारण किनारे की लगी रेलिंग भी जुगाड़ के सहारे टिकी हुई है।

- बच्चे के अन्नप्राशन संस्कार के लिए जाते समय हुआ हादसा

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- खरीदारी कर बबेरू से लौट रहे थे दोनों युवक
- अरथरा मोड़ पर हुआ हादसा कार चालक फरार




**अमृत विचार।** बाइक से घर जा रहे दो युवकों को कार ने टक्कर मार दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मर्का थाना क्षेत्र भभुवा गांव निवासी रामकरन (25) पुत्र रामकिशोर बुधवार को अपने पड़ोसी राजेश पटेल (35) पुत्र बाबूलाल के साथ सामान की खरीदारी करने बबेरू आए थे। शाम को दोनो लोग बाइक में बैठकर गांव जा रहे थे। तभी अरथरा मोड़ के पास सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने दोनो को उठाकर सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया जहां डॉक्टरो ने रामकरन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टरों ने राजेश पटेल की हालत देख उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घरवालों ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान राजेश ने भी दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। मृतक राजेश के पारिवारिक मामा ज्ञान सिंह ने बताया कि राजेश किसानी करता था। एक माह पहले शादी हुई थी।

# 10 एमवीए ट्रांसफार्मर से दूर होगी लोवोल्टेज समस्या

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सदर विधायक के प्रस्ताव पर बिजली विभाग की मुहर के बाद बढ़ाई गई क्षमता
- नवाब टैंक, पेयजल और पचनेही फीडर के दर्जनभर मोहल्लों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे शहर के दर्जनभर मोहल्लों के लोगों को अब निजात मिल जाएगी। गुरुवार को शहर के तुलसी नगर विद्युत सब स्टेशन में लगे 8 एमवीए ट्रांसफार्मर के स्थान पर नए 10 एमवीए क्षमता वाला ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया।

एक्सइएन नगरीय प्रकाश देव पांडेय ने बताया कि अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की स्थापना के बाद शहर अतर्रा रोड, नरैनी रोड समेत पेयजल ग्रामीण व शहरी इलाके के मोहल्लों को जहां लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सकेगी, वहीं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू ढंग से संचालित हो सकेगी।

हमेशा जनसमस्याओं के प्रति सजग और संवेदनशील रहकर लोगों को राहत पहुंचाने वाले सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की एक और पहल अब सार्थक हो गई है। विधायक ने गर्मी की शुरूआत से पहले ही शहर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने को लेकर भूरागढ़, चिल्ला रोड, तुलसी नगर और बिसंडा विद्युत सब स्टेशन में 10 एमवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर स्थापित कराने का प्रस्ताव विभाग को भेजा था। जिनमें से भूरागढ़ और चिल्ला रोड के ट्रांसफार्मरों की क्षमता तो बढ़ा दी गई थी, लेकिन तुलसी नगर सब स्टेशन में अभी तक 8 एमवीए का ट्रांसफार्मर ही काम चला रहा था। हाल ही दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित किशोर के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ ने उनका ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया और सब स्टेशन से जुड़े इलाकों में हो रही लो-वोल्टेज की समस्या से रूबरू कराया। एमडी के आदेश पर तत्काल 10 एमवीए ट्रांसफार्मर यहां पहुंचा और गुरुवार को ठेकेदार सचिन मिश्रा व राकेश कुमार की अगुवाई में ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया।

इस मौके पर अधिशाषी अभियंता नगरीय प्रकाश देव पांडेय, उपखंड अधिकारी देवव्रत आर्या, अवर अभियंता रविकांत अनुरागी समेत विभागीय कर्मचारी और ठेकेदार के कर्मी मौजूद रहे। ट्रांसफार्मर स्थापित करने के दौरान सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ भी मौजूद रहे और लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने को लेकर सजग रहे। कहा कि रिवैम्प योजना के तहत शीघ्र ही जर्जर विद्युत तार और खंभे बदलने के काम को पूरा कर लिया जाए, ताकि अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता को राहत मिल सके।



पावर हाउस में ट्रांसफार्मर लगाते कर्मचारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**बांदा।** युवक का शव रेलवे ट्रेक पर क्षत विक्षत हालत में पड़ा पाया गया। परिजनों का कहना है कि उसकी ट्रेन से गिर कर मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के असदेव गांव निवासी आनंद (21) पुत्र कुबेर दो दिन पहले अपने फूफा शिवमंगल के शुद्वता कार्यक्रम में शामिल होने हस्तम गांव आया था। बुधवार की शाम उसका क्षत विक्षत शव बदौसा के तुर्रा गांव स्थित रेलवे लाइन पर पड़ा ग्रामीणो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से निकले मोबाइल नबंर पर परिजनो को जानकारी दी गई। मौत की मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के बड़े भाईरामफल वर्मा ने बताया कि बुधवार को दोपहर उससे फोन पर बात हुई। वह घर आने के लिए कह रहा था। शाम को उसका शव मिला। रामफल ने ट्रेन से गिरकर मौत होने की आशंका जताई है।

### मंडलीय पेंशन अदालत में तीन शिकायती पत्रों का निस्तारण

**बांदा।** आयुक्त की अध्यक्षता में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत संपन्न हुए मंडलीय पेंशन अदालत तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित देयकों के प्राप्त शिकायती पत्रों पर जनसुनवाई बैठक संपन्न हुई, जिसमें पेंशन अदालत के कुल 6 मामले प्रस्तुत किए गए। उनमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित मंडलीय पेंशन अदालत में सेवानिवृत्त मुख्य लिपिक रामदत्त मिश्रा के अवशेष वेतन के भुगतान हो जाने का मामला पेंशन अदालत में निस्तारित किया गया। इसी प्रकार सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी परशुराम यादव की रोकी गई ग्रेच्युटी का भुगतान हो जाने के फलस्वरूप इस मामले का निस्तारण भी पेंशन अदालत में किया गया। इसी प्रकार से विनय कुमार बाजपेयी सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक की पेंशन आदि स्वीकृत हो जाने संबंधी मामला भी निस्तारित किया गया। पेंशन अदालत एवं जन सुनवाई की कार्रवाई में विष्णुकान्त द्विवेदी अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन, पीडी विश्वकर्मा डीपीओ चित्रकूट, शिवदीप कुमार नायब तहसीलदार, वरिष्ठ सहायक कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई प्रखण्ड तृतीय तथा वादी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### कैफे संचालक से ठगी की जांच साइबर थाने को

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे के बस स्टैंड के समीप संचालित साइबर कैफे के संचालक के साथ हुई ऑनलाइन ठगी के मामले की जांच स्थानीय पुलिस साइबर थाना पुलिस को सौंपी है। साइबर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाल कर आरोपी तक पहुंचाने की कवायद में जुट गई है। कस्बे के बस स्टैंड के समीप शिवम गुप्ता का साइबर कैफ़े है। यहां से ऑनलाइन धन निकासी आदि का कार्य होता है। शिवम गुप्ता ने बताया कि 28 मई को एक अज्ञात युवक कैफे पर आया और उसके खाते में 77607 रुपये डालकर नगद कैश लेकर चला गया। लेकिन खाते में डाले गए रुपये उसके खाते में नहीं आए। इसकी शिकायत कैफे संचालक ने 31 मई को थाना पुलिस से की थी। लेकिन एक हफ्ता गुजर जाने के बाद पुलिस आरोपी को नहीं ढूंढ सकी है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि कैफे के सीसीटीवी फुटेज आदि लेकर साइबर थाना पुलिस को भेजा गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### जंगली सियार के हमले से बालिका घायल

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र के करहिया गांव में गुरुवार सुबह घर के बाहर खेल रही ढाई वर्षीय बालिका पर जंगली सियार ने हमलाकर घायल कर दिया। कस्बे के सरकारी अस्पताल में परिजनों ने उसे भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज जारी है। करहिया गांव निवासी मुन्नीलाल ने बताया कि उसकी ढाई वर्ष की बेटी लाडो सुबह घर के सामने ही खेल रही थी। तभी जंगल की ओर से आए सियार ने उस पर हमला कर दिया।उनके ललकारने पर सियार वहां से भागा। तब कहीं उसकी जान बची। इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ऑटो व कार की भिड़ंत में 12 सवारियां घायल

संवाददाता, अतर्रा



आमने सामने भिड़े ऑटो व कार।

**अमृत विचार।** चित्रकूट से लौटे तीर्थयात्रियों को लेकर नरैनी जा रहे सीएनजी ऑटो व ऑल्टो कार में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे आटो में बैठी दर्जन भर सवारियों सहित कार सवार घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां से पांच लोगों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया तथा शेष को उपचार के उपरांत छुट्टी दे दी गई।

गुरुवार की सुबह कामता नाथ की परिक्रमा कर घर लौट रहे दर्जन भर तीर्थयात्रियों को अतर्रा से भरकर सीएनजी ऑटो नरैनी के लिए रवाना हुआ। जैसे ही ऑटो नरैनी रोड पर पचोखर गांव के नजदीक पहुंचा तभी सामने से आ रही ऑल्टो कार से उसकी भिड़ंत हो गई। भिड़ंत होते ही ऑटो में बैठी सवारियों में कोहराम मच गया जिसे सुनकर गांव के लोग दौडे। ग्रामीणों ने लोगों को ऑटो व ऑल्टो कार से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाली पुलिस के एसआई बालमुकुंद शुक्ला एवं कांस्टेबल अखिलेश पांडेय ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों में बछेडा खेडा मध्य प्रदेश के दीपक पाल (24), रामसिंह तिवारी (70), केशव पाल (27), मंटू (36), रामलखन (70), सुरेंद्र (22), उदयपुर मध्य प्रदेश निवासी रामकिशोर पटेल (55), हल्कू (60), गोयरा (छतरपुर) निवासी रामलखन तिवारी (62), देवीदीन गुप्ता (65) के अलावा रिसौरा (नरैनी) निवासी दुर्गा प्रसाद (58), जागेश्वर (70) शामिल हैं। हादसे में टेंपो चालक कमासिन निवासी कपिल तिवारी (35) भी घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में रामसिंह तिवारी, रामकिशोर पटेल, हल्कू, देवीदीन गुप्ता और कपिल तिवारी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ऑटो व ऑल्टो कार आमने-सामने भिड गई थी। हादसे में दर्जन भर लोग घायल हुए हैं।

# वेल्डिंग करते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौत



धनराज।

**नरैनी।** कस्बा के अतर्रा मार्ग पर कोतवाली के सामने नवल साहू की जूता-चप्पल की दुकान में बुधवार की रात धनराज (32) पुत्र शिवकरन विश्वकर्मा निवासी बिरगहनी थाना तिंदवारी हालमुकाम टाउनएरिया के पास बेल्डिंग मशीन से टिन शेड के फ्रेम में लोहे की सीढ़ी लगाकर वेल्डिंग कर रहा था। वहां से निकली केबिल के खुले तारों के करंट की चपेट में आकर वग झुलस गया। यह देख दुकानदार नवल साहू ने दुकान से लाइट काटकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन धनराज मौके पर बेहोश हो गया। दुकानदार ने तत्काल निजी वाहन से इसे प्राइवेट अस्पताल ले गया।

यहां के चिकित्सक द्वारा इलाज करने से मना कर दिया। तब घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर रात में ही परिजन और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

**आस्था और विश्वास** हिंदू धर्म में प्रकृति के संरक्षण के लिए प्राकृतिक तत्वों की पूजा की है परंपरा

# सुहागिनों ने लगाई वट वृक्ष की परिक्रमा, मांगी पति की लंबी आयु

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- वट सावित्री अमावस्या पर शृंगार कर सुहागिनों ने रखा व्रत
- शहर के सभी वटवृक्षों के नीचे रही महिलाओं की भीड़



वट सावित्री व्रत पर बरगद की पूजा करतीं सुहागिन महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु की कामना के साथ वट सावित्री अमावस्या का व्रत रखा और बरगद के वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना कर परिक्रमा लगाई। सुबह से ही शहर के सभी वट वृक्षों के नीचे लाल जोड़े में सोलह श्रृंगार से सजी सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही।

वट सावित्री अमावस्या का व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को होता है। महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए इस व्रत को विधिविधान से करती हैं और वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर फेरी लगाती हैं। हिंदू धर्म में वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु, महेश का वास माना जाता है। वट वृक्ष को शिव के समान माना जाता है। यही कारण है कि अनेक व्रत-त्यौहारों में वटवृक्ष की पूजा हो है। बुधवार को अमावस्या शाम 7 बजकर 54 मिनट पर प्रारंभ होकर गुरुवार की शाम 06 बजकर 07 मिनट पर समाप्त हुई।

उदया तिथि होने के कारण महिलाओं ने गुरुवार को ही अमावस्या मनाई। वट सावत्री व्रत पूजन का शुभ मुहूर्त 6 जून की सुबह 5 बजकर 35 मिनट से शुरू होकर 7 बजकर 16 मिनट तक अमृतकाल और सुबह 8 बजकर 56 मिनट से 10 बजकर 37 मिनट तक बताया गया है। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 52 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक भी बरगद पूजा का मुहूर्त शुभ है। हालांकि गर्मी के मौसम को देखते हुए गुरुवार को सुबह 4 बजे से शहर के सभी बरगद के वृक्षों के नीचे लाल जोड़ा और सोलह श्रंगार से सजी सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ जुटने लगी। पौ फटने के बाद भीड़ और भी ज्यादा बढ़ गई।

महिलाओं को भीड़ के कारण देर तक अपनी बारी का इंतजार भी करना पड़ा। महिलाएं प्रत्येक वर्ष वट सावित्री व्रत का इंतजार करती हैं। यह व्रत पति की दीर्घायु और संतान के उज्वल भविष्य के लिए रखा जाता है। वट सावित्री व्रत करने से सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य और संतान की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्म में प्रकृति के संरक्षण तथा उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए प्राकृतिक तत्वों की पूजा की परंपरा है। सनातन धर्म में वृक्षों की भी पूजा का विधान है, क्योंकि इस वृक्ष में देवताओं का वास माना गया है। वट वृक्ष या बरगद को हिंदू धर्म में विशेष मान्यता है।

### वटवृक्ष की पूजा कर सौभाग्य की कामना की

- नरैनी कस्बे के मोहल्ला इंद्रानगर, सुभाष नगर, देविन नगर में वट सावित्री व्रत पूजा कर स्त्रियों ने सौभाग्य की कामना की। सावित्री की सत्यता और पतिव्रता से प्रभावित होकर यमराज ने सत्यवान को जीवन दान दिया, माता पिता की आखे और पुन: राजा बनने का वरदान दिया। यह भी वरदान दिया कि जो आज के दिन वटवृक्ष की पूजा करेगी, उनको भी अटल सौभाग्य मिलेगा। हमारी भारतीय संस्कृति में पेड़ पौधों को धर्म से जोडकर पर्यावरण संरक्षण का समायोजन किया। वटवृक्ष गर्मी में शीतलता देता है तथा प्राणवायु भी देता है।

# हवन-यज्ञ व आतिशबाजी कर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, बांदा



हवन पूजन कर सीएम योगी का जन्मदिन मनाते लोग। अमृत विचार

- मंदिर में मुख्यमंत्री के दीर्घायु के लिए की विशेष प्रार्थनाएं

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू महासंघ ने मुख्यमंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। नेशनल हाइवे स्थित संकट मोचन मंदिर परिसर में पदाधिकारियों ने हवन पूजन व आतिशबाजी के साथ विशेष प्रार्थना करते हुए उनकी उम्र दराजी की मंगल कामना की। केक काट कर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सभी का मुंह मीठा कराया।

विश्व हिंदू महासंघ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नीलेश की अगुवाई में संकट मोचन मंदिर परिसर में बुधवार को शाम पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। मुख्यमंत्री के चित्र पर रोली चंदन का तिलक लगाया।

हवन कुंड में आहुतियां दीं तथा हनुमान चालीसा पाठ करते हुए प्रसाद वितरित किया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु होने की कामना की। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री के जन्मदिन की बधाई दी। केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। देर तक आतिशबाजी भी हुई। इस मौके पर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष नीरज निगम, बुंदेलखंड महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, गोरक्षा प्रकोष्ठ पूर्वी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश शिवहरे, राजेश शुक्ला, मंडल प्रभारी बृजेश शुक्ला, शैलेंद्र गुप्ता, विवेक सिंह, विकास गुप्ता दद्दा, नवीन बोड़े, पंकज दीक्षित, संतोष सिंह, महाप्रसाद गुप्ता, अनीता चैहान, किरण गुप्ता, रमा त्रिवेदी समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हलधर किसान यूनियन के धरने में बढ़ रही भीड़, दी गई चेतावनी

## एक जून को शुरू हुआ था धरना, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशासनिक उपेक्षा पर नाराज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पीसीएफ गोदाम अजनर में किसानों का माल न खरीदकर व्यापारियों का खाद्यान्न खरीदे जाने के विरोध में 1 जून से भारतीय हलधर किसान यूनियन द्वारा शुरू किया गया धरना प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। धरने में यूनियन के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने सम्मलित होकर धरना दे रहे किसानों का उत्साह बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के धरना स्थल पर पहुंचने से किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है।



किसानों को संबाधित करते यूनियन के राष्ट्रीय पदाधिकारी। अमृत विचार

भारतीय हरधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि पीसीएफ केंद्र पर खाद्यान्न लेकर आने वाले लोगों के दस्तावेजों की जांच पड़ताल करने के बाद ही उनके माल की खरीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मिलीभगत से व्यापारियों का माल खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो जिलाधिकारी कार्यालय में हलधर किसान यूनियन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए विवश हो जाएगा।

यूनियन के यूनियन के राष्ट्रीय कोर कमेटी के अध्यक्ष शिवनाथ सिंह ने कहा कि जल्द से जल्द किसानों की समस्याओं का जिला प्रशासन निराकरण करें, अन्यथा हरधर किसान यूनियन किसानों की लड़ाई प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर लड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान साल भर तक मेहनत करने के बाद जो पैदावार करता है उसे अपनी उपज का अच्छा मूल्य नहीं मिलता है। कारण, व्यापारी कर्मचारियों से सांठगांठ करके अपना माल बेच देते हैं, जिससे किसान को खुले बाजार में अपना माल कम कीमत पर बेचना पड़ता है। इस मौके पर भारतीय हरधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव देशराज भगत, राष्ट्रीय महासचिव अरविंद वशिष्ठ, जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार सहित तमाम यूनियन के पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# कल निरीक्षण पर आएंगे रेलवे के उपमुख्य अभियंता

**महोबा।** झांसी मानिकपुर रेल लाइन रेलवे दोहरीकरण परियोजना अंतर्गत बिछाई गई नई दोहरीकरण रेल लाइन पर ट्रेन को चलाने के लिए 8 जून को उपमुख्य अभियंता उत्तर मध्य रेलवे झांसी निरीक्षण करने आ रहे हैं। झांसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण के कुछ तैयार हो चुके हिस्से पर रेल की आवाजाही शुरू करने की कवायद तेज हो गई है।

हरपालपुर महोबा शहर को जोड़ने वाले एनएच पर चरखारी रोड रेलवे स्टेशन (सूपा स्टेशन) के पास दोहरीकरण लाइन चालू करने के लिए रेलवे लेवल क्रासिंग नं0 422 को नियमानुसार बंद किया जाना है, जिसके चलते 7 जून को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक। 8 जून को रात में दो बजे से प्रातः 4 बजे तक और सुबह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक एवं 9 जून को रात में 2 बजे से सुबह 4 बजे तक एनएच सड़क बंद रहेगी, जिससे सूपा रेलवे स्टेशन क्रासिंग के कार्य में बाधा न हो सके।

# गठबंधन की जीत पर मनाया गया जश्न

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में इडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी की जीत पर गुरुवार को जिले में अलग-अलग स्थानों पर जिला कांग्रेस कमेटी और समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। जश्न के मौके पर ढोल नगाड़े की धुन पर लोग थिरके और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी छुड़ाई, जिससे पूरा इलाका रोशनी और पटाखों की आवाज से गूंजता रहा।

सपा कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी के जीत का जश्न गुरुवार को ग्राम सबुआ बमोरी में जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी के आवास में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। जीत के जश्न पर लोगों को मिठाई खिलाते हुए मुंह मीठा कराते हुए ढोल नगाड़ों की धुन पर उझल कूद करते रहे और एक दूसरे को जीत की मुबारकबाद देते हुए खुशियां मनाई। कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जन-जन तक कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र पहुंचाते हुए पांच गारंटी के कार्ड भरे गए। बताया कि राहुल गांधी द्वारा घोषित पांच न्यायों में युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी के न्याय के विषय में मतदाताओं को विस्तार से जानकारी दी गई। कहा कि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की आखिरकार मेहनत रंग लगाई और उनका प्रत्याशी विजय हुआ, जिससे सभी में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, अफाक सरवर, विजय सिंह ,छक्की लाल राजपूत, घनश्याम अनुरागी, मान सिंह आदि उपस्थित रहे।



ढोल की थाप पर नाचते कार्यकर्ता। अमृत विचार

- **ढोल की थाप पर थिरकते हुए छुड़ाई आतिशबाजी, मिठाई खिलाकर दी बधाई**

इसी प्रकार शहर के अलावा अन्य ग्रामीण इलाकों में भी सपा और कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मानते हुए मिठाई वितरण करते हुए आतिशबाजी छुड़ाई।

# पुलिस अधीक्षक ने अतिथि भवन का फीता काटकर किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन के भवनों स्थिति को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर उनका नवीनीकरण करते हुए उनका सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसी के तहत रिजर्व पुलिस लाइन स्थिति अतिथि गृह की मरम्मत कर उसे भव्य रुप दिया गया। एसपी अपर्णा गुप्ता द्वारा अतिथि गृह का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। साथ ही अतिथि भवन का निरीक्षण कर किए गए कार्यों का जायजा भी लिया।



अतिथि भवन का उद्घाटन करतीं एसपी अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

गौरतलब है कि पुलिस लाइन महोबा में पहले स्थित अतिथि भवन काफी सामान्य अवस्था छोटा नजर आता था, जिसमें सिर्फ एक कमरा था, जिससे उच्चाधिकारियों को ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं था , जिसके चलते वहां रूकने वाले अधिकारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था, जिसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने इस ओर तवज्जो देते हुए अतिथि गृह की मरम्मत कराकर का शुरू कराया और उसे एक आधुनिक स्वरूप प्रदान किया। एसपी ने अतिथि भवन का उद्घाटन फीता काटकर किया और इसके बाद भवन के दो कमरे, तीन बाथरूम, एक हॉल, एक किचन पास बनाए गए दो लॉन को जायजा लिया और उनकी आधुनिकता को परखा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौंड, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार आदि रहे।

# वट वृक्ष की पूजा कर सुहागिनों ने मांगा सौभाग्य

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को रखा जाने वाला वट सावित्री व्रत को लेकर सुहागिनें काफी उत्साहित नजर आई। सुहागिनों ने व्रत रखा और सुबह से वट वृक्ष (बरगद) के पास पहुंचकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए अपने पति की दीर्घ आयु की प्रार्थना की। मान्यतानुसार इस व्रत को रखने से अखंड सौभाग्य प्राप्त होता है। साथ ही पति के ऊपर आने वाले संकट को भी दूर करता है, जिसके चलते सुहागिन महिलाओं में इस व्रत का खासा महत्व है। सारा दिन महिलाओं ने व्रत रखकर पत्नी धर्म का पालन किया।

वट सावित्री व्रत को लेकर महिलाएं गुरुवार की सुबह से स्नान कर श्रृंगार किया। कुमकुम, रोली, फल, पान, चने, गुड़ सहित पूजा की थाल लेकर वट वृक्ष के पास पहुंचीं और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर आस्था के साथ वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए धागा लपेटा। अपने पति की लम्बी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की भगवान से कामना की। शहर में सुबह से ही लगभग दो दर्जन से अधिक वट वृक्षों पर महिलाओं की भीड़ जुटी रही और दोपहर तक पूजा अर्चना में व्यस्त रहीं। इस मौके पर महिलाओं ने सावित्री और सत्यवान की कथा का रसपान भी किया। लोगों की माने तो महिलाओं को वट सावित्री व्रत के दिन आम का मुरब्बा, गुड़ या चीनी जरूर खाना चाहिए। इस दिन प्रभु को पूड़ी, चना और पुआ को भोग लगाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करना चाहिए। वट सावित्री व्रत के दिन अशुद्ध वस्तुओं का सेवन नहीं करना चाहिए।.



बरगद की पूजा करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

- **सुबह से ही महिलाएं सज संवर कर वट वृक्ष की पूजा करने के लिए पहुंची**

सती सावित्री से ही वट सावित्री व्रत जुड़ा हुआ है। सावित्री की कथा के अनुसार देवी सावित्री ने पति के प्राणों की रक्षा के लिए सतीत्व और कठोर तपस्या से यमराज को अपने पति के प्राण वापस लौटाने पर विवश कर विधि के विधान को बदल दिया था। यमराज ने वट वृक्ष के नीचे ही सत्यवान के प्राण लौटाए थे और वरदान भी दिया था कि जो सुहागिनें वट वृक्ष की पूजा करेंगी उनके पति की दीर्घ आयु और स्वास्थ्य के साथ साथ अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद प्राप्त होगा। वट सावित्री व्रत को सौभाग्य देने वाला व्रत माना गया है। वट वृक्ष में काफी शाखाएं लटकी हुई होती है जिन्हें सावित्री देवी का रूप माना जाता है। पुराणों के अनुसार बरगद के पेड़ में तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है।

### वट वृक्ष वरदान का रूप

**पनवाड़ी** : वट वृक्ष की औसत उम्र 150 साल से भी अधिक मानी जाती है। यह पेड़ न सिर्फ राहगीरों को छाया, बल्कि बहुत बड़े पैमाने पर पक्षियों और जंतुओं को आश्रय प्रदान करता है। वट वृक्ष के आसपास प्रदूषण का स्तर स्वत: कम हो जाता है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति को ईश्वर और ईश्वर को प्रकृति के तौर पर चित्रित किया गया है। यही वजह है कि ईश्वर की पूजा की बात आती है तो प्रकृति अलग नहीं रह जाती है। खासकर हिदू उपासना पद्धति में सूर्य, चंद्र, धरती, नौ ग्रह, नदी, पर्वत के साथ ही वायु, अग्नि, जल की भी पूजा होती है। इसी तरह पीपल, बरगद, बेल, आम, नीम, आंवला, अशोक, लाल चंदन, केला, शमी और तुलसी जैसे पेड़–पौधों की भी उपासना हिदू करते रहे हैं।

# मंसूरी समाज का विवाह सम्मेलन 9 को होगा

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा

**अमृत विचार।** ग्राम जैतपुर में होने वाले आल इंडिया मंसूरी समाज के विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई है। विवाह सम्मेलन को लेकर वर वधु के पंजीयन का कार्य करते हुए विवाह में सम्मलित होने वाले जोड़ों को उपहार दिए जाने की भी व्यवस्था की जा चुकी है। साथ ही विवाह समारोह स्थल में आकर्षित सजावट कर आने वाले वर व वधु पक्ष के लोगों को बैठने के लिए इंतजाम भी किया जा चुका है। गुरुवार को संगठन द्वारा बैठक कर विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि को न्योता भी भिजवाया है।

- **सम्मेलन जैतपुर कस्बा के कृष्णा मैरिज हाल में किया जाएगा आयोजित**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 9 जून को आल इंडिया मंसूरी समाज का शादी सम्मेलन जैतपुर कस्बा के बाइपास कृष्णा मैरिज हाल में आयोजित किया जाना है। इसमें समस्त मुस्लिम समाज के जोड़ों की शादी सम्पन्न कराईं जाएंगी। विवाह सम्मेलन को लेकर संगठन के जिलाध्यक्ष राका मंसूरी खरेला व अंसार मंसूरी पसमांदा जिलाध्यक्ष के अलावा सम्मेलन अध्यक्ष शकील मंसूरी बेलाताल के नेतृत्व में महासचिव शब्बीर मंसूरी, कोषाध्यक्ष यासीन मंसूरी, जावेद मंसूरी, रहीम बक्स मंसूर जैतपुर, बशीर निजामी, सईद मुख्य अतिथि ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया है।

# श्रद्धालुओं ने लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकार के नेतृत्व में गुरुवार को ज्येष्ठ अमावस्या पर गोरखगिरि की परिक्रमा लगाकर भक्तों ने सुख समृद्धि की कामना की। भक्तों ने श्रद्धा, भक्ति भाव, राम नाम व ओम नमः शिवाय के जयकारों के साथ गोरखगिरि की परिक्रमा की। परिक्रमा के दौरान भक्त हाथों में भगवा रंग के झंडे और भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। परिक्रमा के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं द्वारा वट सावित्री व्रत और ज्येष्ठ अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर समस्त तीर्थस्थलों पर श्रद्धालुओं ने माथा टेंककर जनपद को पर्यटन व तीर्थ के रुप में विकसित करने की प्रार्थना की।




गोरखगिरि की परिक्रमा लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

ज्येष्ठ अमावस्या के मौके पर गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखगिरि की परिक्रमा यात्रा शिव तांडव मंदिर से प्रारम्भ होकर पटवा के बाल हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर, संत कबीर आश्रम, भूतनाथ आश्रम, राम दरवार मंदिर, काली माता व छोटी चंद्रिका मंदिर से पुलिस लाइन शिवतांडव में पहुंचकर समाप्त हुई। परिक्रमा यात्रा में भक्तों द्वारा भजन, सतसंग व गुरु गोरखनाथ की कृपा प्राप्त करने के लिए गुरु गोरखनाथ सिद्ध बाबा, गोरखेश्वर महादेव, संकटा माता आदि के जयकारे श्रद्धा भक्ति पूर्व आस्था के साथ लगाए गए। गुरुवार की सुबह मौसम सुहावना होने के कारण परिक्रमा दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव और उत्साह नजर आया।

- **ओम नमः शिवाय के उच्चारण से परिक्रमा मार्ग भक्तिमय**

इस मौके पर संयोजक तारा पाटकार ने कहा कि वट वृक्ष की पूजा करने से यमराज और त्रिदेवों की कृपा महिलाओं पर बनी रहती है। कहा कि मान्यतानुसार वट सावित्री के दिन बरगद के पेड़ पर यमराज निवास करते हैं और महिलाएं वट सावित्री व्रत कथा बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर करती है, जिससे विवाहित स्त्रियां अपने पति की लम्बी आयु के लिए यमराज से प्रार्थना करती है। बताया कि ज्येष्ठ अमावस्या के दिन पितरों के तर्पण बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है और इस बार ज्येष्ठ अमावस्या बहुत ही खास मानी जा रही है क्योंकि आज शनि जयंती और वट सावित्री व्रत भी मनाया जा रहा है। इस मौके पर संघ के दिलीप जैन, डा. देवेन्द्र पुरवार, गया प्रसाद आदि रहे।

# तार टूटने से बिजली आपूर्ति में बाधा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पनवाड़ी कस्वे मे 33/11 सवस्टेशन से दी जाने वाली सप्लाई मे बस्ती के अन्दर वर्षो पुराने जीर्णशीर्ण विधुत तारो के लोड न लेने के कारण रात में कही तारो का टूटना, फेस उड़ना, जंपर टूटना आदि समस्याएं हो रही हैं। पूरी रात्रि लाइन मैन शिकायत पर इनको सुधारने मे समय निकाल देते है, जिससे कस्बावासियो की भीषण गर्मी के चलते नींद हराम होने के साथ साथ बच्चे भी रो रोकर रात गुजारने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं बिजली न आने से लोग घरों से बाहर सड़कों पर टहलते हुए बिजली आने का इंतजार करते हैं।

- **सालों पुराने जर्जर तार न बदला जाना वजह, महकमा नहीं ले रहा सुध**

बताते चलें कि सब स्टेशन से हरपालपुर फीडर से आधे कस्बे को सप्लाई दी जाती है। आलम यह है कि शाम होते ही रात्रि मे ट्रांसफार्मर पर तो लोड बढ़ते ही वर्षो पुराने जीर्ण शीर्ण विद्युत तार भी गरम होकर टूट जाते है। बिजली विभग को सूचना देने के घंटों बाद कर्मचारी आता है, जिसके चलते बेतहाशा गर्मी से परेशान कस्बे वासी लाइन मैन को पावर हाउस से लेकर आते हैं, लेकिन तब तक एक लाइन को दुरूस्त नहीं हो पानी तब तक दूसरी लाइन खराब होने की सूचना लाइन मैन तक पहुंच जाती है। लाइनमैन लाइन दुरूस्त कर चला जाता और थोड़ी देर बार फिर से लाइन खराब हो जाती है।

विश्व पर्यावरण दिवस — जीवन पर्यावरण संरक्षण पर ही निर्भर, बढ़ रहा अत्यधिक जल और वायु प्रदूषण

# मानव सभ्यता का जितना विकास उतनी तेजी से प्रकृति का क्षरण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संचालिका, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुधा बहन ने कहा कि हमारा जीवन पर्यावरण संरक्षण पर ही निर्भर है। पर्यावरण संरक्षित है, तो जीवन सुरक्षित है। चिंता का विषय यह है कि मानव सभ्यता का जितना विकास होता जा रहा है। सुख, समृद्धि के जितने साधन हम संचित करते जा रहे हैं, उतना हम आसपास के वातावरण, परिवेश और पर्यावरण के प्रति लापरवाह और उदासीन होते जा रहे हैं। विज्ञान और तकनीकी का जितना तेजी से विकास हो रहा है, उतनी ही तेजी से प्रकृति, पेड़, पौधों, जंगल, पृथ्वी, जल, वायु, आकाश आदि का विनाश अथवा क्षरण होता जा रहा है। हमने बड़ी बड़ी अट्टालिकाएं बना कर जंगलों, पेड़ों को नष्ट कर दिया, जिससे पृथ्वी पर कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा तेजी से बढ़ती जा रही है और प्राण वायु ऑक्सीजन की मात्रा तेजी से कम होती जा रही है।



बच्चों को उपहार वितरित करतीं सुधा बहन। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि कार्बनडाई ऑक्साइड बढ़ने से पृथ्वी के तापमान में लगातार वृद्धि होती जा रही है। 49 से 53 डिग्री तक तापमान बढ़ रहा है। ऐसे में मनुष्य का जीना दूभर हो रहा है। प्रतिवर्ष हीटवेव से सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो जाती है।

शुद्ध ऑक्सीजन न मिलने से व्यक्ति अनेक व्याधियों से ग्रसित हो जाता है। शहरों की संकरी और सघन बस्तियों में अत्यधिक जल और वायु का प्रदूषण बढ़ रहा है। लोग जल की बरबादी करते हैं और निस्तारित किए गए जल की रीसाइक्लिंग व शुद्धिकरण की कोई उपयुक्त योजना व उपक्रम नहीं है। इसलिए भारी जल संकट भी गहराता जा रहा है। लोगों को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है, नतीजतन वे अनेक संक्रामक व्याधियों से घिर रहे हैं। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत नृत्य व दिव्य गीत द्वारा किया गया। सभा में क्षेत्रीय वनाधिकारी राजू श्रीवास ने ने कहा कि आज जल, वायु, आकाश के साथ साथ ध्वनि का प्रदूषण भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। घरों में तथा सार्वजनिक आयोजनों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों और डेक आदि का ज्यादा इस्तेमाल होता है, जिससे अनावश्यक शोर व कोलाहल बढ़ता है। शोधों में पाया गया है कि इससे अनेक लोगों की श्रवण शक्ति मंद हो जाती है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री राजू श्रीवास क्षेत्रीय वनाधिकारी और अनेक वनकर्मी उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से आयोजन के क्रियान्वयन में बीके सुदामा बहन, बीके रागनी बहन, बीके साधना बहन, बीके बबिता बहन, बीके रिचा बहन, बीके मुकेश भाई आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का लाभ बाल व्यक्तित्व विकास शिविर में पधारे 70 बच्चों और लगभग 50 भाई बहनों ने लिया। अंत में उपस्थित बच्चों को उपहार देखकर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

# प्रदूषण कम करने में वृक्ष का बड़ा योगदान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायालय सभागार के बैठक कक्ष में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद न्यायाधीश जेपी यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के विषय पर जागरूक किया। ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम के सम्बन्ध में वृक्षों की भूमिका की जानकारी दी। साथ ही वर्षा के सम्बन्ध मे वृक्षों के योगदान के बारे मे भी बताया गया। जिला न्यायाधीश ने बताया कि वृक्ष न केवल ऑक्सीजन देते हैं बल्कि वाहनों और उद्योगों द्वारा उत्सर्जित विभिन्न हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं। यह प्रदूषण को कम करने का एक स्वाभाविक तरीका है और अधिक वृक्ष लगाने का मतलब प्रदूषण को कम करना है। कहा कि वृक्षारोपण वायु प्रदूषण के अलावा वृक्ष भी ध्वनि और जल प्रदूषण को कम करने में सहायता करते हैं। अपर जिला जज एवं विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव तेन्द्र पाल ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़ पौधे हमें छाया प्रदान के साथ साथ फल, फूल देते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय परिसर एवं नवीन न्यायालय परिसर पुलिस लाइन रोड की भूमि पर पौधरोपण किया गया। साथ ही जनपद न्यायाधीश द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारियां एवं कर्मचारियां को पौधे वितरित किये गये और उन्हें रोपित कर उनकी देखभाल करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवेन्द्र सिंह, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण राजेश कुमार सिंह, वन विभाग के रेन्जर राजू श्रीवास, अध्यक्ष आदिल आफताब अहमद, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवार्थ खरे आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### नशे की हालत में युवक पुलिया से नीचे गिरा

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में शराब के नशे में पुलिया में बैठे 45 वर्षीय युवक नीचे गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। nक्षेत्र के मनकी खुर्द गांव निवासी ओमकार (45) पुत्र मलखान बुधवार की रात्रि गांव के बाहर यमुना नदी किनारे बनी पुलिया पर बैठा था। शराब के नशे की हालत में पुलिया से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजन ढूंढते हुए पुलिया के पास पहुंचे। जहां घायल अवस्था में पड़ा था। आनन फानन घायल को स्थानीय सीएचसी लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरौलीपुर चौकी प्रभारी पंधारी सरोज ने बताया कि अधेड़ शराब के नशे में पुलिया में बैठा हुआ था। तभी पुलिया से नीचे गिर गया होगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### करोड़न नाले के गड्ढे में गिरी बच्ची गंभीर घायल

सुमेरपुर (हमीरपुर)। बुधवार को देर शाम कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल के पीछे बहने वाले करोड़न नाले के गड्ढे में एक बालिका गिरकर डूबने लगी। जिसे आनन फानन में गड्ढे से निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रिफर किया गया है। धर्मेश्वर बाबा मुहाल निवासी भूरा की पुत्री रोशनी 12 वर्ष बुधवार को देर शाम करोड़न नाले के गड्ढे में गिरकर डूबने लगी। लोगों ने उसे गड्ढे से निकालकर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में उपचार के बाद हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### वृद्धा के सिर में लगी चोट अस्पताल में थमीं सांसें

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे के वार्ड संख्या एक डा.राम मनोहर लोहिया नगर में बुधवार को एक वृद्धा के सिर में गंभीर हालत में चोट लग गई। हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। देर शाम सदर अस्पताल में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

क्षेत्र के देवगांव निवासी हुकुम सिंह कस्बे के वार्ड संख्या एक में मकान बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार को इनकी पत्नी फूलमती (70) के सिर पर संदिग्ध हालत में चोट लग गई। परिजन इसको लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# हर चुनाव में पुष्पेंद्र चंदेल की गिरी साख

## 2014 में सर्वाधिक मतों से जीते पुष्पेंद्र चंदेल, वर्ष 2019 के चुनाव में 17 हजार, 2024 में 87 वोट कम मिले

राजेश सिंह, हमीरपुर

अमृत विचार। संसदीय क्षेत्र में पिछले दो चुनावों में भाजपा में आई सुनामी का प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने भरपूर फायदा उठाया। वर्ष 2019 में भी लोग इसे लापता सांसद कह रहे थे। लोकप्रियता में कमी का असर मतदाताओं ने दिया था। तब 2014 में हुए चुनावों के मुकाबले 17 हजार मतों ने पिछड़ गए थे। इसके बावजूद हाईकमान ने इसी प्रत्याशी को तीसरी बार टिकट थमाकर अपनी खास पर बट्टा लगाने का काम किया। इस बार संसदीय क्षेत्र में भाजपा को 87068 मत कम मिले।

वर्ष 2019 में संसदीय क्षेत्र में हुए लोकसभा चुनाव में इतिहास में दूसरी बार भी भाजपा की सुनामी चली। इसमें सभी दलों को खासी चपत लगी। भाजपा की सुनामी ने अन्य दलों को सोचने मजबूर कर दिया। चुनावी इतिहास में देखा जाए तो पिछले 17 बार चुनाव हो चुके हैं। संसदीय क्षेत्र के चुनावी इतिहास को देखा जाए तो भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल वर्ष 2014 में कुल 4,5,929 मत पाने में सफल रहे। वह 2,65,834 के भारी वोटों के अंतर से जीते। वर्ष 2019 में भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह को 575122 मत मिले। जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी बसपा प्रत्याशी दिलीप सिंह को 326470 वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने 2 लाख 48 हजार 652 के भारी मतों से निकटतम प्रतिद्वंद्वी दिलीप कुमार सिंह पराजित किया था, लेकिन वह 2014 में जीता का अपना रिकॉर्ड तोड़ने में 17 हजार मतों से पीछे रहे थे।

तीसरी बार चुनावी समर में कूदे भाजपा प्रत्याशी की संसदीय क्षेत्र में घट रही लोकप्रियता की चर्चा हर कोई गली चौराहे पर करता रहा। इसके बावजूद उन्हें टिकट मिलना मतदाताओं को रास नहीं आया। लापता सांसद की छवि बना चुके भाजपा प्रत्याशी मतदाताओं ने वोट मांगने के दौरान भी दूरी बना रखे। वहीं संगठन के लोग भी अंदर खाने में मतदाताओं के बीच वोट मांगते कम दिखे। इसी का असर रहा कि इस बार संसदीय क्षेत्र में भाजपा को 87068 मत कम मिले। वर्ष 2019 में जहां भाजपा को 52.76 फीसद वोट मिले थे। वहीं इस बार 43.76 यानी नौ फीसद वोट कम मिले।

मोदी के सहारे वोट मिलने की आस लगाना और खुद मतदाताओं से दूरी बनाए रखना ही भाजपा प्रत्याशी को ले डूबा। सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी ने 2629 मतों से आखिर उन्हें मात दे दी। देखा जाए तो 1991 में भाजपा के विश्वनाथ शर्मा ने 94,137 मत पाकर जीत दर्ज की थी। तब वे जनता दल के प्रत्याशी गंगाचरन राजपूत से कड़ी टक्कर के बाद 4,045 मत से जीत पाए थे। वहीं, 1996 भाजपा के टिकट से चुनावी मैदान में उतरे गंगाचरन राजपूत 39.72 फीसदी वोट पाकर विजयी रहे। वह 1,73,238 वोट पाकर सपा प्रत्याशी राजनारायण बुधौलिया को 67,980 मतों से हरा सके।

1998 में हुए संसदीय चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी गंगाचरन राजपूत ने सपा प्रत्याशी राजनारायण बुधौलिया को 18137 वोटों से हराया। 1999 के लोकसभा चुनाव में कुल 1057352 वोटों में से 612344 मत पड़े। जिसमें बसपा के अशोक सिंह चंदेल को 35.56 प्रतिशत यानी 2,17,732 वोट मिले। लेकिन प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी राजनारायण बुधौलिया को 11 हजार 664 वोटों से हरा सके। 2004 में सपा, बसपा के बीच कांटे की टक्कर रही। सपा प्रत्याशी राजनारायण बुधौलिया 220917 वोट पाकर जीते। जीत का अंतर 37 हजार 154 रहा। इसी तरह वर्ष 2009 में जीत दर्ज कराने वाले बसपा प्रत्याशी विजय बहादुर सिंह ने 1,99,143 पाए। वह कांग्रेस प्रत्याशी सिद्धगोपाल साहू को 25,502 मतों से रहा सके थे।



पुष्पेंद्र चंदेल।

### सहकारी बैंक के डायरेक्टर के गांव में भी हारी भाजपा

- सुमेरपुर। भाजपा के जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर के गांव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा नेता के तमाम प्रयासों के बाद मतदाताओं ने कमल को नकार साइकिल को दौड़ा दिया। जिला सहकारी बैंक के संचालक सुधेश द्विवेदी के गांव विदोखर पुरई में मतदाताओं ने कमल को दरकिनार करके सपा की साइकिल को जमकर दौड़ाया। यहां के बूथ संख्या 259 व 260 में सपा को 786 भाजपा को 619 तथा बसपा को 133 मत मिले। 60 मत निर्दलीयों ने बटोर लिए। यहां पर सपा की साइकिल ने भाजपा के कमल को 167 वोटों से हराया।

### जिला पंचायत सदस्य के क्षेत्र में भी मिली करारी शिकस्त

सुमेरपुर। ब्लाक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत इंगोहटा में भाजपा के आधा दर्जन बड़े नेताओं के आवास हैं। इस गांव में भाजपा को सपा की साइकिल ने बुरी तरह से पछाड़ा है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतविलास शिवहरे मौजूदा क्षेत्रीय महामंत्री कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अलावा जिला मंत्री स्वामीप्रताप सिंह, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, मण्डल महामंत्री रामचन्द्र शर्मा एवं मौजूदा प्रधान का आवास है। इंगोहटा के जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार कुछ दिनों पूर्व ही भाजपा में शामिल हुए थे। इनके पूर्वज भी इंगोहटा के मूल निवासी थे। इतने नेताओं के होने के बाद इंगोहटा में भाजपा को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। इंगोहटा में कुल सात बूथ 252 से 258 तक है। यहां के किसी भी बूथ में भाजपा नहीं जीत सकी है। यहां सपा को 2397 तथा भाजपा को 1651 मत मिले हैं। बसपा को महज 275 वोट प्राप्त हुए। यहां पर सपा 746 मतों से जीतने में सफल रही। यहां पर सपा के दो कद्दावर नेता हैं। इनमें पूर्व ब्लाक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार और पूर्व प्रधान एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव शामिल है। इस जीत से इन दोनों नेताओं का कद बढ़ गया है।



सुमेरपुर में डीजे की धुन पर थिरकते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# सपा की जीत पर खूब थिरके पार्टी कार्यकर्ता

संवाददाता, सुमेरपुर

अमृत विचार। बुधवार की रात कस्बे की उद्योग नगरी में सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव सोनिया सोनी के व्यापारिक प्रतिष्ठान में सपाई लोकसभा सीट में मिली जीत पर जमकर थिरके और एक दूसरे को फूल माला पहनाकर खुशी का इजहार किया। इसी तरह स्टेशन मार्ग में सपा नेता के आवास पर खुशी का इजहार किया गया।

बुधवार की रात सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव सोनिया सोनी ने उद्योग नगरी में कार्यकर्ताओं की एक पार्टी आयोजित की। इस पार्टी में सपा नेता एवं कार्यकर्ता पार्टी के गीतों पर डीजे में जमकर थिरके। यहां पर सपा प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण सिंह यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, महिला सभा की नगर अध्यक्ष सबीना खातून, स्नेहा प्रजापति, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष शिवा यादव, रणविजय यादव, लक्ष्मण पाल, सतपाल पाल, विवेक यादव, विनोद पाल, महेश पाल, रविशंकर पाल, गोपाल पाल, सुरेंद्र पाल, सुरेश पाल, पूर्व प्रधान रविशंकर वर्मा, रामप्रकाश पंधरी, ज्ञानी यादव, सुरेंद्र पाल, तेज सिंह, वीरेंद्र साहू, मानसिंह खंगार, आलोक कबीर, अनुज कबीर, अखिलेश वर्मा, बालू वर्मा, जगमोहन यादव, संजय यादव, जावेद खान आदि सपाई मौजूद रहे।

# गन्ने के खेत में मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी गढ़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव गन्ना के खेतों में पड़ा हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



वंदना।

क्षेत्र के पहाड़ीगढ़ी गांव निवासी वंदना (21) पुत्री मानक सिंह बुधवार की सुबह चारा काटने के लिए खेतों की ओर गई हुई थी। शाम तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। काफी तलाश के बाद भी महिला का कुछ पता नहीं चल सका। गुरूवार की सुबह ग्रामीणों ने गन्ने के खेत के पास वंदना का शव पड़ा हुआ देखा तो सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों ने बताया कि वंदना अपने मायके पहाड़ी गढ़ी में रह रही थी। उन्होंने जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की आशंका जताई है। परिजनों ने बताया कि वंदना की शादी मई 2023 को जरिया क्षेत्र के अमूंद गांव निवासी सनिल पुत्र सुरेश कुमार के साथ हुई थी। पति सनिल ने बताया कि पत्नी वंदना होली से अपने मायके में रह रही थी। पति ने भी आशंका जताते हुए कहा कि जहरीला पदार्थ खाने से वंदना की मौत हुई है। इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद भी पता चल सकेगा कि महिला की मौत किन कारणों से हुई।

# पिकअप ने ई-रिक्शा में टक्कर, 5 घायल

हमीरपुर। तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने खड़े ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां एक की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया।

क्षेत्र के पौथिया गांव में ललपुरा की ओर से सवारी भरकर आ रहे ई रिक्शा में सवारी बैठते समय तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा चालक आकाश प्रजापति व रिक्शा में सवार गणेशा (50) पुत्र सत्ती दीन, उनकी पत्नी सुशीला (50), तारा चंद्र चौरसिया, अमर सिंह सचान (65) निवासी पौथिया घायल हो गए। जिन्हें ललपुरा पुलिस एवं लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां अमर सिंह की हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया।

# स्पार्किंग से घर में लगी आग 80 हजार का सामान जला

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सुमेरपुर क्षेत्र के चंदौखी गांव में तारों के आपस में टकराने से हुई थी स्पार्किंग

अमृत विचार। सुमेरपुर ब्लाक के चंदौखी गांव में 11 हजार वोल्टेज की लाइन के तारों में स्पार्किंग से घर में आग लगने से गृहस्वामी का करीब 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

चंदौखी निवासी मइयादीन पुत्र रामनाथ अपने खेत में कई सालों घर बनाकर रह रहे हैं। शारीरिक बीमारी के कारण बाहर इलाज करा रहे हैं। परिवार की अनुपस्थिति में खेत से निकली 11 हजार वोल्टेज की लाइन के तारों की आपस में भिड़ंत से खेत में आग लगी। इस आग ने उनके घर को भी चपेट में ले लिया। पीड़ित ने बताया कि खेत के घर में संपूर्ण गल्ला, भूसा, पिता एवं पुत्र गयादीन की कई ट्राली अरहर की खाड़ी पड़ी थी। जिससे डलिया बनाकर परिवार का गुजारा चलता था। अब आत्मनिर्भरता का सहारा भी छिन गया। वह शारीरिक अवस्था एवं बीमारी के कारण मजदूरी करने में सक्षम नहीं है।

वहीं पर बिजली के तार अत्यंत ढीले हैं। बिजली के तार के ढीलेपन की समस्या को लेकर कई बार विभाग को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा चुके हैं। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बताया कि गांव का महावीर भी खेत पर घर बनाकर परिवार सहित रहते हैं। जिनके घर में पूर्व में आग लगने से लाखों का नुकसान हो चुका है। लेकिन बिजली विभाग ने मुआवजा नहीं दिया है।

## सार-संक्षेप

### आजादी के दीवाने पंडित परमानंद की मनाई जयंती



पंडित परमानंद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए पहुंचे नागरिक। अमृत विचार

राठ (हमीरपुर)। बुंदेलखंड केसरी क्रांतिकारी पंडित परमानंद की जयंती पर जेसीआई द्वारा शरबत वितरण का आयोजन किया गया। पड़ाव चौराहे पर लगी पंडित परमानंद की प्रतिमा पर जेसीआई सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। पंडित परमानंद का जन्म 06 जून 1892 को सिकरौधा गांव के एक कायस्थ परिवार में हुआ था। आजादी के दौरान पंडित परमानन्द ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह की जेल जिसे काले पानी की सजा काटी। गुरूवार को उनकी जयंती पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, जेसीआई के संस्थापक सदस्य केजी अग्रवाल ने पंडित जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान जेसीआई के सदस्यों ने चिलचिलाती धूप में राहगीरों को शीतल ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी में उन्हें राहत दिलाने का कार्य किया। इस दौरान जेसी अध्यक्ष सूर्यमणि तिवारी, मोहम्मद रिजवान, डा.नवीन बुधौलिया, शिवशरण सोनी, धर्मेंद्र कोष्टा, प्रदीप गुप्ता, अवधेश जड़िया, मोहम्मद अनवार, प्रवीण बुधौलिया, भास्कर साहू, मनीष सैनी आदि उपस्थित रहे। वहीं प्रमोद बजाज, रहमत बेग, सलाहुद्दीन, सुल्तान बेग ने लोगों को ठंडा शीतल शरबत पिलाया।

### यात्रियों को पानी, शर्बत के साथ शिकंजी पिलाया



मौदहा के रागौल स्टेशन के पास यात्रियों को ठंडा पानी और शर्बत पिलाते समाजसेवी। अमृत विचार

मौदहा (हमीरपुर)। गुरुवार से जिले के मौदहा विकास खंड में जल जीवन मिशन के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क पेयजल प्याऊ का संचालन इन्फोटेक सैलूशन संस्था ने नगर के रागौल रेलवे स्टेशन में किया। भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था ने सादा पानी के अलावा शिकंजी रसना युक्त एवं सादा ठंडा पानी यात्रियों को उपलब्ध करवा कर राहत पहुंचाई। गुरुवार को कार्यक्रम के आयोजन में मॉनिटरिंग एजेंसी के जिम्मेदारों की देख रेख में जिला समन्वयक सोनू एवं टीम के सदस्य रोहित, धर्मजीत, राजकरण, अर्चना, प्रियंका आदि का सहयोग रहा। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ से इन्फोटेक सैलुशन ने इसका आयोजन किया। जल निगम ग्रामीण हमीरपुर कार्यालय के अधिकारी सन्तोष के मार्ग दर्शन से रेल यात्रियों व जन समुदाय को राहत मिली।

# व्यापार मंडल अध्यक्ष को मारने की धमकी

सुमेरपुर। बुधवार की रात थाने के एक टॉपटेन सजायाफ्ता अपराधी ने झगड़े का समझौता करने से खफा होकर व्यापार मंडल अध्यक्ष को गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी है। पुलिस ने व्यापार मंडल अध्यक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी के घर छापा मारा, लेकिन वह फरार हो गया।

बीते दिनों कुछ युवकों ने पशु बाजार के समीप एक दुकान में घुसकर दुकानदार को पीटा था। पुलिस दोनों पक्षों को थाने लाई थी। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू थाने पहुंचे और दोनों पक्षों की सहमति पर राजीनामा कराकर दोनों पक्षों को छुड़वा दिया था। यह बात सजायाफ्ता विजय माली को नागवार लगी। उसने दुकानदार को पीटने वाले का पक्ष लेकर बुधवार की रात व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू को गोली मारकर हत्या करने की धमकी दे डाली। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने रात में ही तहरीर सौंपी। कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा ने छापा मारा, लेकिन वह नहीं मिला।

# तीन दिन में डाटा सत्यापन करने के निर्देश

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। स्थानीय विकासखंड के सभागार में पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स के अंतर्गत 12 विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। जिसमें तीन दिन के अंदर ग्राम पंचायतों का डाटा अपने लॉगिन आईडी में सत्यापन करने के निर्देश दिए।

स्थानीय विकासखंड सभागार में गुरुवार को 11 बजे पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स के अंतर्गत 12 विभागों की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें पुलिस, स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना आदि विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। जिसमें खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुसार तीन दिन के अंदर अपनी लॉगिन आईडी में ग्राम पंचायत का डाटा सत्यापन करें। जिनका डाटा पूरी तरह से तैयार नहीं है वह डाटा तैयार कर लॉगिन आईडी में सत्यापन करें या खंड विकास अधिकारी कार्यालय में भेजें।



कुरारा विकासखंड सभागार में पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स की बैठक लेते बीडीओ।

समीक्षा बैठक में एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल, सीएचसी अध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल, पशुपालन से डॉक्टर राहुल, कृषि विभाग से बाबूराम, शिक्षा विभाग से सुशील कमल, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी, बाल विकास परियोजना से सुमनलता, सचिव नीरज सचान, बलजीत, नसीम अहमद, जमाल अहमद, आशीष कुमार, निशा आदि मौजूद रहे।

परंपरा | शहर से लेकर गांवों तक दिखा वट सावित्री की पूजा का उत्साह, सोलह श्रृंगार कर पति की दीर्घायु के लिए मांगी मन्नतें

# सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा कर मांगा पति का साथ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। गुरुवार को सुहागिनों ने अपने पति के दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ वट सावित्री का त्योहार मनाया। पारंपरिक श्रृंगार के साथ सुहागिन महिलाएं बांस की डलिया में पूजन सामग्री लेकर विधि-विधान के साथ वट सावित्री की पूजा की।

जनपद के लगभग सभी देवालयों व वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं व बच्चों की भीड़ लगी रही। सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजन सामग्रियों के साथ वट वृक्ष के नीचे पहुंची। वट सावित्री की पूजा कर महिलाओं वे अपने सुहाग व संतान के दीर्घायु की मंगलकामना की। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री कथा में सावित्री और सत्यवान की कथा का श्रवण किया। उसके बाद संकल्प के साथ वट वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चे सूत से वट वृक्ष को लपेटा। मौके पर पुरोहित को श्रृंगार सामग्री व ऋतु फल दान किया।

परंपरा के अनुसार घर पहुंच कर अपने सुहाग व संतान को पंखा झलते हुए प्रसाद सेवन कराया। इस अवसर पर चौरादेवी सुहागिन महिलाओं ने कहीं वट वृक्ष तो कहीं बरगद की डाली स्थापित कर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत भी रखा। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के नीचे पांच, ग्यारह, इक्कीस या इक्यावन बार वृक्ष की परिक्रमा कर वट में धागा लपेटा। इस दौरान सावित्री सत्यवान कथा का भी आयोजन किया गया। सावित्री अमावस्या पर सुहागिन महिलाओं ने सबसे पहले भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया।

इसके बाद वट वृक्ष के समीप जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। मौके पर पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूजा में विभिन्न प्रकार के फलों का प्रसाद चढ़ा कर भक्तों के बीच वितरण किया गया। इसी तरह सुमेरपुर नगर के सभी वार्ड में छोटी बाजार, धर्मेश्वर बाबा, चांद थोक, काली मंदिर, तपोभूमि, इमलिया, अनुसूइया आश्रम आदि में वट वृक्षों के नीचे सैकड़ों महिलाओं ने फेरी लगाकर पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा।



हमीरपुर में वटवृक्ष की परिक्रमा करतीं महिलाएं। अमृत विचार



राठ के सिकंदरपुरा मोहल्ले में वटवृक्ष की पूजा करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

### राठ में भी महिलाओं ने की पूजा, मांगी लंबी आयु

- राठ। गुरुवार को बरगदाही अमावस्या पर सुहागिनों ने वटवृक्ष की पूजा अर्चना की। सुबह से ही महिलाओं ने पूजन सामग्री तैयार कर सुहागिन जोड़े में वटवृक्ष के पास पहुंची। जहां पर उन्होंने पति की दीर्घायु की कामना करते हुए लंबी उम्र का वरदान मांगा। कस्बे के सिकंदरपुरा, बाराखंबा, चौपरा मंदिर, महावीरन मंदिर, कबीर चौरा मंदिर आदि स्थानों पर लगे बरगद के पेड़ों की पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने सती सावित्री की कथा भी सुनाई। सुहागिनों ने पूजन के दौरान वटवृक्ष में सूत लपेट परिक्रमा की। सुहागिन कल्पना, रश्मि, उर्मिला, सुनीति, साधना आदि महिलाओं ने बताया कि वटवृक्ष की पूजा करने से पति की उम्र बढ़ती है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्राक: 262 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 05/06/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती प्रियंका पत्नी भूपेन्द्र राजपूत | श्री शैलेश कुमार खेवरिया व सत्यम खेवरिया पुत्रगण प्रेमनारायन खेवरिया | सिकन्दरपुरा–3 | 05 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्राक: 263 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 05/06/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुनीता पत्नी रामप्रकाश व श्रीमती सरोज कुमारी गुप्ता पत्नी नरेश चन्द्र गुप्ता | श्री कैलाश कुमार भुर्जी पुत्र बैजनाथ | सिकन्दरपुरा–2 | 04 | 439 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

# बच्चों को सिखाया जाएगा पर्यावरण संरक्षण का पाठ

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- जल, जंगल, जमीन, जानवर की दी जाएगी जानकारी
- ग्राम अधांव में प्रकृति की पाठशाला की हुई शुरुआत

**अमृत विचार।** जनपद के ग्राम अधांव में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर में प्रकृति की पाठशाला का शुभारंभ किया गया। चार दिवसीय पाठशाला में सहभागिता ले रहे छात्रों ने पहले दिन 47 की संख्या में पंजीकरण कराया। प्रकृति की पाठशाला जीआईजेड,जर्मन, हेस्को,देहरादून, मंगल भूमि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुभारंभ किया गया यह प्रकृति की पाठशाला कई चरणों पर चलाई जाएगी।

प्रथम चरण में इसमें 6 से 14 वर्ष के बच्चों को जल, जंगल, जमीन, जानवर की समृद्धि हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रकृति के पाठशाला संयोजक रामबाबू तिवारी ने बताया कि 5 जून से 8 जून तक चलने वाली प्रकृति की पाठशाला में पहले दिन सभी छात्राओं का पंजीकरण कराकर छात्रों को किट डिस्ट्रीब्यूशन किया गया।उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण संवर्धन हेतु अब समय आ गया है कि छात्रों को प्रकृति से जोड़ा जाए ऐसे में यह गांव में प्रकृति की पाठशाला का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रकृति की पाठशाला के दूसरे दिन में मुख्य अतिथि के रूप में शंकर जी सिंह उप संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि आज वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के चलते पृथ्वी का तापमान जिस प्रकार से बढ़ रहा है पृथ्वी के तापमान के बढ़ने के चलते इस वर्ष गर्मी भयंकर देखने को मिली है। ऐसे में आगामी बरसात के मौसम में हम बच्चों एक फ्रेंड लेने की एक वृक्ष प्रकृति के नाम इस प्रकृति की पाठशाला से सीख कर अपने घर आंगन पर लगाकर उसको तैयार करें। मुख्य वक्ता के रूप में संजय गुप्ता जी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य भी हैं और वर्तमान भी । भारत के हजारों शहरों और लाखों गांवों में बच्चों को हमेशा हंसते खिलखिलाते रहना चाहिए। कार्यक्रम में देवनाथ गर्ग ने कहा कि गांव में पाठशाला चलने से निश्चित रूप से गांव के बच्चे भविष्य प्रकृति के प्रति संवेदनशील होंगे। आगामी पर्यावरणीय संकटों से निपटने के लिए यह बालक तैयार रहेंगे यही बालक भविष्य में जल मित्र का रूप धारण करेंगे। कार्यक्रम का संचालन मयंक सर्राफ ने किया।धन्यवाद ज्ञापन अनिरुद्ध ने किया। कार्यक्रम में शिवम शुक्ला, प्रिंस,मयंक,राजेश,रवि,सरोज देवी,आस्था विश्वकर्मा,अर्पित कुमार,खुशी देवी समेत दर्जनों छात्र छात्राएं रहे।



बच्चों को संबोधित करते एआरटीओ शंकर सिंह। अमृत विचार


पाठशाला में शामिल बच्चे। अमृत विचार


खुशियां मनाते भीम आर्मी के पदाधिकारी। अमृत विचार

## चंद्रशेखर की जीत पर बांटी मिठाई

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** भीम आर्मी चीफ और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की जीत पर कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए मिठाई बांटी। निजी हास्पिटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष के नगीना से सांसद बनने पर खुशी मनाई गई। इस मौके डा. अशोक तावरे, जिलाध्यक्ष वीरू खरे, जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने नगीना की जनता और कार्यकर्ताओं का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष विजय गिहार, संजीव उर्फ़ टिंकल,कालीचरण, रामबाबू, मुकेश प्रधान,एंड अजीत गौतम,एंड नावेन्द्र नाथ, गुड्डू कठेरिया, प्रमोद, तीर्थ राज बौद्ध अभिषेक आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### दहेज के लिए ससुरालियों ने निकाला घर से

**तिर्वा, कन्नौज।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता का उत्पीड़न कर उसे घर से निकाल दिया। मामले मे पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना इंदरगढ़ के जिनौठी गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र नेकराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी सकरावा थाना के सरायप्रताप गांव निवासी सरमन के साथ 2023 में की थी। शादी के कुछ दिन बाद पति सरमन, जेठ, टीटू, धर्मेद्र जितेद्र सास रामउती उसका उत्पीड़न करने लगे। जब मांग पूरी न हुई तो चार मई को घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### साझेदारी की दीवार गिराने से रोका तो पीटा

**कन्नौज।** रोहनपुर्वा गांव निवासी विक्रम पुत्र प्यारे लाल ने अपने भाई ज्वाला प्रसाद व उसके पुत्र अनुराग, सुमित के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि बुधवार को उक्त लोग उसके साझे की दीवार को जबरन गिराने लगे। जब मना किया तो मारपीट शुरू कर दी। इससे उसके चोट आई।

# खेत पर नरकंकाल मिलने से हड़कंप, नहीं हुई पहचान

## महिला की हत्या कर कंकाल यहां लाकर फेंकने की रही चर्चा

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

- क्षेत्र से गायब हो रहीं लड़कियों से जोड़ कर भी जांच कर रही पुलिस

**अमृत विचार।** गुरुवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब कस्बे के बाहर खेतों में एक महिला का कंकाल मिलने की सूचना मिली। देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल खेतों में महिला का कंकाल कहां से आया? यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

गुरुवार दोपहर बाद कस्बे के बाहर पढोरी रोड पर मुख्य सड़क से लगभग पांच सौ मीटर अंदर खेतों में किसी एक कंकाल मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। जबकि लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों के बीच यह चर्चा हो रही है कि यह महिला का कंकाल खेतों में कैसे आया क्या महिला की कहीं और हत्या कर कंकाल को यहां पर लाकर फेंका गया है या किसी महिला की लू लगने से मौत हो गई है, जिसके बाद जानवरों ने उसका मांस खाकर हड्डियां छोड़ दी होंगी।

इतना ही नहीं क्षेत्र में आए दिन गायब हो रही लड़कियों के मामले से भी इस घटना को जोड़ कर देखा जा रहा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि कंकाल मिला है। लेकिन अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। बाकी पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।


खेतों में मिले कंकाल की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

## वाहन ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर चालक की मौत

**कन्नौज।** जीटी रोड टोल प्लाजा पर पौधों की सफाई के दौरान कंपनी के ट्रैक्टर चालक को वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने सदर कोतवाली में वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मुरादाबाद के इस्लामपुर नरेंद्रपुर थाना भगतपुर टांडा निवासी निशान पुत्र जसवीर सिंह ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि एक जून को समय दोपहर बाद करीब 3:15 बजे उसके ससुर गुरमीत सिंह (52) पुत्र सोहन सिंह निवासी चिचौली थाना मिलक जनपद रामपुर इंट्राप्रोटेक्ट कंपनी में ट्रैक्टर चालक थे। प्रति दिन की तरह वह मजदूरों को ट्रैक्टर ट्राली के साथ उचित सुरक्षा व्यवस्था समेत पौधों की साफ सफाई के कार्य में व्यस्त थे। जेवां टोल प्लाजा के निकट काम चल रहा था। इसी दौरान वाहन के चालक ने तेजी से वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। इससे गुरमीत के गंभीर चोट आई। उनको कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# ग्राम पंचायतों के आरआरसी चालू करने के सख्त निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- डीपीआरओ ने लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी

**अमृत विचार।** चुनाव खत्म होते ही अधिकारी विकास कार्यों को लेकर सक्रिय हो गए हैं। डीपीआरओ ने ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किए हैं। जिसमें में पिछले दो साल निर्मित हो रहे आरआरसी सेंटर एक सप्ताह में अच्छे से संचालित करना शुरू कर दें। अन्यथा आकस्मिक निरीक्षण में संचालित न पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

डीपीआरओ जितेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि वित्तीय आरआरसी मामले में सभी ने उपयुक्त जमीन का चिन्हांकन कर लिया होगा। जिन्होंने अभी नहीं किया है, एक सप्ताह में कर लें। सभी सचिव ग्राम पंचायतों में तरल व ठोस कराए गए कार्यों पर व्यय धनराशि की पृथक पृथक अद्यतन रिपोर्ट हमेशा तैयार रखें। जो ग्राम अभी मॉडल में मार्क नहीं हैं, उन्हें तत्काल मार्क कराएं और जनपद स्तरीय टीम से सत्यापित कराने में भी रुचि लें। उन्होंने व्यक्तिगत शौचालय के पात्र लाभार्थियों की सूची प्रेषित करने को कहा है, जिससे धनराशि अवमुक्त की जा सके। अटल भूजल योजना के अंतर्गत में कार्यों के क्रियान्वयन की कार्यवाही तत्काल प्रारंभ करें। जिससे ज्यादा से ज्यादा वर्षा जल इस वर्ष संचयन कर सकें।

परिवार रजिस्टर का अपडेशन अति शीघ्र कर लें क्योंकि अब डिजिटाइजेशन के लिए एजेंसियां इसी माह काम शुरू करेंगी। पीडीआई का ब्लॉक स्तरीय विभिन्न विभागों से डेटा सत्यापन करा लॉगिन पर अग्रसारित करें। सभी ग्रामों की नालियों की अच्छे से सफाई करा ली जाए जिससे जल प्रवाह की समस्या न उत्पन्न हो। भीषण गर्मी को देखते पेयजल व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही हीट वेव के विषय में जनसामान्य को जागरूक किया जाए।

सामुदायिक शौचालय समय से खोले और बंद किये जाएं। पंचायत सहायक समय से सचिवालय खोलें और बंद करें।

## ठेका सेल्समैन को बाइक से गिरा कर लूट का प्रयास

**तिर्वा, कन्नौज।** अंग्रेजी शराब ठेके से बिक्री के पैसे लेकर जाते समय रास्ते में बाइक सवार दो लोगों ने सेल्समैन को चलती बाइक से गिराकर लूटने का प्रयास किया। संतुलन बना लेने से बाइक तो नहीं गिरी लेकिन डंडा लगने से सेल्समैन घायल हो गया। ग्रामीणों को आता देखकर लुटरे मौके से फरार हो गए। पीडित ने पुलिस को तहरीर दी है।

कस्बे के रोडवेज बस स्टाप के सामने अंग्रेजी शराब दुकान पर ठठिया थाना क्षेत्र के औसेर गांव निवासी गौरव उर्फ कल्लू सेल्समैन का काम करता है। ठेका मालिक गुरसहायगंज में रहते हैं। गुरुवार की सुबह सेल्समैन शराब बिक्री का करीब डेढ़ लाख रुपया लेकर बाइक से मालिक के पास जा रहा था। जैसे ही वह सुजानसराय के आगे पहुंचा तो पीछे से आ रहे बाइक सवार दो लोगों ने चलती बाइक पर डंडा मार दिया। डंडा लगने से पहले वह असंतुलित हुआ फिर उसने संतुलन बना लिया। इस दौरान सिर पर डंडा लगने से घायल हो गया। ग्रामीणोंको आता देखकर बाइक सवार मौके से फरार हो गए।

# यूपी सहित कन्नौज में सपा की प्रचंड जीत पर जश्न


मिष्ठान वितरित करते सपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में कन्नौज सीट से सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अलिखेश यादव तथा प्रदेश में सपा को मिली प्रचंड जीत से सपाई जश्न में डूबे हैं तो करारी हार मिलने से भाजपा के खेमे में मायूसी है। गुरुवार को भी खुशा मनाने का क्रम जारी रहा।

नगर के तिर्वा रोड पर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला महासचिव अरुण कुमार शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सपाई आतिशबाजी छुड़ाकर व ढोल नगाड़ों पर खूब नाचे। इसके बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। अरूण कुमार शर्मा ने कहा कि जनपद में सपा द्वारा कराए गए ऐतिहासिक विकास कार्य और सपा मुखिया अखिलेश यादव की सक्रियता लोकसभा चुनाव में जीत का आधार बनी है। इस दौरान मनी गुप्ता, निक्की, रामकुमार रहे।

# पिता की विरासत को आगे बढ़ाया अखिलेश ने

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


अखिलेश यादव।

**37** लोकसभा सदस्य के साथ पहली बार देश में तीसरे बड़े दल में उभरी समाजवादी पार्टी

- पार्टी मुखिया परिवार के पांचों सदस्यों को सांसद बनाकर रणनीति में हुए कामयाब

**सपा का लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन**

| वर्ष | सांसद |
|---|---|
| 1996 | 17 |
| 1998 | 20 |
| 1999 | 26 |
| 2004 | 36 |
| 2009 | 23 |
| 2014 | 05 |
| 2019 | 05 |
| 2024 | 37 |

**अमृत विचार।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जिस कन्नौज से अपने राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी वहां से वह चौथी बार निर्वाचित हुए हैं। खुद तो जीते ही, परिवार के सभी पांचों सदस्यों को लोकसभा में पहुंचाने में भी कामयाबी पाई है। पार्टी के कुल 37 सांसद जिताकर वह उत्तर प्रदेश में पहले व देश में तीसरे नंबर की पार्टी के नेता बन कर उभरे हैं। यह पहला संसदीय क्षेत्र का चुनाव है जो बिना 'नेताजी' (मुलायम सिंह यादव) के लड़ा गया है। जिसमें अब तक के सबसे अधिक सांसद 2024 में बने हैं।

देश में 240 सांसद जिताकर भाजपा पहले नंबर की पार्टी बनी है। कांग्रेस के 99 सांसद हैं जिससे वह दूसरे और सपा के 37 सांसद होने से तीसरे नंबर का दल बना है। इसके बाद आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का 29 सांसदों के साथ चौथा नंबर है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज संसदीय क्षेत्र से 2024 में चौथी बार चुनाव लड़े और जीते। वह अब तक एक भी चुनाव नहीं हारे। पड़ोसी लोकसभा सीट मैनपुरी से पत्नी डिंपल यादव रिकार्ड मतों से जीत गईं। डिंपल ने वर्ष 2009 में फिरोजाबाद, 2012 में कन्नौज व 2022 में मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से तीन उपचुनाव भी लड़े हैं। इसमें कन्नौज से निर्विरोध सांसद बनीं। इसके अलावा 2022 में ससुर मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए मैनपुरी उपचुनाव में भी सफलता मिली। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कन्नौज से वह करीब 19 हजार मतों से जीती थीं। लोकसभा क्षेत्र का छठवां चुनाव भी वह जीत गईं। मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई अभय राम यादव के पुत्र धर्मेंद्र यादव वर्ष 2009 व 2014 में लगातार बदायूं लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद बने। इसके अलावा दो बार हारे भी। इसमें 2019 का भी चुनाव शामिल है। वर्ष 2019 में ही सपा मुखिया अखिलेश यादव आजमगढ़ से चुनाव जीते थे। मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से 2022 में चुनाव जीतने के बाद आजमगढ़ से इस्तीफा दे दिया था। उपचुनाव में धर्मेंद्र यादव को उतारा लेकिन वह हार गए थे। अब पांचवीं बार वह चुनाव जीत गए। सपा राष्ट्रीय महासचिव व मुलायम सिंह के भाई प्रो. रामगोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव तीन बार चुनाव लड़े जिसमें दो बार जीते। पहला व तीसरा चुनाव ही जीता है। 2014 में फिरोजाबाद से पहला चुनाव लड़कर अपने राजनीतिक कॅरियर का शुभारंभ किया था।

# अखिलेश के सामने 'रुका विकास' दौड़ाने की चुनौती

इरा अवस्थी, कन्नौज

- पांच साल से लगातार कन्नौज का विकास थामने का लगाते रहे आरोप
- आम जन से जुड़ाव रख अपेक्षाओं पर भी उतरना होगा खरा

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र कन्नौज की जनता पांच साल से न तो विकास का मुंह देख सकी और न ही जनप्रतिनिधि स्तर से संतुष्ट हुई। इसका बदला उसने भाजपा प्रत्याशी को हराकर तो सपा के अखिलेश यादव को जिताकर ले लिया। उम्मीद यह कि पांच साल से रुका विकास दौड़ेगा और उनकी सुनवाई भी होगी। अब जब जनता ने भरोसा दिखाया है तो सपा अध्यक्ष के कंधों पर उसकी आंकांक्षाओं-अपेक्षाओं पर खरा उतरने की बड़ी जिम्मेदारी है और चुनौती भी।

इत्र और इतिहास की नगरी के नाम से प्रसिद्ध कन्नौज का राजनीतिक महत्व भी कम नहीं है। सम्राट हर्ष के समय से ही इसका विश्व में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। नये युग की राजनीति की बात करें तो यहीं से चुनाव लड़ने और जीतने वाले राजनेता मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे या राज्य-केंद्र स्तर की राजनीति की। साल 1967 में यहां से समाजवादी चिंतक और सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव के आदर्श डॉ. राममनोहर लोहिया ने जन प्रतिनिधि चुने गए थे। वर्ष 1984 का दौर था जब यहां से लोगों ने कांग्रेस से श्रीमती शीला दीक्षित को चुनाव जिताकर संसद भेजा था और फिर उन्हें केंद्रीय राज्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद के दिनों में वे 1998 से लेकर 2013 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं। इससे पहले उनके कार्यकाल में कन्नौज की जनता ने विकास का मुंह देखा था। तब कन्नौज को हरदोई से जोड़ने वाले गंगा पुल, शहर स्थित विनोद दीक्षित चिकित्सालय, लाख बहोसी पक्षी विहार, टेलीफोन का मैनुअल से ऑटोमेटिक में परिवर्तन, तिर्वा में दूरदर्शन रिले सेंटर की स्थापना आदि जैसे कार्य कराए गए थे।

सितंबर 1997 में तत्कालीन बसपा की मायावती सरकार ने कन्नौज को फर्रुखाबाद से काटकर नया जिला बनाया। संसाधनों को जुटाने का कवायद अगली सरकारों तक जारी रही। इसके बाद की बात करें तो साल 2000 के उपचुनाव में जनता ने सपा संस्थापक मुलायम के पुत्र अखिलेश को यहां से जिताकर संसद भेजा। यह क्रम लगातार अगले दो चुनावों तक जारी रहा। उनके सांसद और फिर 2012 से 2017 तक मुख्यमंत्री रहते जिले में विकास के काम हुए। चुनाव के दौरान और इससे पहले भी कन्नौज आने पर स्वयं अखिलेश ही गिनाते रहे कि उनके समय में खोला गया काउ मिल्क प्लांट, सोलर प्लांट धूल खा रहा है। उनके समय में ही फॉरेंसिक लैब, राजकीय मेडिकल कॉलेज, पैरा मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज सरीखे संस्थान अस्तित्व में आए। मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी व कैंसर संस्थान बने लेकिन भाजपा सरकार ने इनको चालू करने का काम नहीं किया। इसी तरह से तमाम कार्य जो उन्होंने अपने कार्यकाल या सरकार में शुरू कराए रोक दिए गए। वादा भी किया को अगर जनता ने चौथी बार मौका दिया तो कन्नौज में अभूतपूर्व विकास कराया जाएगा। तो जनता ने चौथी बार उन्हें अपने वादे पूरे करने की जिम्मेदारी सौंप दी है। अब उनके सामने बड़ी चुनौती है कि जो कहा उसे करके भी दिखाएं। जो जन अपेक्षाएं पूर्व सांसद पूरी नहीं कर सके उनको भी पूरा करें। इससे भी बड़ी बात कि आम जन की सुनवाई प्राथमिकता से हो। इसके लिए स्वयं समय-समय पर उपलब्ध हों और राष्ट्रीय स्तर की व्यस्तता के चलते यह काम ऐसे जिम्मेदार को सौंपें जो जनता को संतुष्ट कर सके।

स्मृतिशेष

नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने दी थी 'पंडित' की उपाधि, जन्मस्थली सिकरौधा में हुआ कार्यक्रम

# जन्मदिवस पर याद आए बुंदेलखंड के स्वातंत्र्य योद्धा परमानंद

संवाददाता, गोहांड (हमीरपुर)


पं.परमानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड के महान स्वातंत्र्य योद्धा पं परमानंद (खरे) का 132वां जन्मोत्सव उनकी जन्म भूमि गांव सिकरौधा में हर्सोल्लास से मनाया गया।

गोहांड निवासी डॉ.बीके लोधी ने कहा कि कायस्थ परिवार में जन्मे परमानंद को सुभाष चन्द्र बोस ने पंडित की उपाधि दी थी। पं परमानंद शस्त्र और शास्त्रों में प्रवीण थे। भारत मां की आजादी के लिए उन्होंने जीवन के 32 वर्ष कारागार में बिताए। उन्हें आजीवन काला पानी की सजा दी गई थी। उस दौर के सभी क्रांतिकारी पं परमानंद को दिल से सम्मान करते थे। पं जवाहरलाल नेहरू भी उनके सम्मान में कुर्सी से उठकर प्रणाम करते थे। भारत की आजादी के लिए उन्होंने लाला हरदयाल के साथ अमेरिका में रणनीति बनाई थी। जर्मनी, जापान और फ्रांस से उन्होंने पांच हजार से अधिक राइफलें, पिस्तौल, वायर कटर्स एकत्रित किये और अंग्रेजों को चकमा देकर वर्मा के रास्ते वेष बदलकर बंगाल में प्रवेश किया। वहां किसी साथी ने अंग्रेजों की मुखबिरी कर दी। मुखबिर को तत्काल मौत के घाट उतार कर वे पंजाब पहुंच गए। लाहौर में उन्होंने अंग्रेजी सेना और सिपाहियों में विद्रोह करा दिया। तथा खुद बम बनाकर अंग्रेजी सैनिकों पर फेंक दिया इससे बहुत से सैनिक मारे गए। लाहौर षड्यंत्र केस में पं वह व उनके 19 साथी पकड़े गए। पं.परमानंद को जज ने फांसी की सजा सुनाई। फांसी से पूर्व उनसे आखिरी इच्छा पूछी तो उन्होंने जोरदार अट्टहास किया। जज हैरान था कि कोई व्यक्ति मौत की सजा सुनकर कैसे हंस सकता है। आखिरी इच्छा में कहा कि मुझे शीघ्र फांसी पर लटका दिया जाए, ताकि मैं फिर से जन्म लूं तुमको गोली मारूं। चूंकि ईसाई पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करते, इसलिए उन्होंने पं परमानंद के वकील से पूछा तो उसने भगवतगीता के हवाले से बताया कि पुनर्जन्म का सिद्धांत अटल है। जज भयभीत हो गया उसने तत्काल अपना फैसला बदल कर पंडित परमानंद को आजीवन काला पानी की सजा दे दी। डॉ.बीके लोधी ने बताया कि 1842 के बुंदेलखंड विद्रोह में इस क्षेत्र का अप्रतिम योगदान और 1857 के स्वातंत्र्य समर में लुधियांत योगदान पर अपना उद्बोधन देते हुए उन्होंने कहा कि गांव सिकरौधा, रिहट्टा और समस्त लुधियांत का कृतज्ञ हूं कि 1857 के समर में, मेरे पूर्वज गनेश महतों को यहां के क्रांतिवीरों ने अपना तन मन धन से सहयोग किया था। लक्ष्मी नारायण सिंह लोधी दादा ने कहा कि यदि हम महान क्रांतिकारी पं परमानंद की जयंती पर वास्तविक श्रद्धा अर्पित करते हैं तो हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलना होगा। अपनी प्राचीन परंपरागत जाति पंचायतों को मजबूत कर लूट के अड्डे बने पुलिस, कोर्ट कचहरी से मुक्ति पाकर आपस में ही विवादों का निपटारा करना होगा। उन्होंने कहा क्षेत्र के नवयुवकों को शराब, गुटका एवं जुआ जैसी लत ने जकड़ रखा है। किसी भी क्रांतिकारी कौम को यदि कायर बनाना हो तो चालाक लोग उसे नशे की लत लगा देते हैं।

इस अवसर पर मेजर सदानंद खरे वंशज पं.परमानंद, मनोज कुमार चतुर्वेदी, दसाराम मुखिया, प्राग नारायण, इं.विजय सिंह राजपूत आदि ने पं.परमानंद के बारे में अपने विचार रखे। इस मौके पर गोहांड - उरई राजमार्ग से जो लिंक रोड रिहुंटा होते हुए सिकरौधा जाता है, उसके प्रवेश द्वार पर 'पं० परमानंद (खरे) प्रदेश द्वार सिकरौधा' निर्मित कराने, तालाब का सौंदर्यीकरण, पं.परमानंद के जन्मस्थान पर उनके नाम से पुस्तकालय व संग्रहालय बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इस मौके पर करन सिंह, पूर्व प्रधान रिहुंटा, प्रमोद राजपूत, रामानंद खरे, उज्जवल खरे, संजय खरे, मानिक चंद्र, जमुना दास, बृज किशोर नामदेव, बलवीर सिंह राजपूत, दक्ष महतों, नीरज लोधी व जितेंद्र कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासम : सुहृत् ।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम् ॥

किसी के लिए विद्या के समान बन्धु नहीं होता, किसी के लिए विद्या के समान सुहृद् नहीं होता। धन के समान विद्या नहीं होती, सुख के समान विद्या नहीं होती।

## संपादकीय

# शुरुआत से पहले ही दबाव

केंद्र में सरकार गठन की कवायद के बीच शुरूआत से पहले ही भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों ने दबाव की राजनीति शुरु दी है। सत्ता की बिसात पर सहयोगी दल अपनी-अपनी चाल चल रहे हैं। इससे आने वाले समय में नरेंद्र मोदी के लिए पहली बार गठबंधन सरकार चलाने में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत से इंकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है 543 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 293 सीटें जीतीं हैं। भाजपा ने 240, तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने 16 और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने 12 सीटें जीती हैं। ऐसे में नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी प्रमुख भूमिका में आ गए हैं। गुरुवार को जेडीयू ने अग्निवीर योजना की समीक्षा करने की बात सार्वजनिक तौर पर कही है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर बहुत विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर विचार करने की जरूरत है। इसके बाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने जेडीयू की इस मांग के प्रति अपना विरोध जताया है। उन्होंने कहा अग्निवीर योजना की समीक्षा की बात करनी ही थी तो एनडीए की बैठक में ही की जानी चाहिए थी। इस तरह से सार्वजनिक बात करना गठबंधन धर्म के खिलाफ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कथित तौर पर अपनी पार्टी के लिए दो मंत्रालयों की मांग कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र ही वह राज्य है, जहां पर भाजपा को चुनाव में बड़े झटके का सामना करना पड़ा है। भाजपा को इस बार महाराष्ट्र में कांग्रेस से भी कम सीटें मिली हैं। भाजपा को नौ सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं कांग्रेस को 13 सीटों पर जीत हासिल हुई है। साफ हो गया है कि स्पष्ट बहुमत न मिलने की वजह से सरकार चलाने के लिए भाजपा को अपने सहयोगियों पर काफी हद तक निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसे में भाजपा को राष्ट्र के प्रति अपने दृष्टिकोण में अधिक समावेशी और रचनात्मक होने की आवश्यकता है। मतदाताओं के फैसले से भी यही संकेत मिल रहे हैं। समान नागरिक संहिता समेत कोई भी नीति लाने से पहले तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री को अपने सहयोगियों के साथ सामाजिक-आर्थिक एजेंडा को ध्यान में रखते हुए सहमति बनानी होगी। चुनाव परिणाम भाजपा को जवाबदेह बनाता है और मांग करता है कि वह और अधिक रचनात्मक हो। भाजपा को लोकतांत्रिक भावना से उस संदेश पर ध्यान देना चाहिए। लोगों का फैसला इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता कि भाजपा भारत के विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति अधिक सौहार्दपूर्ण और कम टकराव वाली हो।

# प्रवृत्ति के कारण ही अपराध और उद्योग हो गया है गर्भपात



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं,जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं।

एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित जर्नल 'कॉण्ट्रासेप्शन-एक्स' के सन् 2022 में प्रकाशित एक अंक में दिए गए लेख 'ड्रग्स यूज्ड टु इंड्यूस फीटल डीमायीज़ प्रायर टु गर्भपातः ए सिस्टेमेटिक रिव्यु' में दिए गए आंकड़ों के अनुसार विश्व में हर साल सात करोड़ 33 लाख भ्रूण और गर्भस्थ शिशु जन्म से पहले ही समाप्त कर दिए जाते हैं। पूरी तरह से विकसित शिशु तक को गर्भ में ही मार दिया जाता है। कुछ रासायनिक यौगिक या दवा तो ऐसी हैं जिनसे गर्भस्थ शिशु के हृदय की गति को रोक दिया जाता है।

हिंदुस्तान में सन् 1971 में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट पास करके लागू किया गया था। इसके बाद सन 2003 में इससे संबद्ध 'रेगुलेशंस' लागू किए गए। सन् 2021 में इसमें फिर से संशोधन करके कुछ ढील दी गई। इस एक्ट और रेगुलेशंस को बनाने के पीछे की मंशा बहुआयामी रही। यह कि अगर गर्भवती स्त्री की खुद की जान पर जोखिम पैदा हो जाए, नाबालिक कन्या के साथ दुष्टता करने से वह गर्भवती हो जाए या अविवाहिता होने पर गर्भवती हो जाए या फिर विवाहिता होने पर भी और संतान की इच्छुक न होने या किसी भी कारण से गर्भ को पूरा करके बच्चे को जन्म न देने की स्थिति हो तो कानूनन ऐसे गर्भ से छुटकारा पाने के लिए प्रशिक्षित स्त्री-रोग विशेषज्ञ की सलाह पर और देखरेख में गर्भपात किया जा सकता है,लेकिन इस एक्ट का पालन न करने का बड़ा कारण सामजिक तौर से लांछन है।

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं,जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं। लांछन से बचने के लिए अविवाहित स्त्री और इसका साथी पुरुष या घरवाले गैर कानूनी तरीके से अप्रशिक्षित दाईयों या अप्रशिक्षित और गैर-रजिस्टर्ड धंधेबाजों के चंगुल में फंस कर बहुत नुकसान उठाते हैं। भारत में इस समय एमटीपी एक्ट की सन 2021 की संशोधन की अधिसूचना

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है।

के अंतर्गत अधिकतम 24 सप्ताह तक के भ्रूण को निकालने की इज़ाज़त है। गर्भपात के दौरान सभी शरीर क्रियाएं नार्मल होनी चाहिएं। ब्लीडिंग होने की स्थिति में ब्लड ग्रुप की अतिरिक्त थैलियां रखने का प्रावधान अनिवार्य हैं। अगर गर्भपात लीगल है और घरवालों की सहमति से या फिर दूसरी स्थिति में न्यायालय की अनुमति से है या गर्भवती की जान बचाने का मामला ही क्यों न हो, गर्भस्थ भ्रूण या शिशु को एबॉर्ट किया जा सकता है। लीगल मामलों में सारा खर्चा सरकार वहन करती है। एमटीपी लागू होने से पहले गर्भपात को इंडियन पीनल कोड की धारा 312 के तहद अपराध की श्रेणी में रखा गया था।

गर्भपात एक उद्योग नहीं है फिर भी भारत में सन 2015 के आंकड़ों के मुताबिक़ एक करोड़ 80 लाख के आसपास लीगल और न जाने कितनी संख्या में आपराधिक तरीके से गर्भपात किए गए। गर्भपात के बारे में लोगों की भिन्न राय हो सकती है,लेकिन बड़ी बात होती है इसे सही पद्धति से प्रशिक्षित डॉक्टर्स की निगरानी में कानून-सम्मत तरीके से करवाने की ताकि गर्भवती स्त्री की जान पर कोई जोखिम न आए। गर्भपात के इकॉनोमिक, सोशल, धार्मिक आस्था, भावात्मक, शारीरिक और पारिवारिक असर क्या होते हैं, इससे बहुत लोग वास्ता नहीं रखते लेकिन यह कहां तक और कितना नैतिक कर्म है यह तो परिस्थिति पर निर्भर करता है। फिर भी गर्भपात एक ऐसा काम है जो परेशानी का सबब तो है ही, नैतिक पतन से भी जुड़ा हुआ मामला है। एमटीपी एक्ट की जानकारी देश में सभी को, खासतौर से युवाओं अवश्य होनी चाहिए। खतरनाक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब इधर-उधर से जानकारी लेकर और कानून के दायरे में काम करने वाले सरकारी अस्पताल या रेफरल सेंटर, जैसे कि पीजीआई, के एक्सपर्ट ग्यनेकोलोजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की सलाह और सहायता के बिना बाज़ार से गर्भपात की गोली लेकर महिला इसे खुद ही इस्तेमाल कर लेती है और मुसीबत में पड़ती है।

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है। मार्किट में पांच गोलियों का यह पैक अनेक ब्रांड नाम से मिलता है। युवा लोग सामाजिक स्टेटस के गैर कानूनी होने की वजह से अनसेफ सेक्स करके साथी महिला को प्रेग्नेंट करते हैं या रेप होने के बाद गर्भवती हुई बालिग अविवाहिता या विवाहिता या नाबालिक लड़की इस किट को खुद ही इस्तेमाल करने का प्रयास करते हैं,तब अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण मामला बिगड़ जाता है और वे सरकारी अस्पताल या किसी नामी प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर के पास न जाकर नीम-हकीम के पास जाते हैं। राज खुलने पर शर्मिंदगी झेलते हुए भी इन युवजनों को गर्भपात के बुरे नतीजे से बचकर एक्सपर्ट डॉक्टरी मदद बाद में लेनी ही पड़ती है। ऐसे में प्राइवेट क्लिनिक वाले बहुत पैसा लेते हैं। कुछेक बार तो छोटे शहरों में गर्भपात किट की शॉर्ट सप्लाई की ख़बरें भी सुनी गई हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और इसके सदस्य भारत देश में गर्भपात को सुरक्षित करने के वास्ते यौन-सक्रिय और संतान पैदा करने की क्षमता की 15 से 58 वर्ष के बीच की उम्र वाली महिलाओं को कानून की ही नहीं बल्कि सेफ गर्भपात के प्रोसीजर्स की जानकारी होनी ही चाहिए। भारत की कुल महिला आबादी में से 66. 4 प्रतिशत महिलाएं अभी रिप्रोडक्टिव एज ग्रुप में आती हैं। मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन के सोशल स्टेटिस्टिक्स डिवीज़न द्वारा सन् 2022 में प्रस्तुत 203 पन्नों की 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया' रिपोर्ट से जाहिर होता है। बेहद गंभीर बात है कि भारत में गर्भपात के दौरान 67 प्रतिशत महिलाओं की मौत हो जाती है जैसाकि ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (ग्लोबल हेल्थ) के मार्च 2019 के अंक में प्रकाशित पेपर 'अनसेफ गर्भपात एंड गर्भपात रिलेटेड डेथ अमंग 1. 8 मिलियन वीमेन इन इंडिया' के माध्यम से रयो योके, राचेल रोवी, शास्वती सान्याल चौधरी,अंजलि रानी और इनके दो साथियों ने मालूम किया। यह पर्चा भारत की स्वास्थ्य संबंधी 2010 से 2013 की सालाना सर्वे रिपोर्ट्स से लिया गया है। सन् 2007 से 2011 के दौरान जिन 18 लाख, 76 हज़ार 462 गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान विषमताओं के कारण महिलाओं की मृत्यु हुई इनमें वे 253 महिलाएं भी शामिल थीं जिनकी मृत्यु गर्भपात के कारण हुई थी। इस अवधि में कुल 89 हज़ार 447 गर्भपात होने की बात रिपोर्ट में दर्ज है। हमारे देश में स्त्री और शिशु स्वास्थ्य संबंधी रिसर्च रिपोर्ट्स और डेटा की कमी नहीं बल्कि कमी है जानकारी को प्राप्त करने के जज्बे की।

गर्भपात के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा में सेफ्टी का तत्व कितना बड़ा है, पूछेंगे तो प्रश्न ठीक नहीं बनेगा। क्योंकि देश में कोई भी दवा क्लिनिकल ट्रायल्स का डेटा देखने के बाद ही ड्रग रेगुलेटर की इज़ाज़त से बाजार में उतारी जाती है। चोरी या स्मगलिंग से देश में दवाएं नहीं आतीं। प्रश्न यह होना चाहिए कि गर्भपात करने से पहले सही प्रोसीजर्स अपनाए गए या नहीं और एमटीपी एक्ट के अनुसार ऐसा करना सही भी था या नहीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी सेफ गर्भपात गाइड लाइंस देश में ही नहीं,बल्कि 181 और सदस्य देशों में भी उपलब्ध हैं।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण संरक्षण में सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख निर्णय

जून का महीना चल रहा है। पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। वर्तमान में शहरों में भी पानी की कमी हो रही है। इसके कई कारण हैं जिनमें सबसे महत्वपूर्ण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त रहना मौलिक मानव अधिकार है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे पास सीमित समय है और हमें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। सतत भविष्य के लिए हरित बदलाव आवश्यक है जिसके लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करने होंगे। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है तथा इसे गंभीरता से लेना जरूरी है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। इन निर्णयों में न केवल पर्यावरणीय कानून को परिभाषित किया गया है,बल्कि भारत में पर्यावरण संरक्षण के उपायों को भी सुदृढ़ किया है। यहां सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख निर्णयों पर प्रकाश डाल रहे हैं: रुरल लिटिगेशन एंड एंटाइटेलमेंट केंद्र बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश (1985): इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने देहरादून के पर्यावरण को बचाने के लिए चूना पत्थर की खदानों पर प्रतिबंध लगाया। न्यायालय ने माना कि पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए खनन गतिविधियों को रोकना आवश्यक है। एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (गंगा जल प्रदूषण मामला) (1987): इस मामले में न्यायालय ने गंगा में अपशिष्ट पदार्थ डालने पर प्रतिबंध लगाया और गंदगी फैलाने वाली फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया। एम.सी. मेहता बनाम कमलनाथ (1997): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि पर्यावरणीय संसाधन सार्वजनिक संपत्ति हैं और इनका संरक्षण सरकार की जिम्मेदारी है। यह निर्णय पर्यावरणीय कानून के 'लोक न्यासी सिद्धांत' को मान्यता देता है। ताज त्रिपेजियम मामला (1996): इस मामले में ताजमहल के आसपास के क्षेत्र को प्रदूषण से बचाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कठोर निर्देश जारी किए। इसमें आसपास की औद्योगिक इकाइयों को गैस आधारित ईंधन का उपयोग करने या स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। गोदावर्मन थिरुमुलपाड बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1996): इस मामले में न्यायालय ने देश के वन क्षेत्रों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। न्यायालय ने वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाने और वन संरक्षण अधिनियम,1980 को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया। नर्मदा बचाओ आंदोलन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2000): इस मामले में नर्मदा बांध परियोजना पर पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर निर्णय दिया गया। न्यायालय ने परियोजना को मंजूरी दी,लेकिन प्रभावित लोगों के पुनर्वास और पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन पर जोर दिया।

वीलर फोरम ऑफ इंडिया बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1997): इस मामले में न्यायालय ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली में चलने वाले 15 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाया। यह निर्णय वायु गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से लिया गया था। लेसी विलेज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1999): इस मामले में न्यायालय ने ओडिशा के लेसी गांव में जैव विविधता हॉटस्पॉट की रक्षा के लिए निर्णय दिया। न्यायालय ने इस क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर रोक लगाई। सुभाष कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार (1991): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना मौलिक अधिकार है,जो अनुच्छेद-21 के अंतर्गत आता है। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देता है। एमके रंजीतसिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2024): मामले में न्यायालय ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और इसे नियंत्रित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धताओं और प्रयासों पर भी चर्चा की। न्यायालय ने स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास को बढ़ावा मिले। न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 और 14 से इन कर्तव्यों को जोड़ते हुए घोषित किया कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध अधिकार अनुच्छेद-21 और अनुच्छेद 14 के तहत आते हैं। ये निर्णय भारतीय पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुए हैं और भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे।



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

# भाजपा को दक्षिण से मिले संकेत आश्वस्तिदायक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं,जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए।

समूचे भारत में एक वैचारिक झंझावात उठ खड़ा हुआ है कि आखिर लगातार दो टर्म में अपने अकेले दम पर बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बैसाखियों पर क्यों आ टिकी? किंतु ध्यान देने वाली बात है कि बस तीनेक राज्यों को छोड़ दीजिए तो भाजपा का परचम खूब लहराया है। यहां तक कि धुर दक्षिण केरल में भी उसका खाता खुला और तमिलनाडु में उसके वोट प्रतिशत में बड़ा इजाफा हुआ है। आंध्र प्रदेश ने उसका भरपूर साथ दिया। इससे क्या संकेत मिलता है?

संकेत आश्वस्तिदायक है। भारत के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश ने हिन्दू अस्मिता का मुखर संदेश दे दिया है। विगत दशक के शासनकाल में तमाम बाह्य और अंतर्विरोधों के बावजूद,पार्टी की नाकामियों,जन संवादहीनता,बढ़ते भ्रष्टाचार के बावजूद हिंदुओं के एक बड़े हिस्से के मोदी में अटूट विश्वास का ही यह प्रतिफल है कि भाजपा अपने चुनावपूर्व के गठबंधन सहयोगियों के साथ तिबारा सरकार बनाने जा रही है। यह हिंदू गौरव की विजय है।

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं,जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए। इस बेहद अप्रत्याशित और घटिया प्रदर्शन की जिम्मेदारी तो लेनी होगी। पहले कारणों पर चल रहे चर्चा बिंदुओं को रेखांकित कर लिया जाए तो नेतृत्व और भाजपा कैडर की नाकामी है। इसके नेतागण का आम जनता/मतदाता से कनेक्ट पूरी तरह विच्छेदित हो चुका है। आम भाजपाई नेतागण ही नहीं इनके चुने हुए प्रतिनिधि, विधायक और सांसद जीतने या हारने के बाद कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। कभी क्षेत्र में नहीं जाते। आखिर मोदी का चेहरा कब तक इन्हें बचाता? दूसरे शीर्ष कमान को समाजवादी पार्टी की नई और बेहतरीन सोशल इंजीनियरिंग का तनिक भान तक नहीं रहा और ये आत्ममुग्धता में हवाई किले बनाते रहे, जबकि इनके पास इंटेलिजेंस से लेकर सारी मशीनरी थी। या तो इन्हें निरंतर ठकुरसुहाती फीडबैक मिलता रहा और ये गुमराह होते रहे।

यह चुनाव भाजपा के चाणक्य का वाटरलू बन गया और विपक्ष ने उधर एक चतुरतापूर्ण समीकरण तैयार किया। कांग्रेस के पक्ष में वोट जिहाद के गुपचुप नारे के साथ मुस्लिम शत प्रतिशत एकजुट हुए और समाजवादी यादवों की एकजुटता तो जानी पहचानी है ही। इसमें सपा सुप्रीमो का लोकसभावार लगभग सभी जगह ऐसे प्रत्याशियों का उतारना जो दलित या अन्य पिछड़ी जाति के वोट बटोर सकें, इनके लिए सोने में सुहागा बन गया। समीकरण हिट हो गया। भाजपा प्रत्याशी आत्मश्लाघा और आत्ममुग्धता में मतदान की तिथि तक डूबे रहे। न तो क्षेत्र में गहन भ्रमण किया न ही प्रचार किया। इसके बावजूद भाजपा और कमल को समर्पित मतदाता एकजुट रहा। अन्यथा तो और भी शर्मनाक स्थिति होती। हां स्वजाति के प्रत्याशी के नाम पर पिछड़ी जातियां लोकसभावार लामबंद हुईं। पिछड़ी और अति पिछड़ी तथा दलित वोटों में चालाकी भरी सेंध भाजपा पर भारी पड़ गई। तो अब क्या? अब विधानसभा चुनाव सामने हैं। दिन बीतते देर नहीं लगती। भाजपा को तैयारियों के लिहाज से,यहां अपने सेटअप की जबर्दस्त ओवरहॉलिंग करनी होगी। पराजय की जिम्मेदारी लेनी होगी और विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों से सख्त जवाबदेही करनी होगी।

अनावश्यक बोझ बने पदाधिकारियों को चलता करके जनप्रिय और ऊर्जावान नेतृत्व देने वालों को जिम्मेदारी देनी होगी। योगी को संगठन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद देकर सारे भारत में हिंदुत्व की पताका फहराने का जिम्मा मिले और यहां मध्य प्रदेश के ही हिट फार्मूले के अनुसार सुयोग्य बैकवर्ड/दलित मुख्यमंत्री लाना होगा,जो विधानसभा चुनावों को सबल नेतृत्व दे सके। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध कुंद पड़ती धार में तीव्रता लाने,छुट्टा गोवंश की चिरस्थाई हो चुकी समस्या का समाधान करने की परिणामी कार्रवाई भी इसी बीच करनी होगी। नाराज क्षत्रिय क्षत्रपों को भी मनाना समझाना बुझाना होगा जिनका सहयोग भी अन्यान्य कारणों से भरपूर नहीं मिल पाया। ब्राह्मणों का आदर सम्मान करना होगा,क्योंकि भैय्या जी की नजर इस बड़े वोट बैंक की ओर बस उठने ही वाली है। मुझे लगता है कि इन तैयारियों के साथ भाजपा यदि उप्र के आगामी विधानसभा चुनावों में उतरती है तो वह मौकापरस्त गठबंधन को माकूल चुनौती देगी।

## सोशल फोरम

# नकार दिया अहंकारी भाव

इस बार जनता ने अहंकारी भाव खारिज कर दिया कि हम जिसे चाहेंगे टिकट देंगे और जिसे टिकट देंगे वह जीतकर ही आएगा। 2019 की तुलना में इस बार सातों चरण मिलकर लगभग तीन प्रतिशत मतदान कम हुआ। यह कौन लोग थे,जो वोट डालने नहीं निकले,यह प्रश्न भाजपा को मध्य आय वर्ग के बीच ले जाना चाहिए कि क्यों वोटरों में चुनाव के प्रति कोई आकर्षण नहीं रह गया था।

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी चारों ओर मुखर थी और उसके साथ ही हर वर्ग के मतदाता को यह बात भी घर कर गई थी कि नीचे से लेकर ऊपर तक नेताओं में अहंकार बहुत है। सभी के इस अहंकार ने बड़ा अंतर पैदा कर दिया। पूरे उत्तर प्रदेश में उदाहरण भरे पड़े हैं, जो बाहर से आए और यहां उनको टिकट दे दिया गया,जिन्हें जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वीकार ही नहीं किया। इसका एक चिंतन-मंथन होना चाहिए। पूरे उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का कुशल प्रशासन व प्रभाव होने के बावजूद उनके सुझाव को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में स्वीकार क्यों नहीं किया? सूत्रों के हवाले से कहा जाता है कि उन्होंने 34 ऐसे नाम की सूची भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी थी जिसमें उन्होंने कहा था कि यह प्रत्याशी उत्तर प्रदेश में जीतने की स्थिति में नहीं हैं। उनको दरकिनार व विश्वास में न लेकर टिकट वितरण किए गए जिसका परिणाम यह हुआ कि उस सूची के 30 प्रत्याशी हार गए।

अभी समय है पैरासूट कल्चर नहीं रुका तो परिणाम और भी खराब हो सकते हैं। इस दल का जो मूल विचार है-अंत्योदय, एकात्म मानवदर्शन उस विचार को पोषित करने का कार्य कीजिए, अगर ऐसा न हुआ तो यह भारतीय जनता पार्टी का मात्र नुकसान नहीं है। यह इस हम सबका नुकसान है,जो सांस्कृतिक राष्ट्र बनाने का सपना हम सब देखते थे या देखते हैं,वह अधूरा रह ही रह जाएगा। आजकल कुशल संगठनकर्ता, राजनीति के चाणक्य,शिल्पकार और सौर मंडल में उभरे सूर्य,आजकल ऐसे शुभकामना संदेश व फोटो खिंचवा नेता सोशल मीडिया से गायब हैं। हम सब भावनात्मक रूप से 'राष्ट्रीयता के विचार से जुड़े हैं' व्यक्ति से नहीं।

-फेसबुक वॉल से



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय,गोरखपुर

# केर बेर का संग

लोकसभा चुनाव परिणाम आ गए। मोदी नीत सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी बहुमत के जादुई आंकड़े 272 से पीछे 240 पर ठिठक गई। भाजपा ने यह चुनाव मोदी के नाम पर लड़ा था। यह कहा गया था कि 'समझो हर सीट पर मोदी खड़े हैं'। यही नहीं,पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र पर 'मोदी की गारंटी' का लेबल लगाया गया था। ऐसे में 303 सीटों वाली भाजपा का 240 पर सिमट जाना और काम चलाऊ बहुमत भी न पाना,अयोध्या में पराजय,वाराणसी में जीत का अंतर काफी कम होना।

सरासर मोदी के विरुद्ध भारत की जनता का आदेश है और पार्टी को जनता की आवाज सुनते हुए,चाहिए कि राजनीतिक शुचिता और नैतिकता के सु-स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए अपने संसदीय दल का नेता किसी अन्य को चुने। यह नेता चयन शुक्रवार को होना है। मोदी राजग गठबंधन के शीर्ष नेताओं द्वारा 5 जून की बैठक में नेता चुन लिए गए हैं तथापि अभी सांविधानिक औपचारिकता शेष है जिसके अनुसार सभी घटक अपने-अपने संसदीय दल का नेता चुनेंगे और भाजपा संसदीय दल के नेता के समर्थन में पत्र राष्ट्रपति को देंगे। भाजपा संसदीय दल का नेता सरकार बनाने का दावा पेश करेगा, जिस पर राष्ट्रपति निर्णय लेंगी।

खैर! आज के युग में राजनीति में नैतिकता गायब है और सिद्धांत शब्द सियासी शब्दकोश में है ही नहीं। अतः एक बेमेल गठबंधन की सरकार झेलना ही संप्रति देश की नियति है। नरेंद्र मोदी 16 सांसदों वाली तेलगू देशम् पार्टी व 12 वाली जनता दल यूनाइटेड तथा कुछ अन्य की मदद से सरकार बनाएंगे। अब कैसे चलाएंगे यह देखना दिलचस्प होगा। इन दोनों दलों के नेताओं से तालमेल बैठाना बड़ी टेढ़ी खीर होगी। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार,जो किंग मेकर की भूमिका में हैं। दोनों पीएम बनने के महत्वाकांक्षी रहे हैं। नायडू वही हैं जिन्होंने 2002 के गुजरात दंगों के समय,राजग में रहते हुए,सबसे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री मोदी का इस्तीफा मांगा था और उनकी पार्टी ने मोदी के खिलाफ प्रस्ताव भी पास किया था। यही नहीं,मोदी अपनी चुनावी सभाओं में नायडू को , "ससुर की पीठ में छुरा भोंकने वाला" तथा दल बदलने में माहिर कहते रहे हैं और नायडू मोदी पर योजनाबद्ध तरीके से प्रतिष्ठित संस्थानों को नष्ट और विरूपित करने का आरोप लगाते रहे हैं। वे कहते रहे हैं कि मोदी ने संस्थाओं की स्वायत्तता और लोकतंत्र पर हमला किया है। सीबीआई और आरबीआई व चुनाव आयोग तक को नहीं बख्शा। नायडू 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण के प्रबल समर्थक हैं और अपने राज्य में प्रवर्तित भी किए हैं। अब किंग मेकर होकर क्या इसे देश में नहीं लागू कराएंगे? तब भाजपा क्या करेगी? आरएसएस के हिंदुत्व एजेंडे का क्या होगा? क्या तीसरे टर्म वाले मोदी, जिन्हें मिली जुली सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, विसंगति झेल पाएंगे! शायद नहीं।

यह केर बेर का संग है। अब मथुरा और काशी वाले ईदगाह व ज्ञानवापी प्रकरण को क्या मोदी और संघ आगे बढ़ा पाएंगे? नीतीश पर अधिक लिखना बेकार है। वे क्षण भर में पाला बदलते हैं। किसी से कभी भी मिल सकते हैं। आइएनडीआइए गठबंधन की नींव इन्होंने ही डाली थी। संयोजक/पीएम प्रत्याशी नहीं बनाए गए तो विरोधी पलड़े में बैठ गए। कभी मोदी के साथ मंच साझा करने से परहेज था। अब उनके पैर छू चुके हैं। उनकी जाति वार जनगणना कराने की मांग और तदानुसार राष्ट्रीय संसाधनों, सुविधाओं में भागीदारी भाजपा कैसे सुनिश्चित करेगी? इंडी गठबंधन से कोई बड़ा लाभ ऑफर होने पर वे रातों-रात पाला बदल नहीं करेंगे, इसकी क्या गारंटी है? कुल मिलाकर सरकार रूपी सर्कस देखने लायक होगा। विकास आधारित जन उन्नयन भले ही न हो पर मुफ्त का मनोरंजन जरूर होगा।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# संकट में पानी

जल ही जीवन है,यह कहना ही पर्याप्त नहीं है। अपने तथा आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जल को संरक्षित करने के बारे में अनुसंधान, चिंतन तथा परिश्रम करना होगा। जल का प्रमुख स्रोत वर्षा है। वर्षा का अधिकांश जल जो हम उपयोग नहीं कर पाते,नदियों-नालों के द्वारा वापस समुद्र में चला जाता है, बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही कच्ची जमीन के माध्यम से पृथ्वी की कोख में जमा होता रहता है।

जैसे-जैसे विज्ञान ने विकास की सीढ़ियां चढ़ी, प्रकृति के अन्य संसाधनों की तरह हजारों वर्षों से भूगर्भ में संरक्षित जल का एक बहुत बड़ा हिस्सा हमने कुछ ही वर्षों में समाप्त कर दिया है। यही नहीं विकास के नाम पर हर स्थान को सीमेंटेड पक्का कर देने के कारण हमने वर्षा के जल को भूगर्भ में जाने के लगभग हर रास्ते को बंद कर दिए। अगर भूगर्भ जल प्रबंधन के बारे में गंभीरता से प्रयत्न नहीं किए गए तथा भूगर्भ के जल को इस्तेमाल करने की यही गति रही तो निश्चित मानिए,आने वाली पीढ़ियां प्यासी रहने के लिए बाध्य होंगी। भूगर्भ जल को बिना किसी प्रदूषण के संचित करने का एकमात्र साधन हमारे तालाब थे,जो कब्जे या फिर मात्र मनोरंजन के साधन बनकर रह गए। यद्यपि सरकार ने इसका संज्ञान लिया है,परंतु इतना ही पर्याप्त नहीं है। सामाजिक संगठनों एवं युवा शक्ति को स्वयं फावड़ा उठाकर मैदानों की और कूच करना होगा।

वृक्षारोपण की तरह ही जहां कहीं भी स्थान मिले,बरसात से पहले ही छोटे-छोटे तालाब खोद लेने चाहिए। गांवों में भी बड़ी जोत के किसानों को अपने खेत का एक हिस्सा छोटे तालाब में बदल देना चाहिए। तालाब खोदते समय सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि हम खुदाई रेत निकलने तक करें, बीच में न छोड़ें, उसके बाद धरती मां शेष काम स्वयं कर लेंगी। हमारे पूर्वज लोक कल्याण के लिए तालाब,कुएं,बावड़ी आदि का निर्माण कराते थे,जगह-जगह प्याऊ और नल लगवाते थे।

अभी भी अगर हम चाहें,तो बिना अधिक संसाधन लगाए,तालाबों के पुनर्जीवन के लिए चल रहे श्रमदान कार्यक्रमों से जुड़कर इस पुण्य का लाभ उठा सकते हैं।



राज नारायण
बरेली

# नलकूपों की फुंक गईं मोटरें, पानी को तरसे लोग

## सीजन में तीसरीबार खराब हुई नलकूप नंबर-12 की मोटर, महमूदपुरा में भी मोटर जलने से समस्या

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** बढ़ते तापमान तथा भीषण गर्मी के मौसम में नलकूपों के सबमर्सिबल मोटर के खराब होने की वजह से कई मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो गई। जलापूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को भीषण गर्मी में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। ग्रामीण पानी के लिए हैंडपंपों व दूर-दराज क्षेत्रों के नलकूपों से पानी भरने को मजबूर हो रहे हैं।

नगरीय पेयजल आपूर्ति के लिए कालपी नगर में 15 नलकूप तथा 527 हैडपंप लगे हुए हैं। नलकूपों में स्थापित सबमर्सिबल मोटर, स्टार्टर, पैनल आदि उपकरण आए दिन खराब होते रहते हैं। नगर के मोहल्ला टरननगंज निवासी भाजपा नेता नरेंद्र द्विवेदी, नारायण द्विवेदी, रहमत खान, राजेपुरा निवासी अहमद रजा आदि ने बताया कि नलकूप नंबर 12 सब्जी मंडी सबमर्सिबल मोटर सीजन में तीसरी बार खराब होने से राजेपुरा तथा सब्जी मंडी में जलापूर्ति व्यवस्था ठप हो गई हैं।

भीषण गर्मी में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस गए हैं। इसी प्रकार महमूदपुरा मुहल्ले में नलकूप की मोटर व अन्य उपकरण फुंक जाने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई। दीपक कुमार, लखन गौतम आदि ने बताया कि गर्मी के मौसम में पूरे महीने मुहल्ले में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। इसीतरह गमेशगंज तथा दमदमा मुहल्ले में ऊंचाई वाले स्थानों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जल संस्थान के अवर अभियंता आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नलकूप न. 12 सब्जी मंडी की मोटर बदली जा रही हैं। जबकि महमूदपुरा वाले नलकूप में नई मोटर लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी जगह पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के लिए काम चल रहे हैं। जहां कमियां पाई जा रही हैं उन्हें सुधार कर ठीक किया जा रहा है।



ढीले तारों के बीच में फंसाया गया बांस। अमृत विचार

### जुगाड़ के सहारे विद्युत विभाग, हो रहे फाल्ट

उरई (जालौन)। बिजली विभाग ढीले तारों को कसाने की जगह उन पर बांस बांधकर जुगाड़ से काम चला रहा है। जबकि ढीले तार जमीन के बिल्कुल करीब लटककर हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं। वहीं ढीले तारों के आपस में टकराने से आयेदिन फाल्ट होकर विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। इससे भीषणगर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं। शहर के कई मुहल्ले ऐसे है जहां पर हाईटेंशन लाइन को बांस की खपंचियों के सराहे बांध कर लोगों के घरों तक बिजली पहुंचाने का काम किया जा रहा है। बिजली की लाइनें सड़क से कुछ ही दूरी पर लटक रही है। इनकी वजह से कोई भी बड़ा हादशा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।



वट वृक्ष की पूजा करती महिलाएं। अमृत विचार

# वट वृक्ष की पूजा कर मांगा 'सौभाग्य'

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** पति की लंबी आयु और सौभाग्य के लिए नगर की महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। नगर में सुबह से ही महिलाएं फल-फूल, कच्चा सूत, धूप, मिठाई लेकर जगह-जगह वट वृक्ष के नीचे पूजा करके सावित्री सत्यवान की कथा सुनते दिखाई दीं। महंत सिद्धरामदास ठडेश्वरी मंदिर उरई ने बताया कि वट वृक्ष की पूजा अनन्त समय से की जा रही। यह पूजा यमराज और सावित्री से जुड़ी है। महिलाएं अपने-अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष की पूजा करती हैं। इस मौके पर गुड्डी यादव, गुड़िया सिंह, सुषमा सिंह, रिंकू सिंह राजावत, नेहा दुबे, प्रतिभा दुबे आदि शामिल रही। इसीतरह कालपी नगर के इंद्रानगर के बरगद के नीचे काफी भीड़ रही। बाजार में रामजानकी मंदिर के सामने, कनोड़िया भवन के सामने, सज्जाद होटल के पीछे महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करते देखी गईं। वट वृक्ष का पूजन और सावित्री सत्यवान की कथा का स्मरण करने के विधान के कारण यह व्रत वट सावित्री (बरगदाही) के नाम से प्रसिद्ध है।

# कीचड़, कचरे से भरी नालियां, सफाई नहीं

संवाददाता, माधौगण जालौन

**अमृत विचार।** विकास खंड जालौन की ग्राम पंचयात सहाब में नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से खासी समस्या है। नालियों में कचरा भरा होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी नहीं निकलता।

ग्रामीण अनिल, रविन्द्र, बबलू, प्रशांत त्रिपाठी, संजय, कुलदीप, विनय दुबे, अभिमन्यु, अकील खां, अयूव खां ज्ञान सिंह, पिंटू, राजू, तुलसीराम आदि का कहना है कि पंचयात के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण गंदगी और जलभराव की स्थिति से जूझ रहे हैं जिससे कभी भी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते गंदगी और जल निकासी की व्यवस्था करवाई जाये जिससे गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से लोगों को बचाया जा सके। जालौन ब्लॉक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सहाब में लगभग 15 वार्ड हैं, जिसमें 4500 की आबादी है। गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी जितेंद्र पटेल कभी कभार आते है, कर्मचारियों व अधिकारियों से कई बार 1076 लिखित व मौखिक रूप से आग्रह किया कि मुहल्ले में नालियों का पानी घरों के अन्दर घुस रहा है कहीं-कहीं तो यह आलम है कि लोग अपने घरों के बाहर नालियों में उठ रही बदबू के कारण रास्ते से निकलना बंद कर देते हैं। लेकिन सम्बधित अधिकारी के कानों में जू तक नहीं रेंग रही। ग्रामीणों ने कहा कि जल निकासी के लिए कई जगह नहीं नहीं है जहां है वहां कचरे से भरी पड़ी हैं।



सहाब गांव की कचरे से भरी नाली।

### यह भी बताई समस्या

ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में छुट्टा मवेशियों के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। कई एकड़ में बना तालाब भी पानी नहीं होने से सूखा पड़ा है। पानी नहीं मिल पाने के कारण आए दिन पशु पक्षियों, जानवरों की मौतें हो रही हैं।

## दो बदमाशों ने महिला से बैग छीना

**जालौन।** बाइक से जालौन से उरई शादी समारोह में शामिल होने जा रही महिला से मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों ने बैग छीन कर रफू-चक्कर हो गए। छीनाझपटी में महिला चलती बाइक से नीचे गिर कर घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार शाम करीब 8.30 बजे के आसपास जालौन नगर के शिक्षक अनवार अपनी पत्नी शबनम तथा एक छोटे बच्चे को लेकर उरई एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही वह भिटारा निकले ही तभी पीछे से तेज गति से आ रहे बाइक सवार दो युवकों ने महिला के हाथ से बैग छीन लिया। इससे वह बाइक से गिरकर घायल हो गई। बैग में दस हजार नकदी तथा एक मंगलसूत्र था। कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर मिल गई है बदमाशों की तलाश जारी है।

# ईओ ने किया सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण

संवाददाता, कालपी (जालौन)

- सुविधाघरों की नियमित साफ सफाई के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एफसी अरविंद यादव तथा अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने नगर के सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों का औचक निरीक्षक किया। उन्होंने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने राजघाट, कागजीपुरा, टरननगंज, रामचबूतरा, नई बस्ती आदि मोहल्ले में घूम-घूमकर पालिका के द्वारा संचालित शौचायलयों का औचक निरीक्षण किया।

शौचालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेकर ड्यूटी में मौजूद कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर में गंदे पानी का भराव कतई नहीं होना चाहिए। साथ ही शौचालय में आने वाले लोगों सफाई व्यवस्था बनाई रखें इस बात का भी विशेष ध्यान दे अगर कोई गुटखा खा के इधर उधर थूकता है तो उसके ऊपर जुर्मा लगाए।

सफाई व्यवस्था में उदासीनता बरतने वाले कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि एक ऐतिहासिक स्थल के पास पर्यटकों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय के निर्माण प्रस्तावित है, मंजूरी मिलते ही शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### आचार संहिता में लापरवाही बरतने पर थानाध्यक्ष सहित 6 निलंबित

**जालौन।** आचार संहिता में लापरवाही बरतने पर चुरखी थानाध्यक्ष व पांच पुलिस के जवानों को एसपी इरज रजा ने निलंबित कर दिया। आचार संहिता समाप्त होते ही एसपी ने थानाध्यक्ष चुरखी कमलेश कुमार, कालपी कोतवाली क्षेत्र के टरननगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख, थाना डकोर के मुख्य आरक्षी ब्रजेश कुमार, दीवान सिंह, एट थाना के मुख्य आरक्षी अरुण कुमार यादव, कैलिया थाना के मुख्य आरक्षी मनीष कुमार समेत 6 को निलंबित कर दिया। निलंबन का कारण आचार संहिता के दौरान लापरवाही, स्वेच्छाचारिता तथा अनुशासन हीनता बताया गया है।



गायत्री महायज्ञ की जानकारी देते गायत्री परिवार के पदाधिकारी। अमृत विचार

### 12 से 16 जून तक मंशापूर्ण मंदिर में होगा गायत्री महायज्ञ

**उरई (जालौन)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जालौन की ओर से पांच दिवसीय यज्ञ 12 जून से 16 जून तक चलेगा। 12 जून को मंशापूर्ण मंदिर से गायत्री शक्तिपीठ तक शाम 4 बजे कलशयात्रा निकाली जायेगी। गायत्री शक्तिपीठ के संयोजक ने बताया कि चेतना केन्द्र उरई के गायत्री शक्तिपीठ के द्वितीय वार्षिकोत्सव के उपलक्षय में 12 जून से 16 जून तक गायत्री जयंती, गंगा दशहरा तथा नौ कुंड़ीय गायत्री महायज्ञ, युग संगीत एवं प्रवचन का आयोजन किया जायेगा।

### माधौगढ़ में बंदरों का आतंक, पुजारी को किया घायल

**माधौगण जालौन।** विकासखंड माधौगढ़ कस्बा में इन दिनों बंदरों का आतंक छाया है। आए दिन बंदर किसी न किसी को घायल कर रहे हैं। कस्बे के काली मंदिर पर रह रहे पुजारी मगनदास ने बताया कि पूजा करने जा रहे थे तभी बंदरों का झुंड आ गया और हाथ में काट लिया तथा कस्बा की रानी देवी को काट लिया। इसी तरह वार्ड नंबर 11 में रश्मि देवी, रामेश्वर मंदिर पूजा करने के लिए जा रही थीं मंदिर जाते समय बंदरों के झुंड ने उनको घेर लिया और काटकर घायल कर दिया। सूचना नगर पंचायत अध्यक्ष को दी गई तो उन्होंने बताया कि हमने वन विभाग मंत सूचना कर दी है और जल्द से जल्द बंदरों को पकड़ने के लिए टीम बुलाई जाएगी।

### लक्ष्य की प्राप्ति के लिये मन की दृढ़ता जरूरी

**जालौन।** ईश्वर की प्राप्त के लिए सिर्फ सच्ची लगन होना आवश्यक है। इसमें उम्र भी बाधक नहीं बनती। जैसे ध्रुव ने कम उम्र में ईश्वर की प्राप्ति की। गुरुवार को शनि धाम मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास रोहित रिछारिया ने ध्रुव चरित्र की कथा श्रोताओं को श्रवण कराई। उन्होंने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए सच्ची लगन होनी चाहिए।

### पुलिस मुठभेड़ में एक घायल

**उरई।** एसओजी, सर्विलांस और थाना रेंडर पुलिस के संयुक्त चेकिंग के दौरान मध्यप्रदेश के बॉर्डर लगामपुरा के पास बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें फायरिंग में मध्यप्रदेश के लहार थाना क्षेत्र के नानपुरा गांव आर्यन शर्मा पुत्र कुंज बिहारी को गोली लगी, जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। इसके अलावा सोनू कुशवाहा पुत्र मिथलेश निवासी मछंड़ थाना रौन जिला भिंड, आशीष चौहन पुत्र राघवेंद्र निवासी मेहरी थाना लहार तथा नितिन पुत्र दीपक दोहरे निवासी सुंदरपुरा थाना रेंडर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाशों से दो तमंचे, दो मोटर साइकिल, और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

# पूर्व सैनिकों ने राहगीरों को पिलाया शर्बत



शर्बत वितरित करते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जालौन ने बंगरा रोड पर सेंगर कॉलोनी के सुनील सिंह गुर्जर की दुकान पर आम जनमानस के लिए शर्बत वितरण किया। रास्ते से निकल रहे राहगीरों को सभी ने शर्बत पिलाया। इस मौके पर सोबरन सिंह सेंगर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि 40 वर्ष उन्हें सेना से रिटायरमेंट हुए हो चुके हैं लेकिन पूर्व सैनिकों के द्वारा इस तरह की पहल बहुत ही अभूतपूर्व और सराहनीय है । इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवानिवृत कैप्टन अखिलेश नगायच के साथ रविंद्र सिंह राठौड़, सुनील सिंह गुर्जर, अमर सिंह पाल, सुनील कुमार विश्वकर्मा, संतोष रायकवार, उदयपाल सिंह, राधेश्याम दोहरे, कौशलेंद्र सिंह जादौन, सुखपाल सिंह सेंगर, बृजकिशोर पांडेय, शिवप्रताप सिंह सेंगर, एमएस खान, शैलेंद्र सिंह गुर्जर, कक्कू यादव, धीरज सिंह, रेशू यादव, शैलेंद्र यादव आदि पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## होमगार्ड की मौत पर निर्वाचन आयोग देगा 5 लाख रुपये

**माधौगण जालौन।** गत दिनों चुनाव ड्यूटी से लौट रहे एक होमगार्ड की गर्मी से मौत हो गई थी। इस पर निर्वाचन आयोग ने उसे नियमानुसार 5 लाख रुपये देने की बात कही है।

सातवें चरण का मतदान कराने के लिए थाना रामपुरा से गोरखपुर चुनाव ड्यूटी कर वापस लौट रहे होमगार्ड जितेन्द्र बाबू, निवासी जमरेही थाना गोहन की घर लौटते समय औरैया में गर्मी के कारण अचानक तबियत बिगड़ने से अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां मेडिकल कॉलेज सैफई के डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जवान की अंतिम यात्रा में पहुंचे जिला कमांडेंट राजेश कुमार सिंह, बीओ बृजेश कुमार सिंह, धर्मेंद्र अवस्थी, एडीसी कमल सचान आदि पहुंचे। जिला कमांडेंट द्वारा परिवार को आश्वासन दिया गया कि होमगार्ड की मृत्यु पर निर्वाचन आयोग द्वारा नियमानुसार 5 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।



आग पर काबू पाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

# पेट्रोल पंप के बगल में लगी आग, बड़ा हादसा टला

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** गुरुवार को कालपी तहसील क्षेत्र एक पेट्रोप पंप के बगल में आग लग गई, गनीमत रही की समय पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पा लिया। वहीं एक अन्य स्थान पर भी आग लगी।

अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि कालपी नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित पेट्रोलपंप के बगल में आग लगने की सूचना पर विभाग की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई तथा आग पर नियंत्रण कर लिया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। इसी तरह ग्राम इकौना में खेत में आग सुलगने लगी। धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने आग बुझाने में कामयाबी हासिल की।

## उर्स में जवाबी कव्वाली का हुआ आयोजन

**जालौन।** हजरत कमाल शाह सैय्यद बली लहचूरा में सालाना उर्स में चादर चढ़ाने के बाद लंगर का आयोजन किया गया। बाद में जवाबी कव्वाली हुई। इसमें झांसी के नुसरत सुल्तानी तथा कानपुर की शिवा परवीन के बीच जवाबी कव्वाली हुई।

कोच रोड स्थित लहचूरा के पास बनी हजरत कमाल शाह सैय्यद बली की मजार पर आयोजकों द्वारा सालाना उर्स 5 जून को आयोजित किया जाता है, जिसमें पड़ोस के अलावा विभिन्न जगहों से लोग आकर मजार पर चादर चढ़कर अपनी मन्नतें मांगते हैं। इस उर्स को गंगा जमुनी तहजीब में मनाया जाता है, यहां भंडारे का आयोजन हिंदू वर्ग के लोगों द्वारा कराया जाता है, सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस आयोजन में सबसे ज्यादा आयोजक मंडल हिंदू समाज के ही है, इस आयोजन के अध्यक्ष पूर्व से ही शिवराम तोमर हैं जो आज भी हैं।

## बालू खनन पर सुनी समस्याएं

**कालपी (जालौन)।** यमुना नदी में प्रस्तावित बालू खनन को लेकर क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड झांसी के अधिकारियों की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में जनसमस्याएं सुनी गईं। तहसील सभाकक्ष में आयोजित पर्यावरणीय लोक सुनवाई के बारे में उपजिलाधिकारी ने बताया कि जिला जालौन की कालपी तहसील के यमुना नदी के तटवर्ती ग्राम जीतामऊ स्थित गाटा संख्याओं 84.87 व 91 खंड संख्या 2 के प्रस्तावित खनन क्षेत्र में क्षेत्रफल 15.0 हेक्टेयर पर ( उत्पादन क्षमता दो लाख 25 हजार घन मीटर ) 5 वर्ष के लिए खनिज बालू, मौरंग खनन प्राप्त खनन परियोजना के प्रस्ताव पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय दिल्ली की अधिसूचना के तहत सुनवाई की गई।

योजनाओं की समीक्षा | जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने की जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक, दिए निर्देश

# उपजाऊ बनाएं बंजर, खेतों में तालाबों का निर्माण करवाएं

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** लगातार गिरते भूजल स्तर में सुधार लाने के लिए सरकार ने लघु तालाब निर्माण योजना चल रखी है। योजाना के संचालन को लेकर जिलाधिकारी ने गुरुवार को अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हें लक्ष्यों को पूर्ण करने निर्देश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति, वृहद पौधारोपण की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई।

बैठक के दौरान भूमि संरक्षण व भू-जल रिचार्ज की सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए किसानों के खेत में लघु तालाब निर्माण कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी से बिन्दुवार जानकारी ली। भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि लघु तालाब के निर्माण की लागत 1 लाख 50 हजार है, इसमें 50 प्रतिशत कृषक अंश एवं 50 प्रतिशत राज्यांश सम्मिलित है। इन तालाबों का निर्माण कृषक के निजी खेतों पर किया जाता है। अनुदान की पूर्ण धनराशि डीबीटी के माध्यम से कृषकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। भूमि संरक्षण अधिकारी जालौन प्रथम, द्वितीय, भूमि सरंक्षण अधिकारी राष्ट्रीय जलागम को व भूमि संरक्षण अधिकारी डीपीएपी को 230-230 लघु तालाब के निर्माण का माह अप्रैल में लक्ष्य दिया गया है। जिलाधिकारी ने मातहतों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि संरक्षण व भू-जल रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खेत तालाब योजना लागू की गई है, वर्षा का अधिकांश जल बहकर नदी एवं नालों में चला जाता है साथ ही साथ उपजाऊ मृदा भी कटकर चली जाती है, खेत तालाब से वाटर रिचार्ज भी होगा। इस योजना से पात्र कृषकों को लाभांवित किया जाए। इसीतरह पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना द्वारा करवाए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि लघु एवं सीमांत कृषकों की अनुपजाऊ, कम उपजाऊ भूमि को सुधार कर उसमें फसल के उत्पादन को बढ़ाया जा सके, बीहड़ एवं बंजर भूमि में सुधार किया जाना और साथ ही फसल उत्पादन के योग्य तैयार करना है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप बीहड़ एवं बंजर भूमि में सुधार कर फसल के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उप कृषि निदेश एसके उत्तम, भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव यादव, राजेंद्र त्रिपाठी, मधुवेश पाठक, अभिषेक चंद्रा, भारतीय किसान यूनियन से राजवीर सिंह जादौन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



जल संरक्षण समिति की बैठक करते डीएम राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **एस0 के0 भारती पुत्र देव चन्द्र राम, निवासी– सी0आर0पी0एफ0 सेन्टर, गेट नं0– 3, बिजनौर, जिला लखनऊ** मेरे निजी जानकारी में जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप की कोई और शाखा पूरे उ0 प्र0 में नहीं है। अगर जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप की कोई भी शाखा पूरे उ0 प्र0 में मिलती हैं तो उससे हमारा कोई वास्ता नहीं हैं और उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करने का अधिकार सरकार अपने पास सुरक्षित रखती हैं। हमें कोई आपत्ति नहीं हैं। हमारी एक मात्र मुख्य शाखा जे0 बी0 फाउंडेशन/एस0 के0 ग्रुप तथागत फाउंडेशन, ट्रस्ट सी0 आर0 पी0 एफ0 सेण्टर, बिजनौर (चंद्रावल), लखनऊ में हैं। अगर जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप के नाम से कोई भी धोखाधड़ी या गैर कानूनी काम गलत तरीके से करता है या पाया जाता है तो एस0 के0 भारती सचिव/ चेयरमैन और संस्था से कोई मतलब नहीं हैं।

**सूचना**
यह कि मैने अपने दोनो सगे पुत्र बृजेश कुमार व महेंद्र का चाल चलन सही न होने कारण दोनो पुत्रो को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे सभी प्रकार से संबध विच्छेद कर लिया। उनसे अब किसी प्रकार का कोई वास्ता नही रहा। वह अपने कार्यो के स्वंय जिम्मेदार होगे।**–रामप्रसाद पुत्र मिढईलाल, निवासी– हसेरन, थाना– इंदरगढ, जनपद कन्नौज**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **संजय पुत्र प्रेम चंद्र, निवासी– बीबीपुर बंथरा, लखनऊ** मेरे पूर्व के आधार कार्ड सं0–6908 9709 7806 व पैन कार्ड सं0– FSRPK8951C में मेरा नाम त्रुटिवश संजय कुमार एवं पिता का नाम प्रेम शंकर अंकित था। मैने आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में अपना सही नाम संजय व पिता का सही नाम प्रेम चंद्र अंकित करवा लिया है। अतः मेरा सही नाम संजय पुत्र प्रेम चंद्र मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं0– यूपी 32 20070011433 में संशोधित किया जाय। यह कि मेरा सही नाम संजय पुत्र प्रेम चंद्र है इसे सभी अभिलेखों में अंकित किया जाना आवश्यक है तथा इसे ही शुद्ध जाना, पढ़ा व समझा जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रंजना राजपूत पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह लोधी निवासी ग्राम गुटकामऊ पोस्ट बैजूपुर थाना पाली, शाहाबाद जिला हरदोई उत्तर प्रदेश से बदलकर रंजना सिंह लोधी पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह लोधी निवासी ग्राम गुटकामऊ पोस्ट बैजूपुर थाना पाली, तहसील शाहाबाद जिला हरदोई उत्तर प्रदेश कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाए। **–रंजना राजपूत पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह निवासी– लोधी, ग्राम– गुटकामऊ, पोस्ट बैजूपुर, थाना–पाली, तहसील– शाहाबाद जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
सूचित हो कि इंडियन बैंक शाखा दौलतपुर ग्रांट गोंडा का बचत खाता संख्या 59099006613 का खाता धारक हूं। खाता खुलवाते समय मेरा नाम लल्लू पुत्र राम अजोर से खुल गया था जबकि सही नाम रामलोचन है। रामलोचन व लल्लू दोनों नाम से जाना जाता हूं। अन्य सभी रिकार्ड में रामलोचन ही है। इसीलिए बैंक खाता में मेरा नाम **रामलोचन उर्फ लल्लू पुत्र राम अजोर निवासी–ग्राम बैजपुर, पोस्ट–दौलतपुर ग्रांट, जिला–गोंडा उत्तर प्रदेश** फीड कर आधार कार्ड लिंक कर दिया जाए। किसी तथ्य को छिपाया अथवा गलत जानकारी नहीं दी है।

# एसबीआई में भारी मात्रा में पकड़े गए जाली नोट, मचा हड़कंप

## अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज, पुलिस को गिरोह के सरगना की तलाश

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में भारी मात्रा में जाली नोट पकड़े जाने का मामला सामने आया है। आरबीआई कानपुर दावा अनुभाग के प्रबंधक आईपीएस गहलौत ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नकली करेंसी कितनी पकड़ी गई और इसकी खेप कहां से लायी जा रही थी, यह गोपनीय है। पुलिस को लग रहा है कि इसके पीछे कोई गिरोह सक्रिय है। पुलिस ने गिरोह के सरगना की तलाश शुरू कर दी।

एफआईआर के मुताबिक बीते 27 मई को एसपी फतेहपुर ने एसबीआई में बड़ी मात्रा में जाली नोट पकड़ी थी। इसकी रिपोर्ट बनाकर कप्तान ने आरबीआई को भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर आरबीआई के आईपीएस गहलौत ने बुधवार रात सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। एफआईआर से इस बात का भी खुलासा हुआ है कि इस समय जाली नोट अधिक संख्या में पाए जा रहे हैं। हालांकि फतेहपुर पुलिस की कार्रवाई इतने गुपचुप तरीके से थी कि किसी को भनक नहीं लगी। एफआईआर दर्ज होने के बाद से एसबीआई फतेहपुर में तैनात अधिकारी और कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक कानपुर के दावा अनुभाग के प्रबंधक आईपीएस गहलौत ने पुलिस को दी तहरीर में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारीगण व कर्मचारीगण नाम व पता अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराया गया। नकली करेंसी के पकड़े जाने के बाद से हड़कम्प मचा रहा।


शहर स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा। अमृत विचार

- 27 मई को एसपी ने जाली नोट पकड़ने की सूचना दी थी

> रिजर्व बैंक आफ इंडिया के अधिकारी आईपीएस गहलोत की तरफ से जाली नोट से संबंधित एक प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। उन्होंने कहा कि जल्द मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।
>
> –राजेंद्र सिंह, प्रभारी, सदर कोतवाली

# मधुमक्खियों के हमले से नाना की मौत, नाती गंभीर

**फतेहपुर।** थरियांव थाने के ग्राम फैजुल्लापुर कैथाहार में गुरूवार की सुबह खेत जा रहे नाना-नाती पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे नाना गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में दम तोड़ दिया।

फैजुल्लापुर कैथाहार गांव निवासी स्व. सुदर्शन का 55 वर्षीय पुत्र मेवालाल अपने दस वर्षीय नाती रामेंद्र व नातिन के साथ खेत जा रहा था। तभी पेड़ पर लगे मधुमक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे मेवालाल व नाती रामेंद्र बुरी तरह घायल हो गए। जबकि नातिन मधुमक्खियों के हमले से बाल-बाल बच गई। जानकारी मिलने पर गांव वाले मौके पर पहुंचे और तत्काल घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में मेवालाल ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# चेन्नई की एनसीडी टीम ने देखी सीएचसी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर।


सीएचसी का निरीक्षण एनसीडी टीम । अमृत विचार

**अमृत विचार।** युवाओं में बढ़ रही बीमारियों एवं मृत्यु दर को कंट्रोल करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही है एनसीडी कार्यक्रम चल रही है जिसके अंतर्गत अस्पताल में मरीजों की नियमित रूप से कैंसर,शुगर एवं बीपी प्रतिदिन जांच की जाती है। एनसीडी चेन्नई की टीम ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की गई।टीम का नेतृत्व आईसीएमआर चेन्नई के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.र मुरुगन के ए ने किया।

चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथगाम डॉक्टर अमित कुमार चौरसिया द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार गुरुवार को आईसीएमआर चेन्नई के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर मुरूगन के.ए. के साथ जिला प्रोग्राम नोडल अधिकारी डॉ.के के सिंह,डॉ. अब्दुल्ला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एन सी डी के तहत सभी बिंदुओं पर गहनता से निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया।आयुष्मान आरोग्य मंदिर मानापुर जाकर वहां की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी भावना शाक्य से एनसीडी प्रोग्राम की प्रगति एवं पोर्टल के साथ-साथ रिकॉर्ड चेक किया।नॉन कम्युनिकेबल डिजीज एनसीडी के अंतर्गत सीएचसी हथगाम कार्य की प्रगति में जिले में पहला स्थान पर है।टीम ने एनसीडी प्रोग्राम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अमित चौरसिया की प्रशंसा करते हुए जहां कमियां थीं,उनमें सुधार लाने के निर्देश दिए ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर और बेहतर की जा सकें।

युवाओं में बढ़ रही बीमारियों- मधुमेह, कैंसर बीपी आदि और मृत्युदर को कंट्रोल करने के लिए सरकार ने नई पहल की है। युवाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकार प्रदेश भर में एनसीडी प्रोग्राम चला रही है।प्रदेश के चयनित अस्पतालों में ये प्रोग्राम शुरू किया गया है जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथगाम भी शामिल है।गुरुवार को इसी की समीक्षा एवं प्रगति की जांच करने के लिए भारत सरकार की टीम आई थी।

# वटवृक्ष की पूजा कर सुहागिनों ने मांगा सौभाग्य

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाए जाने वाले वट सावित्री व्रत की आभा इस त्यौहार भी देखे बनी। सूरज की पौ फटने से पहले बरगद की पूजा के लिए महिलाओं का जत्था पहुंचना शुरू हो गया। यह सिलसिला दोपहर तक निरंतर देखने को मिलता रहा। सुहागिनों ने बरगद के पेड़ में सूत का धागा लपेटकर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा।

हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का काफी खास महत्व है। ऐसा कहा जाता है कि बरगद के दरख्त की ही शरण में सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे। तभी से वट सावित्री व्रत में वट यानि बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार बरगद के पेड़ में त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है। इसलिए भी इसकी पूजा का खास महत्व माना गया है। वट सावित्री व्रत के लिए महिलाओं को बरगद के पेड़ के नीचे पूजा अर्चना करते देखा गया। पूजा की थाली में रखे पकवान, फल, फूल को अर्पित करने के साथ बरगद में सूत का धागा लपेटकर पतियों की दीर्घायु की मंगल कामना की।


बरगद की पूजा करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

### खरबूजे के भाव बढ़े

फतेहपुर। वट सावित्री व्रत में फल के तौर पर खरबूजा की पूजा की अहमियत ज्यादा होने के कारण इस त्यौहार भी यह भाव खाता रहा। जो खरबूजा दो दिन पहले 100 का 4 किलो मिल रहा था उसके दाम बढ़कर डेढ़ सौ रुपए हो गए। ठेला वाले महंगे दाम के साथ ग्राहकों से मिठास के नाम पर भाव की लेते दिखाई देते रहे।

### कम होते जा रहे बरगद, पूजा के लिए लगाना पड़ा नंबर

फतेहपुर। पर्यावरण के साथ जिस तरह की छेड़छाड़ जा रही है। उसकी सच्चाई दिन-ब-दिन सामने आती जा रही है। बरगद की पूजा के लिए जिस तरह गुरुवार को महिलाओं के झुंड को इस पेड़ की तलाश में भटकना पड़ा। उसे एक बात साफ हो गई कि अगर यही हाल रहा तो दशक- डेढ़ दशक बाद, बरगद खोजना मुश्किल होगा।

# पोल पर चढ़ा किसान गिरकर हुआ घायल

**औंग।** बुधवार देर शाम साढ़े सात बजे थाना क्षेत्र के गांव गंगचौली निवासी अजय तिवारी अपने विद्युत चालित प्राइवेट नलकूप के पोल में बिजली खराबी ठीक करने हेतु चढ़ा था जहां पर अचानक बिजली आ गई और अजय तिवारी पोल से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

घायल के मुंह और नाक से लगातार खून बह रहा था । लोगों ने तुरन्त कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

गंगचौली के लोगों ने बताया है कि इसे पहले पावर हाउस से शटडाउन दिया गया है और उसके बाद ये घटना घट गई। जबकि पावर हाउस चौडगरा की ओर से कोई शटडाउन देने की बात को सिरे से खारिज कर दी गई है।

# नीट परीक्षा में महर्षि विद्यालय के 'सितारे' चमके, छाई खुशी

सवांददाता, फतेहपुर

- आधा दर्जन से अधिक बच्चों ने मारी बाजी, परिजनों के साथ स्कूल भी इतराया

**अमृत विचार।** कड़ी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने वालों को मंजिल खुद ब खुद मिल जाती हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है महर्षि स्कूल के आधा दर्जन से अधिक बच्चों ने। नीट की परीक्षा में अच्छे अंक लाकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है बल्कि अपने माता पिता का सिर गर्व से ऊंचा करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रशासन ने इन सभी बच्चों का सम्मान करते हुए उत्साहवर्धन किया।

शहर के महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के छात्र-छात्राओं ने ऑल इंडिया नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद में विद्यालय का नाम रोशन किया है। इनमें तनीषा वर्मा 695 अंक, अभिषेक राजपूत 663 अंक, भूमिजा दीक्षित 774 अंक, अंचित दीक्षित 665 अंक प्राप्त किया।


सलोनी गोस्वामी


तनीषा वर्मा


मुस्कान अग्निहोत्री


स्तुति सिंह

प्राची श्रीवास्तव 668 अंक, सलोनी गोस्वामी 624 अंक नवल शंकर अग्निहोत्री 652 अंक, स्तुति सिंह 620 अंक एवं मुस्कान अग्निहोत्री ने 572 अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित किया है।

मेधावी बच्चों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय सहित जिले का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में सदैव अवसर आते रहते है। योजनाबद्ध तरीके से तैयारी कर बड़ी से बड़ी परीक्षा में भी कामयाबी हासिल की जा सकती है। उन्होनें अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में अपना स्थान बनाना बड़ी बात है। यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन से प्राप्त हुई हैं। गुरुवार को स्कूल परिसर में इन सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिवार मौजूद रहा। उधर परिवार वाले अपने बच्चों के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर खुशी से फूले नहीं समा रहे थे।

# जीविका के लिए जिंदगी से खेल रहे संविदा कर्मी

**फतेहपुर।** तमाम संविदा विद्युतकर्मी जीविकोपार्जन के लिए बिना सेफ्टी किट के बिजली के पोल में काम कर खतरा मोल लेते नजर आ रहे हैं। सुरक्षा कवच न होने से लाइन फाल्ट सही करते समय जिंदगी को जोखिम में डालने वाले इन कार्मिकों को सुरक्षित रखने के लिए उपाय न किए जाने से हादसे होते रहते हैं। इसके बावजूद इस तरफ गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एसआईसी रिपोर्ट के अनुसार संविदा कर्मी की संख्या करीब एक हजार 35 हैं।


बगैर सुरक्षा कवच के बिजली के पोल पर लाइन को ठीक करता संविदा कर्मी।

# मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के उपाय नहीं

संवाददाता, फतेहपुर

- डेंगू जैसे लक्षण वाली बीमारी की चपेट आ सकते हैं लोग

**अमृत विचार।** बारिश के दौरान वायरस और बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के प्रति जिम्मेदार विभाग गंभीर नहीं हैं। मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए महीने भर पूर्व लोगों को जागरूक करने के अभियान चलाया जा चुका है। मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण की अनदेखी से पिछले साल डेंगू जैसे लक्षण वाली बीमारी की चपेट लोग आ सकते हैं।

दोआबा में पिछले साल डेंगू की चपेट में 95 लोग आ गए थे। जिनमें मौत का आंकड़ा सरकारी आंकड़ों के हिसाब से शून्य था। लेकिन कई डेंगू के मरीजों की हालत गंभीर हो गई थी। कोरोना की जांच में एलटी व एलए के व्यस्त के कारण मलेरिया की जांचों की अनदेखी के बाद भी 56 मरीज मलेरिया से पीड़ित पाए गए थे। हर साल की तरह इस बार भी जिले में डेंगू मलेरिया जापानी बुखार आदि से बचाव व रोकथाम के लिए एक जून से शुरू होने वाले जागरूक अभियान में जिम्मेदारों ने कमर कस ली है। जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर ने बताया कि जून माह में घर घर जाकर लोगों को जागरुक करने का काम किया जाएगा।




### अभियान के दौरान कागजों में सब कुछ दुरुस्त

- जिले में पिछले साल डेंगू से प्रभावित रहे 26 गांव व कस्बे मलेरिया विभाग द्वारा संवेदनशील के रूप में चिह्नित किए गए थे। इनमें अमौली ब्लाक के रोटी बुढ़वांए लहुरी सरांय चांदपुर मंगलपुर टकौली नोनारा बाबूपुर नसेनिया आजमपुर गढ़वा सराय धरमपुर जलालपुर नेवरी देवमई ब्लाक के पतारी लंगर सरायए देवमई खास कंजरन डेरा चिल्ली बेहटाए घनश्यामपुर सिठर्राए द्वारिकापुर जट्ट खजुहा ब्लाक के अमजदपुर गहरूखेड़ा दरियापुर शिवरी और मलवां ब्लाक के बहरौली शामिल हैं। प्रभावित गांवों में जलभराव की वजह से संवेदनशील हैं। संचारी रोग अभियान में खामियों को कागजों में दुरुस्त होने का दावा कर दिया गया।

# बदला मौसम, तेज हवाओं के साथ बारिश

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को भोर पहर हुई बूंदाबादी की बारिश ने राहत दी। आसमान में दोपहर तक बादल छाये रहे। इससे तापमान के मिजाज में गिरावट रही। एकाएक तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट हुई। हल्की बूंदाबांदी भोर पहर शुरू हुई।

मौसम का यह मिजाज आज और कल भी ऐसे ही बने रहने के आसार हैं। अधिकतम तापमान में गिरावट की संभावना है। तेज हवा और बारिश से लू का असर खत्म होने की उम्मीद है। हालांकि आद्रता का स्तर बढ़ने से आज कम तापमान में भी गर्मी चुभने वाली रह सकती है। वहीं मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आगामी पांच दिनों में जिले में हल्के बादल छाए रहने की संभावना रहेगी। इसके कारण बारिश की संभावना नहीं रहेगी परंतु लू चलने की संभावना रहेगी। अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहेगा जबकि न्यूनतम तापमान 29 से 31 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहेगा। हवा की दिशा अधिकतर उत्तर-पश्चिमी होगी और हवा की गति सामान्य से तेज हो सकती है।



- पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ का असर मैदानों तक पहुंचने से हुई बारिश

### गर्म हवाओं से बचने की सलाह

किसानों को लू और गर्म हवाओं से बचाव के लिए सलाह दी जाती है कि वे सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से अपने घर से बाहर न निकलेंए खेतों में 11 बजे से लेकर 4 बजे तक काम करने से बचे। खेतों में कार्य करते समय पानी की बोतल अपने पास जरूर रखें और पानी थोड़ी थोड़ी देर में पीते रहें।

### धान की नर्सरी अभी न लगाएं

जानवरों को सुबह और शाम नहलाएं इन्हें छायादार स्थान पर रखें और तीन से चार बार पानी दें। रात दस बजे मौसम का रुख बदलना शुरू हुआ और तेज हवाएं चलने लगी। कुछ ही देर में शहर के विभिन्न हिस्सों में बौछारों ने दस्तक दे दी। तेज हवाओं के साथ कुछ हिस्सों मे हल्की बारिश हुई। पहाड़ों पर मौजूद पश्चिमी विक्षोभ का असर मैदानों तक पहुंचने से बारिश हुई।

# निमंत्रण में आए अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- थरियांव थाने के ग्राम बहरामपुर कोरी पुरवा में घटना, शौच क्रिया को जा रहा था

**अमृत विचार।** थरियांव थाने के ग्राम बहरामपुर कोरी पुरवा में गुरूवार की सुबह शौचक्रिया को जा रहे 55 वर्षीय अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के बिझौली गांव निवासी छेदू का पुत्र महेश कोरी का पुरवा निवासी शिवदास के नाती के मुंडन था। जिसमें निमंत्रण पर वह पहुंचा। आज सुबह पांच बजे वह शौचक्रिया के लिए जा रहा था। तभी रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया और घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

लोकसभा चुनाव | 1999 के बाद स्थानीय प्रत्याशी के सिर बंधा जीत का सेहरा

# ढाई दशक बाद मतदाताओं ने स्थानीय को चुना सांसद

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** 18वें लोकसभा के आम चुनाव में सत्ता दल की भितरघात व बाहर का होना भाजपा प्रत्याशी की हार का कारण बनी। फतेहपुर लोकसभा सीट के मतदाताओं ने करीब ढाई दशक बाद स्थानीय प्रत्याशी को सांसद बनाकर लोकसभा भेजा। 1999 के आम चुनाव में अशोक पटेल की जीत के बाद यह पहला मौका है जब सपा के स्थानीय प्रत्याशी नरेश उत्तम ने अपनी विजय पताका फहराई है।

1962 में पहली बार स्थानीय उम्मीदवार गौरीशंकर कक्कड़ को सांसद बनने का मौका मिला। इसके बाद 1967 एवं 1971 के चुनाव में प्रतापगढ़ के संतबख्श सिंह को कांग्रेस से ही सांसद बनने का गौरव मिला। जनता पार्टी की लहर में आपातकाल के बाद हुए पहले चुनाव में 1977 में प्रयागराज के वकील बशीर अहमद को मतदाताओं ने लोकसभा की सैर कराई। इसके बाद 1978 में हुए उपचुनाव में स्थानीय लियाकत हुसैन को दूसरा सफल स्थानीय प्रत्याशी बनने का मौका मिला। 1980 एवं 1984 में बनारस के हरिकृष्ण शास्त्री को दो बार सांसद बनने का अवसर मिला। जबकि 1989 एवं 1991 में भी बाहरी प्रत्याशियों के लोकसभा जाने का सिलसिला चलता रहा। इस बार जनता दल के वीपी सिंह ने इस सीट से लोकसभा का सफर तय किया। पहली बार में तो वे देश के प्रधानमंत्री भी बने। 1996 में बांदा के विशंभर निषाद लोकसभा में संसदीय सीट के प्रतिनिधि बने लेकिन इसके बाद 1998 एवं 1999 में स्थानीय भाजपा प्रत्याशी अशोक पटेल ने संसद भेजा।

2004 में फिर से बाहरी प्रत्याशी ने वापसी की और बांदा के महेन्द्र प्रसाद निषाद ने चुनाव जीत लिया। जबकि 2009 में घाटमपुर के राकेश सचान व 2014 व 2019 में बुन्देलखंड की साध्वी निरंजन ज्योति को यहां के मतदाताओं का प्यार मिला।

लोकसभा सीट से स्थानीय प्रत्याशी चार बार ही जीते सके। जनता ने बाहरी को सिर आंखों पर बैठाए रखा। 1962 के बाद स्थानीय प्रत्याशी को जीतने में करीब 16 साल लगे और 1978 में उपचुनाव में लियाकत हुसैन सांसद बने। इसके बाद फिर से लंबा अंतराल आया और 20 साल बाद 1998 व 1999 में स्थानीय अशोक पटेल लोकसभा पहुंचे। 2024 में सपा के स्थानीय प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल ने अपनी विजय पताका फहराई है। इस चुनाव में जनता में स्थानीय और बाहरी मुद्दा गरमाया रहा। चुनाव परिणाम आने के बाद ह पता चल कि बाहरी को जनता ने नकार दिया। भापजा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के हार की वजह यह भी रही कि जिले के कुछ लोगों के चक्रव्यूह में फंस कर आम जनता के बीच पहुंचने का सरोकार नहीं रखा। यह बात पार्टी के कार्यकर्ताओं को अखरती नहीं कि चुनाव के समय ही उनकी पूंछ होती है। स्थानीय प्रत्याशियों के न चुने जाने के पीछे प्रमुख दलों द्वारा अधिकतर मौकों पर स्थानीय उम्मीदवार पर दांव न लगाया जाना भी बड़ा कारण रहा है। इस बार सपा कांग्रेस गठबंधन से स्थानीय नरेश चन्द्र उत्तम व बसपा से कानपुर के डा मनीष सचान मैदान में थे। हमीरपुर की साध्वी निरंजन ज्योति पर एक बार फिर दांव लगाया।



### कार्यकर्ताओं की नाराजगी भारी पड़ी

- कार्यकर्ताओं की नाराजगी भाजपा प्रत्याशी को भारी पड़ गई। पार्टी के कार्यकर्ताओं की सरकारी विभागों में सुनवाई नहीं हो रही थी,जो सीधे जनता से जुड़े हुए थे। उन कार्यकर्ताओं को नाराज करना बीजेपी को भारी पड़ गया। इस लोकसभा चुनाव के दौरान मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक कार्यकर्ताओं का आह्वान का मतदान के दिन कोई असर देखने को नहीं मिला।

# गुमटी में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

**खागा ।** बुधवार देर शाम नवीन मंडी के समीप रखी एक गुमटी में भीषण आग लग गई। जिससे गुमटी आग का गोला बनकर धू- धूकर जलकर खाक हो गई।

नवीन मंडी के समीप रखी राजू की गुमटी अचानक धू- धूकर जलने लगी। गुमटी को जलता देर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। कुछ देर बाद लोगों ने किसी प्रकार से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन लोगों को सफलता हाथ नहीं और गुमटी जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों द्वारा सिगरेट पीने के बाद जलती हुई सिगरेट फेंक दी गई थी। कुछ देर बाद वह आग धधक उठी और गुमटी को अपने चपेट में ले लिया। जिससे गुमटी पर रखा हजारों का सामान जलकर राख हो गया। राजू गुमटी में पान मसाला बेचने का काम किया करता था।

# जिले की पुलिस को मिलीं कैमरा लगी सात स्कार्पियो

## अपराधियों पर शिकंजा कसने में मिलेगी मदद, एसएसपी ने दिखाई झंडी

कार्यालय संवाददाता, इटावा



जिले को आवंटित वाहनों को रवाना करते एसएसपी संजय कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डायल मुख्यालय 112 द्वारा जनपद को आवंटित की गई 7 नई स्कोर्पियो कार एवं दो मोटर साइकिल को पुलिस लाइन से एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर थानों की ओर रवाना किया। इन वाहनों के मिल जाने से अपराधियों के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान को मजबूती मिलेगी।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्यालय 112 द्वारा इटावा को आवंटित की गयी सात नई स्कार्पियो कार एवं दो पल्सर मोटर साइकिल को हरी झंडी दिखाकर थानो पर रवाना किया गया। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी (पीटीजेड कैमरा), थाना ऊसराहार, थाना जसवन्तनगर (पीटीजैड कैमरा), थाना भरथना, थाना बकेवर, थाना चौबिया, थाना सैफई को नई स्कोर्पियो कार आवंटित की गईं एवं थाना लवेदी और थाना चकरनगर को नई पल्सर मोटरसाइकिल आवंटित की गईं।

बताया जा रहा है कि नई स्कोर्पियो कार हाई टेक्नोलॉजी से लैस हैं। जिसमें से 02 स्कोर्पियो कार पर 01 कैमरा लगा है जो बड़ी घटना पर साक्ष्य के काम आयेगी यह कैमरा 02 किलो मीटर की परिधि पर भी फोटो ले सकता है और यह 360 डिग्री घूम सकता है जिससे किसी भी दिशा में होने वाली किसी भी घटना का साक्ष्य आसानी से एकत्रित किया जा सकता है। यह कैमरा किसी भी व्यक्ति की शक्ल और वीडियो रिकार्डिंग कर सकता है ऐसे में कोई भी व्यक्ति अगर कहीं हंगामा करता है तो आसानी से पकड़ा जा सकता है। कैमरे की मॉनिटरिंग सीधे मुख्यालय स्तर लखनऊ से की जाएगी एवं शेष गाड़ियों में भी जल्द ही कैमरे लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम एवं प्रतिसार निरीक्षक प्रभारी डायल-112 सहित अन्य पुलिस कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पालतू कुत्ते को लेकर पथराव, छह घायल

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के कुरसेना गांव में पालतू कुत्ते को डंडा मारने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर ईंट और पत्थर चले। पथराव में दोनो पंक्षो से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक पक्ष के इमरान ने बताया कि वह अपने मामा मुकीम के घर पर बीते एक महीने से पुताई एवं पुट्टी का काम कर रहा है। मामा के पड़ोसी इसाक अली के घर एक पालतू कुत्ता है जो अक्सर गली से आने जाने लोगों का काट लेता है। सोमवार को वह काम करके घर से बाहर निकल रहा था तभी पालतू कुत्ता काटने के लिए दौड़ा। उसने बचाव में डंडा मार दिया। इसी बात को लेकर इसाक, साहे आलम, नवी आलम, इस्तिाक अली गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे उसको चोटें आई हैं। दूसरे पक्ष से जीनत पुत्री इशाक अली ने बताया कि वह घर के बाहर बैठी थी। तभी शहनवाज, यूसफ अली, अब्दुल अली, इमरान, यासीन आए और उनके पालतू कुत्ते को मारने लगे। विरोध करने पर ईंट, पत्थरों से हमला कर दिया इस कारण माता-पिता और उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनो पक्षो की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कार्रवाई की मांग को लेकर शव रखकर लगाया जाम

संवाददाता बकेवर, इटावा

- मैरिज होम के संचालक पर लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे के पास स्थित उर्मिला गेस्ट हाउस में एक युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले को लेकर पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव को हाईवे की सर्विस रोड पर रखकर जाम लगा दिया और कार्रवाई की मांग की।

मृतक के परिजनों ने बताया कि योगेंद्र राजपूत उर्फ लुक्के (19) काफी समय से मैरिज होम में कार्य कर रहा था। सोमवार को मैरिज होम संचालक से वह पैसे लेने गया था। इसी को लेकर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गई। सड़क जाम करने की सूचना बकेवर थाना पुलिस को दी गई। मौके पर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा, एसएसआई हेमंत सोंलकी, बिजौली चौकी प्रभारी आमिर खान, क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के स्वजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

### छात्रा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**इटावा।** रेलवे लाइन पार कर कोचिंग जा रही एक छात्रा की दिल्ली की तरफ से आ रही शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जब देर शाम तक बेटी घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन की। बाद में किताबें और बैग और कपड़ों से पहचान हो पाई। पक्का तालाब गमा देवी कॉलोनी, थाना कोतवाली की रहने वाली प्रीति (17) पुत्री अरविंद राठौड़ इंटर की छात्रा थी। बुधवार शाम को वह कोचिंग पढ़ने गई थी। लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। बाद में परिवार के लोग खोजबीन करते वहां पहुंचे और शिनाख्त की। पिता अरविंद राठौड़ ने बताया कि सबसे बड़ी लड़की प्रीति इंटरमीडिएट की छात्रा थी और वह हर रोज कोचिंग पढ़ने जाती थी। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। पोस्ट मार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।



प्रीति।

## सार-संक्षेप



पौधारोपण करते चेयरमैन सत्यनारायण शंखवार। अमृत विचार

### नगर पालिका चेयरमैन ने किया पौधारोपण

**जसवंतनगर।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार एवं ईओ श्याम वचन सरोज ने बस स्टैंड पानी की टंकी, पालिका परिसर, फक्कड़पुरा पानी की टंकी पर पौधारोपण किया। पालिका के विश्वनाथ प्रताप सिंह, नवनीत कुमार, अरविंद कुमार, लालकुमार, विनय सगर, सुरजीत सिंह, सूरज सिंह, मोहित यादव, कृष्णकांत, सफ़ाई नायक राम सिया, विनोद कुमार, सभासद कमल प्रकाश, हेमू शाक्य, देवेंद्र कुमार, मुहम्मद फ़ारूख़, मोनू दुबे मोहित शाक्य मौजूद रहे।

### सर्वजन सुखाय के मिशन को आगे बढ़ाएंगे : शिवप्रसाद

**इटावा।** सर्वजन सुखाय पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव ने मैनपुरी और इटावा लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और आम मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सर्वजन सुखाय पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक चाहे जैसी परिस्थितियां रही हों सभी लोगों ने पूरी निष्ठा व सर्मपण से प्रत्येक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने मिशन पर जुटने वाले आप सभी बहादुर योद्धा साबित हुए। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग मिलकर यह संकल्प लेते हैं कि परिणाम की चिंता किए बिना इस अपने पवित्र निशन पर आगे बढ़ते रहेंगे।

### ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री की मौत

**भरथना।** सुपरफास्ट विक्रमशिला ट्रेन को आपात स्थिति में रोकते हुए बीमार यात्री को भरथना रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। उसे भरथना चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जीआरपी जवान पुष्पेन्द्र ने बताया कि मृतक के युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### कलश यात्रा का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

**बसरेहर।** विकास खंड बसरेहर क्षेत्र के गांव अकबरपुर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। कथा वाचक अजय शास्त्री ने वेद मंत्रों के साथ भागवत स्थल पर कलश स्थापित कराए। पूरा पंडाल श्री कृष्ण एवं श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। कथा वाचक ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का प्रारंभ कलश यात्रा के बाद होता है। कलश हमारे जीवन के हर क्षण में काम आता है। जन्म के समय भी कलश स्थापना की जाती है। कलश यात्रा में परीक्षित अखिलेश कुमारी पत्नी अवनीश कुमार व समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

### नहर में डूबने से युवक की मौत

**इटावा।** इकदिल थाना के कांकरपुरा के पास नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। क्षेत्र के गांव कुंअरपुर भटपुरा निवासी मोहित चौहान (21) पुत्र आदेश सिंह किसी बात से नाराज होकर अपने घर से निकल गया और उसे कांकरपुरा के पास नहर में जाकर छलांग लगा दी। लोगों ने जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन के बाद शव को बरामद कर लिया। बाद में उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक भीम सेन पौनियां ने बताया कि युवक घर से नाराज होकर नहर में कूद गया जिससे उसकी मौत हो गई।



महावीर वाटिका में पौधारोपण करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### महिलाओं एवं युवाओं ने महावीर वाटिका में रोपे पौधे

**जसवंतनगर।** पेड़ पौधे हमें आक्सीजन देते हैं। पौधा लगाना हमारे जीवन के लिए बहुत अधिक आवश्यक है। ये बातें शिक्षाविद अनीता जैन ने श्री महावीर वाटिका जैन बाजार जसवंतनगर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कही। जैन समाज के छोटे-छोटे बच्चे, महिलाओं एवं युवाओं ने पौधारोपण की शुरुआत की। सुमन जैन, निशि जैन, मोनिका मानो जैन, रीती जैन, दिशा जैन, स्वाति जैन, कल्पना जैन के अलावा मणिकांत जैन, एकांश जैन, आराध्य जैन, निकेतन जैन, तनमय जैन, आशीष जैन, अंकित जैन, नीरज जैन, सुनील जैन आदि का सहयोग रहा।

### सिविल बार एसोशिएसन का चुनाव स्थगित

**इटावा।** सिविल बार एसोशिएसन का 15 जुलाई को होने वाला चुनाव अग्रिम आदेश तब स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी महामंत्री राजेश कुमार एडवोकेट ने दी। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौंड के आदेश पर चुनावअ स्थगित किया गया है। महामंत्री ने सिविल बार के सदस्यों से अपील की है कि वह अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता महामंत्री राजेश राजपूत व कोषाध्यक्ष गोपाल से मिलकर सदस्यता शुल्क एवं सीओपी जमा कर अपने वोट बनवा लें।

### खड़ी करते ही मोपेड विक्की बनी आग का गोला

**जसवंतनगर।** नेशनल हाईवे पर थाना क्षेत्र में सेंट पीटर्स स्कूल के सामने गुरुवार सुबह मोपेड विक्की खड़ी करते ही आग का गोला बन गई। उस पर सवार दूधिया ने भागकर जान बचाई। दूध सप्लाई करने वाले थाना क्षेत्र में गांव रुकन पुरा में रहने वाले मेघनाद ने अपनी बिक्की मोपेड को सही कराने के लिए दुकान पर खड़ी कर दी। तभी उसमें आग लग गई, उसने भागकर जान बचाई जबकि बिक्की जलकर राख हो गई। लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

### दो घंटे भी नहीं मिल रही बिजली, ग्रामीण परेशान

**इटावा।** उदी, पछायगांव सराय भूपत, राजा का बाग विद्युत उपकेंद्रों पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था ठप पड़ी है। जिसकी वजह से लगभग 300 गांवों की बिजली प्रभावित रहती है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। सराय ऐसर, अड्डा मोतीलाल नगला, भगत कोठी, नगला बाबा, बुटहांर, अराजी सराय भूपत सहित 300 गांवों की बिजली चार पांच दिनों से दो घंटे भी नहीं मिल पा रही है। किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मक्का मूंग एवं जुनरी की फसलें पानी न मिल पाने से सूख रही हैं।



भरथना में जीत की खुशी मनाते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### इटावा सपा का गढ़ है और रहेगा : अशोक यादव

**भरथना, इटावा।** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता पूर्व मंत्री अशोक यादव ने कहा कि भाजपा का नींद में देखा सपना बिखर गया है। इटावा राजनीतिक रूप से सपा का गढ़ था और आगे भी रहेगा। इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर खुशी का इजहार कर पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को मिष्ठान खिलाया। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की जनता झूठ की राजनीत का चेहरा पहचान चुकी है। बाकी का बचा हिसाब किताब जनता आगामी विधानसभा चुनाव में कर देगी। इटावा में जितेंद्र दोहरे की जीत और प्रदेश में मिली अपार सफलता की खुशी मनाते हुए सपाइयों ने मिठाई बांटी। सौरभ यादव, रोहित यादव, राजू गुप्ता, ऋषभ यादव, पंकज यादव, संदीप यादव, कल्लू आढ़ती, अंकित यादव, रवि शर्मा, अंकुर पाल, अनुज यादव, राजीव कुमार, पोती कुमार, अमन गुप्ता, अजीत यादव जीतू, आकाश शाक्य, नितिन पाल मौजूद रहे।

# ब्लड दिलाने के नाम पर ठगे 20 हजार रुपये

संवाददाता सैफई, इटावा

- पीड़ित युवक के दो मोबाइल फोन भी ले गया आरोपी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में भर्ती मरीज के तीमारदार से खून दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपये व दो मोबाइल फोन लेकर आरोपी फरार हो गया। पुलिस जांच में जुटी है।

पवन कुमार पुत्र संगीलाल निवासी नगला मंजा थाना शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद ने बताया उसके मामा रामकिशन का सोमवार दोपहर के समय एक्सीडेंट हो गया था। उसी दिन यहां विश्वविद्यालय की इमरजेंसी ट्रामा सेंटर के तीसरी मंजिल पर न्यूरो वार्ड में भर्ती किया। बुधवार सुबह डाक्टरों ने बताया कि उनका ऑपरेशन होगा। जिसके लिए दो यूनिट ब्लड की जरूरत है।

इस दौरान एक ऑटो चालक ने दो युवकों से मुलाकात कराई और बताया यह दोनों हमारे रिश्तेदार हैं जो यहां विश्वविद्यालय में नौकरी करते हैं। यह आपको खून दिला देंगे। दोनों युवकों नें दो यूनिट ब्लड देने की बात कही।इसके बदले में 20 हजार रुपये मांगे। उसने विश्वास करके 20 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद वह एकांत जगह में ले गए जहां पीड़ित को गुमराह करके दो मोबाइल फोन भी और फरार हो गए। पीड़ित ने थाना सैफई पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया मामले की जांच पीजीआई चौकी इंचार्ज कर रहे हैं।

# नौ प्रतिशत वोट खिसकने से इटावा सीट हारे डॉ. रामशंकर कठेरिया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सपा के गढ़ में 2019 में बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी

**अमृत विचार।** लोकसभा के चुनाव में एक तो कुल मतदान का प्रतिशत कम होने का खामियाजा भाजपा को उठाना पड़ा। वहीं भाजपा का वोट प्रतिशत भी 2019 की तुलना में काफी कम हुआ। इस कारण इटावा लोकसभा सीट पर कमल मुरझा गया और साइकिल दौड़ गई। हालांकि कुल वोटिंग दो प्रतिशत कम हुई लेकिन भाजपा का वोट लगभग 9 प्रतिशत कम हो गया।

आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2019 के चुनाव की तुलना में भाजपा का वोट प्रतिशत कम हुआ तो सपा का वोट प्रतिशत बढ़ गया। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राम शंकर कठेरिया को 51.08 प्रतिशत वोट मिले थे लेकिन यह वोट प्रतिशत 2024 तक कायम नहीं रह पाया और 2024 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया को 42.07 प्रतिशत वोट ही मिले।

इसके विपरीत समाजवादी पार्टी का वोट प्रतिशत 2019 के चुनाव में 2024 में बढ़ गया। इस लोकसभा चुनाव में पूरे इटावा लोकसभा क्षेत्र में 10 लाख 22 हजार 518 मतदाताओं ने मतदान किया था इनमें से सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे को चार लाख 90 हजार 747 वोट मिले। यह कुल मतदान का 47.76 प्रतिशत है, जबकि 2019 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने कमलेश कठेरिया को प्रत्याशी बनाया था। तब उन्हें 44.77 प्रतिशत वोट मिले थे इस तरह समाजवादी पार्टी का वोट लगभग तीन प्रतिशत बढ़ गया।

जहां तक बसपा का सवाल है तो 2019 का चुनाव बहुजन समाज पार्टी समाजवादी पार्टी से गठबंधन करके लड़ी थी लेकिन इससे पहले 2014 का चुनाव बहुजन समाज पार्टी ने अकेले लड़ा था। इटावा में 2019 के चुनाव के मुकाबले में 2024 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी को काफी कम वोट मिले। 2014 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने अजय पाल सिंह जाटव को प्रत्याशी बनाया था उन्हें 1 लाख 92 हजार 804 वोट मिले थे जो कल मत प्रतिशत का 20. 51 प्रतिशत था लेकिन इस बार बसपा प्रत्याशी एक लाख का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई और उन्हें पिछली बार की तुलना में कम वोट मिले।

## अपहरण के तीन आरोपी गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** बलरई थाना क्षेत्र के एक गांव से दो दिन पूर्व एक किशोरी अचानक गायब हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की थपी। गुरुवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी अचानक गायब हो गई। परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन की थी लेकिन उसका पता नही चल सका। इस पर परिवार के लोगों ने रिपोर्ट दर्ज कराई। एसओ बलरई अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से किशोरी को बरामद कर लिया तथा एक महिला, एक अपचारी व एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपने नाम विकास व कामिनी निवासी बनामई थाना बैदपुरा बताए।

# पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

संवाददाता सैफई, इटावा




पर्यावरण सम्मेलन में भाग लेते डॉ. स्नेहाशीष भुनिया। अमृत विचार

- केंद्रीय समाज सेवा समिति के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** केंद्रीय समाज सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष सांसद स्व. बाबू दर्शन सिंह यादव की प्रेरणा से हेंवरा कोठी के आरकेपी शिक्षा निकेतन गुरु सांदीपन आश्रम में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले वायु व प्लास्टिक प्रदूषण आदि समस्याओं का निराकरण करने व पर्यावरण संरक्षण के लिए धरातल पर कार्य करने की शपथ ली गई।

मुख्य अतिथि डॉ. स्नेहाशीष भुनिया ने कहा कि पर्यावरण और प्राणी एक दूसरे पर आश्रित हैं। पेड़-पौधों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। मार्कण्डेय आश्रम बिद्यूना के स्वामी परमानंद मुनि ने कहा कि प्रकृति के साथ जरूरत से ज्यादा छेड़छाड़ करने से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है।

संचालन डॉ. राम मनोहर लोहिया कॉलेज गींजा के प्रधानाचार्य प्रमोद यादव ने किया। प्रधान नितुल प्रताप यादव व अर्पित यादव ने माला पहनाकर स्वागत किया। एमएलसी मुकुल प्रताप यादव, केंद्रीय समाज सेवा समिति के उपाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह, महामंत्री सत्यवीर शास्त्री, प्रदेश अध्यक्ष स्वामी इंद्रदेव, प्रधानाचार्य अभिलाष शास्त्री, आचार्य आदेश, जिला अध्यक्ष ध्यान सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख एरवाकटरा चरन सिंह, अनिल दुबे, राजेश यादव, डॉ. देवेंद्र सिंह, आचार्य सत्य सिंह, चरन स्वरूप, हरपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्रामीण पत्रकार एसो. की बैठक 9 को

**अहेरीपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसो. के जिला अध्यक्ष स्वामी शरण श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन की बैठक 9 जून को आरएस पब्लिक स्कूल लखना में होगी। संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य सदस्यता शुल्क लेकर आएं। एसोसिएशन के संस्थापक बालेश्वर लाल की प्रतिमा का अनावरण 19 जून को बलिया में होगा। महामंत्री राकेश कुमार सिंह राठौड़ ने सभी साथियों से बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## दो गोवंश मरे

**बसरेहर।** विकास खंड बसरेहर की ग्राम पंचायत ऊनवा संतोषपुर में बनी गौशाला में दो गोवंश की मौत हो गई। वहीं गोवंश को पानी पीने के लिए बनाए गई नादों में गोवंश मरा हुआ पड़ा था। यहां रात में दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, लेकिन वे मौजूद नहीं रहते।

# योगी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चुनाव परिणाम आने के बाद अपने आवास पर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है। यदि आज विधानसभा चुनाव हो जाएं तो प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार बनने में देर नहीं लगेगी। जनभावनाओं का आदर करते हुए अब योगी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। वह चुनाव परिणाम आने के बाद चौगुर्जी स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा ने सभी जाति-धर्म का वोट हासिल किया है। इस जीत को देखते हुए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए और चुनाव कराने चाहिए। बसपा सुप्रीमो के मुस्लिम प्रत्याशियों को लेकर दिए बयान पर उन्होंने कहा की 2024 के चुनाव में जनता जान चुकी थी कि यह बीजेपी से मिली हुई है। इसलिए जनता ने भाजपा के साथ-साथ बहुजन समाज पार्टी को भी सबक सिखाया है। अयोध्या के साथ-साथ आसपास की सीटों पर भी समाजवादी पार्टी और गठबंधन की जीत के सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि हम सब राम को मानने वाले हैं। सेकुलर प्रत्याशी की इस बार अयोध्या से जीत हुई है, इससे बड़ी क्या बात हो सकती है।



शिविर की शुरुआत करतीं ब्लाक प्रमुख डॉ. अंजली यादव। अमृत विचार

# शिविर में 273 मरीजों का उपचार

**जसवंतनगर, इटावा।** चौ. सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीटृयूशन की उपाध्यक्ष संतोष यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्वधा हास्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत ब्लाक प्रमुख डॉ. अंजली यादव ने की। शिविर में 273 मरीजों ने मुफ्त जांच, परामर्श व दवाइयां प्राप्त कीं।

हॉस्पिटल प्रबंधन की तरफ से डॉ. पीके शुक्ला, डॉ. अजय कुमार ने बताया कि मरीजों ने बीपी, शुगर, हड्डी रोग, दंत रोग, खांसी जुकाम, बुखार दमा, आंख, नाक, कान व गला रोग व शिशु रोगों की जांचें, परामर्श व निःशुल्क दवाएं प्राप्त की। इस दौरान डॉ. वाईके, डॉ. नीलम, शिवम कुमार, अशांक हनी यादव, गौरव यादव व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

पर्व | जिले भर में परंपरागत ढंग से मनाया गया वट अमावस्या का त्योहार

# वट वृक्ष की पूजा कर मांगी पति की दीर्घायु

कार्यालय संवाददाता, इटावा



वट वृक्ष का पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वट अमावस्या का त्योहार गुरुवार को श्रद्धाभाव के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुहागिनों ने व्रत रखकर वट पूजा कर परिक्रमा लगाई और पतियों के दीर्घायु होने की कामना की। शहर में विभिन्न स्थानों पर लगे वट वृक्षों पर सुबह से ही पूजन-अर्चन का सिलसिला शुरू हो गया था जो दोपहर तक चलता रहा।

हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है। अखंड सौभाग्य के लिए महिलाएं यह व्रत रखती हैं। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास में कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन वट सावित्री का व्रत किया जाता है। इस दिन पूजन-अर्चन व व्रत रखकर सुहागिनें अपने पतियों की लंबी आयु की कामना करती हैं। यह व्रत देवी सावित्री को समर्पित किया जाता है। सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से बचाए थे इसलिए मान्यता है इस दिन व्रत करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

सुहागिनों के द्वारा वट वृक्ष पर जाकर विधि विधान के साथ पूड़ी, पुआ व अन्य प्रकार के व्यंजनों से पूजा करने के बाद परिक्रमा करते हुए वट वृक्ष में कच्चा सूत लपेटा। इसके बाद सुहागिनें वट वृक्ष के नीचे बैठकर ही सत्यवान और सावित्री की कथा सुनीं। व्रत व पूजा को लेकर सुहागिनों द्वारा सोलह श्रंगार किया जाता है।

नव विवाहिताओं में इस त्योहार को लेकर काफी उत्साह रहता है। शहर में पक्का तालाब, छिपैटी स्थित वर टोला, कंपनी गार्डन, बुद्ध पार्क, पुराना अस्पताल के पास, करनपुरा, यमुना तलहटी, पक्का बाग, जिला अस्पताल परिसर व अन्य स्थानों पर जहां वट वृक्ष लगे थे वही पर जाकर पूजा अर्चना करने के बाद दान पुण्य किया गया।

## एक नजर

### असीम अरूण ने दी अखिलेश यादव को सांसद बनने की बधाई

**अमृत विचार,लखनऊ :** प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार ) व कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के विधायक असीम अरूण ने, सपा के अखिलेश यादव को सांसद चुने जाने की बधाई दी है। लोकतंत्र के महत्व बताते हुए गुरुवार को समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि कन्नौज में नगर पालिका अध्यक्ष बसपा से है, मै भाजपा का विधायक हूं और आप समाजवादी पार्टी से सांसद है। असीम अरूण ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अखिलेश यादव से कहा कि हम सब मिलकर कन्नौज का और तेजी से विकास करने में सफल होंगे।

# गांवों में बनेंगे 2,501 सीएससी व 125 लर्निंग सेंटर

**100** पंचायत भवन का होगा निर्माण, किराये पर संचालित केंद्र स्थाई जगह किये जाएंगे शिफ्ट

**1** हॉल और चार कक्ष वाले पंचायत भवनों में बनेंगे लर्निंग सेंटर, एलईडी, वाईफाई, कैमरा, सोलर, एसी की होगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीणों की सुविधा के लिए 100 पंचायत भवन, 125 पंचायत लर्निंग सेंटर व 2,501 कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) बनेंगे। इनमें नये निर्माण के अलावा किराये पर संचालित केंद्रों को स्थाई जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। चयन में बाहरी राज्यों से लगे सीमावर्ती गांवों का प्राथमिकता दी जाएगी।



▸▸ अन्य प्रदेश से लगे गांवों का प्राथमिकता से होगा चयन

पंचायती राज विभाग ने वर्ष 2024-25 का यह लक्ष्य निर्धारित करके सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायतों का चयन करने के निर्देश दिए हैं। जिन ग्राम पंचायत में पंचायत भवन नहीं हैं वहां बनेंगे। इससे ग्रामीणों को योजना व विभागीय कार्य के लिए ब्लॉक व मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। सभी काम सचिव पंचायत भवन में करेंगे। लर्निंग सेंटर उन पंचायत भवनों में बनेंगे जिसमें एक हॉल व चार कक्ष है। कुल सात लाख रुपये से सभागार, एलईडी, वाईफाई, कैमरा, मेज-कुर्सी, आरओ, सोलर, एसी आदि इंतजाम करके वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम की तरह बनाया जाएगा। यहां समय-समय पर ग्रामीणों व प्रधानों को प्रशिक्षण मिलेगा। इसी तरह जो सीएससी बनेंगे वहां पेंशन, अनुदान, सम्मान निधि, बीमा, आय, जाति प्रमाण जैसे सभी ऑनलाइन सुविधा मिलेगी। किराये पर संचालित होने वाले भवन भी नये में शिफ्ट होंगे। निदेशक अटल कुमार राय ने बताया कि सभी डीपीआरओ को ग्राम पंचायत चयन करने के निर्देश दिए हैं।

# मंडी समिति भी नहीं खरीद पा रही गेहूं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 1.25 लाख एमटी लक्ष्य में 98 केंद्र पर 26,584 एमटी खरीद

▸▸ मंडियों पर आवक तो हो रही, लेकिन आढ़ती कर रहे खरीद

**अमृत विचार :** बढ़े बाजार भाव के कारण मंडी समितियां अपने केंद्रों पर किसानों से गेहूं नहीं खरीद पा रही हैं। जबकि मंडियों पर आवक तो हो रही पर किसान समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर परिसर में बैठे आढ़तियों को बिक्री कर रहे हैं। इसका असर खरीद के लक्ष्य पर पड़ा है।

प्रदेश में गेहूं खरीद के लिए मंडी समितियों ने अपने परिसर में 98 केंद्र खोले हैं। कुल 1.25 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य है। जो 15 जून तक पूरा करना है। स्थिति यह है कि मार्च से अब तक 26,584 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हो पाई है। कुल 4700 किसानों से 61 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा गया है। इसमें मंडी समितियों ने किसानों को 59 करोड़ रुपये भुगतान किया है। कम खरीद की वजह बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक है और मंडी में बैठे आढ़ती किसानों को अधिक दाम देकर गेहूं खरीद रहे है। 15 जून तक खरीद होगी लेकिन, इन हालात में लक्ष्य पूर्ति करना मुश्किल है। जबकि मंडी में केंद्र किसानों की सुविधा के लिए खोले गए हैं, जिनका फायदा आढ़तियों को मिला है।

### 9.28 लाख एमटी खरीद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद की बात करें तो इस वर्ष भी खराब स्थिति है। 1 मार्च से 6 जून तक 9 .28 लाख मीट्रिक टन क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीदा जा सका है। जबकि लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन है। कुल 6,485 केंद्रों पर 1,79,392 किसानों ने गेहूं बेचकर समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है।

# नए सत्र में स्कूल चलो अभियान की सफलता को बने अच्छी कार्ययोजना

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक, अलग-अलग विभागों को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में खान-पान, साफ-सफाई, सुरक्षा की रहे पूरी व्यवस्था

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों के स्थानान्तरण, और नये पद सृजित करने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि, माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प का अभियान तेज किया जाए। नए सत्र में स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए अच्छी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित कराएं।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर अधिकारियों की एक बैठक करते मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा अधिकारी, एसडीआई से उम्मीद जतायी कि वे अपने क्षेत्र में कस्तूरबा बालिका विद्यालयों का साप्ताहिक निरीक्षण करें। वहां खान-पान, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि हर एक व्यवस्था को सूक्ष्मता से देखें और जहां कमी हो तत्काल दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि, परिषदीय विद्यालयों में प्रत्येक प्रधानाध्यापक और शिक्षक यह सुनिश्चित कराएंगे कि हर छात्र-छात्रा निर्धारित गणवेश में ही विद्यालय आए। इसके लिए डीबीटी की धनराशि समय से भेजी जाती रहे।

मुख्यमंत्री के अनुसार विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि सभी शैक्षिक संस्थानों में शैक्षिक कैलेंडर इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए ताकि 10 मई तक सभी आवश्यक परीक्षाएं सम्पन्न हो जाएं। भीषण गर्मी के मौसम में परीक्षाओं से परहेज किया जाना चाहिए। योगी के अनुसार टैबलेट, स्मार्टफोन वितरण को और तेज किया जाना चाहिए। इसके लिए खरीद की प्रक्रिया समय से पूरी कर लें।

### ये भी दिए निर्देश

- सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू हो।
- सेफ सिटी परियोजना से जुड़े कार्य समय से हों पूरे।
- शहरों में कहीं भी पेयजल का संकट न होने पाए।
- स्ट्रीट डॉग की समस्या का हो स्थायी समाधान।
- बारिश में जलभराव न हो, मलिन बस्तियों में सफाई रहे।
- खनन कार्य वाले वाहनों में किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न हो।
- नया सत्र प्रारंभ होने से पूर्व पिछले सत्र का सारा बकाया भुगतान हो
- बालू, मोरम, गिट्टी की कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी न हो।
- कमिश्नरी स्तर पर महिला संरक्षण गृह क्रियाशील कराएं।

### बजट से हो आवश्यक खर्च

मुख्यमंत्री ने कहा, वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का आवश्यक खर्च किया जाना तय किया जाए। समय से आवंटन और समय से खर्च होना चाहिए। वित्त विभाग द्वारा इसकी विभागवार समीक्षा की जाए। बजट आवंटन और खर्च के नियमों का सरलीकरण भी अपेक्षित है।

### कॉरीडोर का मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि, अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरीडोर सरकार का सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को भी मिलेगा। इसके अंतर्गत राज्य में आगरा और प्रयागराज में दो नोड विकसित किए जाने हैं। परियोजना के लिए भूमि की कमी नहीं होनी चाहिए। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए भारत सरकार के साथ सतत संवाद संपर्क बनाए रखें।

# युवाओं ने मुख्यमंत्री से साझा की परेशानी



गुरुवार को सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में आयी युवती की शिकायती पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री ने कहा, आमजन से जुड़े कार्यों में अनदेखी बर्दाश्त नहीं

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोस चुनाव बाद गुरुवार को फिर से जनता दर्शन शुरू किया। योगी के सरकारी आवास पर गुरुवार को काफी संख्या में पीड़ित पहुंचे जिसमें युवाओं की संख्या काफी रही। इन सभी ने मुख्यमंत्री से अपनी पीड़ा सुनाई। मुख्यमंत्री ने हर एक फरियादी के पास पहुंचकर उनकी समस्या समझी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के लिए कहा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े कार्य निश्चित समयसीमा में हों। किसी भी कार्य में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। वहीं, मुख्यमंत्री ने यहां आए हर युवाओं से कई मुद्दों पर चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिया कि जनता से जुड़े जो भी मुद्दे न्यायालय में लंबित हैं, उनमें अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराई जाए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े कार्य निश्चित समयसीमा में हों। किसी भी कार्यों में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। जनता से जुड़े मुद्दे सरकार की प्राथमिकता में हैं।

# अहंकार से भाजपा का पतनःअखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणामों से जाहिर है कि भाजपा के अहंकार का पतन हुआ है और उप्र. में भाजपा सरकार के खिलाफ जनादेश आया है। प्रदेश मंत्रिमण्डल के 16 मंत्री लोकसभा चुनाव में अपनी विधानसभा क्षेत्र से हार गए हैं।

अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि केन्द्र में जो भाजपा 400 पार का नारा दे रही थी वह पूर्ण बहुमत में पाने से ही वंचित रह गई। सपा प्रमुख ने कहा कि अयोध्या में जनता ने भाजपा की आशाओं पर पानी फेर दिया। वहां की जनता दुःख दर्द से कराहती रही। भाजपा सरकार ने गरीबों को उजाड़ दिया। उजड़े किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं दिया गया। अपनी जमीन से उजड़े लोगों के पुनर्वास पर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजें में जनता ने सबक सिखा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लग रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता सहित समाज का हर वर्ग परेशान है।

# आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए क्षेत्राधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ क्षेत्राधिकारी की पत्नी ने की थी शिकायत, मामला पहुंचा पुलिस मुख्यालय

▸▸ बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात क्षेत्राधिकारी, सरकारी आवास पर पत्नी ने पकड़ा

**अमृत विचार:** बस्ती रेंज के एक जिले के क्षेत्राधिकारी (सीओ) को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। पत्नी इस कदर नाराज हुई कि वह शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई। प्रकरण जांच में सही पाया गया। जांच रिपोर्ट मुख्यालय पहुंची तो मुख्यालय के अधिकारी भी मामले को लेकर तनाव में आ गए।

बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात क्षेत्राधिकारी को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास पर किसी दूसरी महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। पत्नी ने न सिर्फ सीओ को उस महिला के सामने बेइज्जत किया, बल्कि पूरा प्रकरण लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई। विभाग कार्रवाई से पल्ला न झाड़ ले, इसलिए उन्होंने पूरी शिकायत लिखापढ़ी में की।

पुलिस अधीक्षक ने उनकी पत्नी के आक्रोश को भांपते हुए सीओ के खिलाफ जांच कराने का आदेश दे दिया। जांच में सीओ की पत्नी के आरोप सही पाए गए। सीओ की पत्नी जांच में लगातार सहयोग करती रही और जांच होने के बाद भी पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई को फालो करती रही।

अंततः पुलिस अधीक्षक ने जांच रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजकर अपना पीछा तो छुड़ा लिया, लेकिन अब मामला पुलिस मुख्यालय पहुंचने के बाद यहां के शीर्ष अधिकारी जरूर तनाव में दिख रहे हैं। दरअसल अधिकारियों के तनाव का दूसरा कारण यह है कि सीओ जल्द ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसे में कार्रवाई के बाद सीओ बड़े संकट में पड़ सकते हैं। उधर, पुलिस अधीक्षक से जब इस प्रकरण पर बातचीत की गई तो उन्होंने बस इतना बताया कि महिला की शिकायत आई थी, जांच रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है।

# दो एसएचओ, 10 चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**अमृत विचार,लखनऊः** गाजियाबाद कमिश्नर ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो थानेदार और 10 चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया।

पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने बताया कि गत दिनों नेवाड़ी थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना को थानाध्यक्ष ने चोरी की धारा में दर्ज किया था। इसकी शिकायत पर उन्हें हटाया गया। उन्होंने बताया कि चौकी प्रभारियों में विकास अग्निहोत्री, गोविंद सिंह, धर्मवीर सिंह, विनोद कुमार, सौरभ राठौर, रानू चौधरी, हरेंद्र मलिक, देवेश कुमार सिंह, सोहन गोला और विनोद कुमार पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसी तरह नेवाड़ी और महिला थानाध्यक्ष को पुलिस लाइन में भेजा गया।

# जुलाई में घोषित हो सकती पुलिस भर्ती परीक्षा की तिथि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 43 लाख अभ्यर्थियों का जल्द खत्म होगा इंतजार

▸▸ प्रश्नपत्र लीक होने के कारण भर्ती परीक्षा हुई थी निरस्त

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के बाद अब उप्र. के 43 लाख युवा एक बार फिर से यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बेचैन हैं और अभ्यर्थी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के नोटिफिकेशन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उधर, गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक 60 हजार 244 कांस्टेबल भर्ती की पुनः परीक्षा की तारीखों का जल्द ऐलान किया जा सकता है। माना जा रहा है कि जुलाई के पहले हफ्ते में परीक्षा की तिथियों का ऐलान बोर्ड कर सकता है।

मालूम हो कि इस वर्ष की 17 व 18 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने 60 हजार 244 कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा कराई गई थी। परीक्षा में उप्र. सहित अन्य राज्यों के कुल 43 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। लेकिन परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो जाने के बाद सरकार को परीक्षा रद्द करते हुए आने वाले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लेना पड़ा था। ऐसे में अब बोर्ड जुलाई में लिखित परीक्षा कराने की तैयारी कर रहा है। लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस भर्ती बोर्ड की तैयारियां धीमी पड़ गई थी, लेकिन एक बाद फिर से हलचल तेज हो गई है।

# केजीएमयू में 60 कर्मियों की पदोन्नति

अमृत विचार। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय( केजीएमयू) में कुलपति प्रो .सोनिया नित्यानंद और कुल सचिव रचना गंगवार ने अपने हाथों से 60 कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश पत्र वितरित किये। पदोन्नति पाने वालों में विभिन्न संवर्ग में अकाउंटेंट, टेक्निकल संवर्ग( लैब) और डाइटिशियन शामिल हैं। केजीएमयू के ब्राउन हॉल में गुरुवार को संपन्न पदोन्नति पत्र वितरण कार्यक्रम में केजीएमयू कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि पहली बार किसी कुलपति ने कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र वितरित किये हैं। सरकारी संस्थानों में इस प्रकार की प्रथा नहीं है। केजीएमयू प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए परिषद के महामंत्री अनिल कुमार ने बताया कि कर्मचारियों में पदोन्नति का मामला बहुत दिनों से लटका था, जिसे पारदर्शिता के साथ कुलपति समेत केजीएमयू प्रशासन ने ससमय पूर्ण किया है, पदोन्नति पाकर कर्मचारियों में खुशी है।

## वर्ग पहेली-93

**बाएं से दाएं**

3. अवसर के अनुकूल, अवसरोचित, मौके के मुताबिक।
5. 1. धोखेबाज़ी, वंचकता 2. छल-कपट।
6. 1. दूसरा, अन्य और, भिन्न 2. फिर, दुबारा, पुनः।

**ऊपर से नीचे**

1. पुरालेखभवन, वह कक्ष या स्थान जहां पुराने अभिलेख संगृहीत कर रखे जाते हैं, (आर्काइव्ज़)।
2. 1. चंचलता, चपलता 2. चुलबुलाने की क्रिया
3. 1. यातना देने की क्रिया 2. किसी के साथ कष्टदायक व्यवहार।
4. 1. ब्रह्मा 2. बृहस्पति 3. कवि 4. वक्ता।
5. 1. धोखे या चालाकी से दूसरों की धन-संपत्ति या माल हड़प जाने वाला व्यक्ति, छली व्यक्ति, धूर्त व्यक्ति 2. दलाल 3. अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दी में राहगीरों को बहला-फुसलाकर उनका माल छीन लेने वाले लोग तथा उनका कुख्यात गिरोह 4. ठगों के गिरोह का सदस्य 5. कम तौलने और अधिक कीमत लेने वाला दुकानदार 6. धोखेबाज़।



### वर्ग पहेली -92 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | दे | श | | | | |
| | | | 2 सं | पो | ष | ण |
| | 3 गुं | | स | | | |
| 4 दं | डा | धि | का | री | | 5 दा |
| | शा | | री | | | दू |
| 6 तौ | ही | न | | | | पं |
| | | | 7 वा | म | पं | थी |

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | 2 | | | |
| | 4 | | | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 9 | |
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| | 5 | | | 6 | | 4 | | |
| | 6 | | | | | 5 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | 7 | | 4 | | | |

### सुडोकू - 5 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 16 .44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष:** आज दूसरों के सामने ज्यादा बातें करने से बचें। आप यात्राओं पर जा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ सकता है। काल्पनिक बातों में आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**वृष:** आज आपके भाव कुछ नकारात्मक हो सकते हैं, लेकिन आपको धैर्यवान होना चाहिए। आप धन को लेकर कुछ संकोच में आ सकते हैं। मित्रों के प्रति भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। कानूनी मामलों को आप अपने पक्ष में कर सकते हैं।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में लोग आपका अनहित करने की सोच सकते हैं। यद्यपि वे सफल नहीं होंगे, किंतु किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए शुभ नहीं है। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। शांत रहें और परिस्थितियों का अवलोकन करें। सेहत नरम होने की आशंका है। आपको पेट में सूजन और अपच की समस्या हो, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श ले लें।

**सिंह:** आज साइबर ठगी को लेकर सावधान रहें। व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है, किंतु कई अच्छे मौके भी आपके हाथ से छूट सकते हैं। धन कमाने के लिए गलत मार्गों का चुनाव न करें। अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**कन्या:** आज दिन की शुरुआत किसी शुभ सूचना से होगी। कारोबार में कुछ बदलाव करने का विचार कर सकते हैं। दूसरों के ऊपर निर्भर रहने से आपको नुकसान होगा। व्यवसाय में सहयोगियों के ऊपर आपको शंका हो सकती है।

**तुला:** आज उच्च अधिकारियों के साथ तालमेल में कमी महसूस करेंगे। आप स्थान-परिवर्तन को आतुर हो सकते हैं। एकतरफा होकर कोई भी निर्णय न लें। आप आसपास की परिस्थितियों का अच्छी तरह से मूल्यांकन करेंगे।

**वृश्चिक:** आज किसी नए कार्य की शुरुआत न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहने की संभावना है। परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती हैं। आपके ऊपर गलत आरोप लग सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आपकी अपेक्षा गलत सिद्ध हो सकती है।

**धनु:** आज नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा है। दांपत्य संबंधों में आकर्षण भाव बढ़ेगा। व्यापार से जुड़े लोगों धन के हिसाब-किताब में सावधानी रखें। सभी कार्य आपकी अपेक्षा के अनुरूप ही होंगे। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं।

**मकर:** आज पिता के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के साथ कहीं घूमने और मनोरंजन के लिए जा सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। आप अपने घर के उपकरणों की मरम्मत आदि करवा सकते हैं।

**कुंभ:** आज धन को लेकर भाग्य साथ नहीं है। अनावश्यक विचारों के कारण आप कुछ परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह रहेंगे। ऐसे कार्यों से बचें जिनको लेकर आपके मन में आत्मविश्वास का भाव न हो।

**मीन:** आज प्रेम संबंधों को लेकर जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं। नौकरीपेशा अपने काम की गुणवत्ता से प्रसन्न नहीं रहेंगे। घर को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे। आप लोगों से सलाह की अपेक्षा रखेंगे, लेकिन उचित सलाह मिलना कुछ कठिन है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मृगशिरा 19 .43 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- मि. नटवरलाल — सुबह : 10 .32
- देवता — रात : 07 .00

**&pictures**
- ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 11 .24
- ड्रीम गर्ल — रात : 08 .00

**Sony Pix**
- जस्टिस लीग — सुबह : 11 .03
- द मास्क — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- तारे जमीन पर — सुबह : 09 .50
- प्यार झुकता नहीं — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
- रफू चक्कर — सुबह : 10 .22
- भागम भाग — शाम : 06 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 9800-10000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7700-7800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16800-17000 |
| अरहरस्पेशल1 | 14500-14600 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000-13000 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8600-9500 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# भारत में 500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर

## स्वच्छ ऊर्जा, अन्य क्षेत्रों को लेकर आईपीईएफ की बैठक में वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल बोले

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के अवसर मौजूद हैं। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉसपेरिटी (आईपीईएफ) के स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए सिंगापुर में मौजूद वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने यह बात कही।

बर्थवाल ने आईपीईएफ स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम के उद्घाटन में इसे एक अद्वितीय मंच करार दिया जो वैश्विक निवेशकों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को



एक साथ लाया है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। सचिव ने फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं, खासकर नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में...। बर्थवाल ने पिछले दशक में भारत में कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए कारोबार को सुगम बनाने के लिए किए गए प्रमुख सुधारों के बारे में भी बताया। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि इस फोरम के परिणामस्वरूप हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 23 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर उत्पन्न हुए। आईपीईएफ की बैठक बुधवार को शुरू हुई। यह क्षेत्र के शीर्ष निवेशकों, स्वच्छ अर्थव्यवस्था कंपनियों व स्टार्ट-अप को बुनियादी ढांचे, जलवायु प्रौद्योगिकी तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश जुटाने में एकसाथ लाती है।

### बैठक में आईपीईएफ भागीदारों की सरकारी एजेंसियों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों, बहुपक्षीय विकास बैंकों, उद्यम पूंजी कोषों, परियोजना मालिकों, उद्यमियों तथा आईपीईएफ भागीदारों की सरकारी एजेंसियों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने सतत बुनियादी ढांचे और जलवायु प्रौद्योगिकी जुड़ाव के तहत सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। आईपीईएफ के 14 सदस्य हैं। अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य साझेदार देशों द्वारा संयुक्त रूप से 23 मई 2022 को तोक्यो में इसकी शुरुआती की गई थी। इसके सदस्य देश दुनिया के आर्थिक उत्पादन का 40 प्रतिशत और व्यापार का 28 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। यह ढांचा व्यापार, आपूर्ति शृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था से संबंधित चार स्तंभों के इर्द-गिर्द बना है। भारत व्यापार को छोड़कर बाकी सभी स्तंभों में शामिल है।

## चेयरपर्सन निसाबा गोदरेज ने मतभेद का हवाला देते हुए दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** गोदरेज कंज्यूमर की कार्यकारी चेयरपर्सन निसाबा गोदरेज ने नेतृत्व की जवाबदेही और उत्तराधिकार योजना पर मतभेदों का हवाला देते हुए यात्रा सहायक उपकरण बनाने वाली कंपनी वीआईपी इंडस्ट्रीज के बोर्ड से स्वतंत्र निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है। वीआईपी इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजार को मंगलवार को दी गई सूचना में बताया कि निसाबा ने स्वतंत्र निदेशक के पद से तीन जून को इस्तीफा दे दिया। गोदरेज ने अपने इस्तीफे में कहा-नेतृत्व की जवाबदेही और उत्तराधिकार नियोजन पर मेरे भिन्न दृष्टिकोण के कारण मैं तीन जून 2024 से निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दूंगी। वीआईपी इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल का नेतृत्व 2,250 करोड़ रुपये की कंपनी के चेयरमैन दिलीप पीरामल करते हैं।

# प्याज, टमाटर की कीमतों में उछाल से शाकाहारी थाली 9 प्रतिशत महंगी

मुंबई, एजेंसी

- मई में मांसाहारी भोजन की लागत में आई कमी



मई महीने में शाकाहारी थाली की औसत लागत नौ प्रतिशत तक बढ़ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी को इसकी वजह बताया गया।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट में शाकाहारी थाली महंगी होने की बात कही गई। हालांकि ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी भोजन की कीमत मई में बढ़कर 27.8 रुपये प्रति थाली हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। वहीं एक महीने पहले अप्रैल में शाकाहारी थाली 27.4 रुपये की थी। इस थाली में मुख्य रूप से रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होते हैं। रिपोर्ट में शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 39 प्रतिशत, आलू में 41 प्रतिशत और प्याज में 43 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक-रबी की फसल के रकबे में भारी कमी के कारण प्याज तथा पश्चिम बंगाल में फसल खराब होने से आलू की आवक कम होने से इन सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 90,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,050-55,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या मई में 5.1% बढ़कर 13.89 करोड़ पर

मुंबई, एजेंसी

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या मई में सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत बढ़कर 13.89 करोड़ रही। कोविड महामारी से पहले के स्तर से यह लगभग 14 प्रतिशत अधिक है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

इक्रा ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि स्थिर लागत परिवेश के बीच घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात में निरंतर सुधार के बीच भारतीय विमानन उद्योग का दृष्टिकोण स्थिर है। चालू वित्त वर्ष (2024-25) में भी यह रुझान जारी रहने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले महीने एयरलाइन की क्षमता सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़ी और अप्रैल, 2024 की तुलना में लगभग दो प्रतिशत अधिक रही। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ करीब 15.4 करोड़ था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इस प्रकार यह वित्त वर्ष 2019-20 में लगभग 14.2 करोड़ के कोविड-19 से पहले के स्तर को पार कर गया। एजेंसी ने कहा कि कंपनियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों में लगभग 24 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.96 करोड़ था।

## एसी बिक्री 1.4 करोड़ इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली।** इस साल भीषण गर्मी के कारण देश भर में एयर कंडीशनर की मांग में भारी वृद्धि हुई है। इससे इस साल एसी की बिक्री 1.4 करोड़ इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर रहने की संभावना है। कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और एप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा-एसी उद्योग में मई में बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रहे। गर्मी के इस मौसम में बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने अब शहरी क्षेत्रों में घरेलू एसी को अनिवार्य जरूरत'बना दिया है।

# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 692 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

- निफ्टी भी 201 अंक उछलकर 22 हजार के पार हुआ



केंद्र में अगली सरकार की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही पास रहने की संभावना से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए।

बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी क्रमशः 692 अंक और 201 अंकों की बढ़त लेने में सफल रहे। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 75,000 के स्तर को एक बार फिर हासिल करते हुए 692.27 अंक यानी 0.93 प्रतिशत उछलकर 75,074.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 915.49 अंक तक बढ़कर 75,297.73 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 201.05 अंक यानी 0.89 प्रतिशत चढ़कर 22,821.40 अंक पर बंद हुआ। वहीं शेयर बाजार में तेजी के चलते निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई। कारोबार के दौरान यह 289.8 अंक यानी 1.28 प्रतिशत बढ़कर 22,910.15 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और विप्रो के शेयरों में सर्वाधिक बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले, इंडसइंड बैंक और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। हालांकि भाजपा को हाल में संपन्न संसदीय चुनावों में अपने दम पर स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। लेकिन सहयोगी दलों के साथ मिलकर भाजपा के पास सरकार बनाने लायक बहुमत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### धनशोधन मामले में सुपरटेक के प्रमुख की जमानत मंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को सुपरटेक के चेयरमैन आर.के. अरोड़ा को जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जांगला ने अरोड़ा को राहत प्रदान करते हुए कहा कि उनके मुकदमे से भागने या जांच को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है। अरोड़ा को पिछले साल जून में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), हरियाणा पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुपरटेक लिमिटेड व अरोड़ा के खिलाफ 26 प्राथमिकी दर्ज की थीं।

### सिलेंडर में विस्फोट होने से नौ लोग घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के चेंबूर इलाके में बृहस्पतिवार को सुबह तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर में विस्फोट होने से कम से कम नौ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चेंबूर के सी जी गिडवानी मार्ग पर स्थित एक मंजिला मकान में सुबह करीब साढ़े सात बजे यह घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि रसोई गैस के सिलेंडर में विस्फोट होने से वहां आग लग गई, जिससे मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारी ने बताया कि घायलों में दो नाबालिग हैं। बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एडीआर ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामे के विश्लेषण के आधार पर दी जानकारी

# लोकसभा में चुनकर आए 93 प्रतिशत माननीय करोड़पति

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव-2024 में चुन कर आए 93 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं जो 2019 के 88 प्रतिशत के मुकाबले पांच प्रतिशत अधिक है। चुनाव अधिकार निकाय एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामा के विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी है।

एडीआर के मुताबिक अगली लोकसभा में शीर्ष तीन अमीर सदस्यों में 5,705 करोड़ की संपत्ति के साथ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के चंद्र शेखर पेम्मासानी, 4,568 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के



कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी और 1,241 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भाजपा नेता नवीन जिंदल शामिल हैं। पेम्मासानी आंध्र प्रदेश के गुंटुर से जीत कर आए हैं वहीं विश्वेश्वर रेड्डी तेलंगाना में चेवल्ला से और नवीन जिंदल हरियाणा के कुरुक्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। विश्लेषण के मुताबिक लोकसभा के लिए निर्वाचित 543 सदस्यों में से 504 करोड़पति हैं।

एडीआर के मुताबिक 2019 की लोकसभा में 475 (88 प्रतिशत) और 2014 की लोकसभा में 443 (82 प्रतिशत) सदस्य करोड़पति थे। संसद के निचले सदन में करोड़पतियों के बढ़ने की परिपाटी 2009 से देखी जा रही है, तब 315 (58 प्रतिशत) सदस्य करोड़पति थे। विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 227 (95 प्रतिशत), कांग्रेस के 99 में से 92 (93 प्रतिशत), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रविड़) के 22 में से 21 (95 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 29 में से 27 (93 प्रतिशत) और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 34 (92 प्रतिशत) ने एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक आम आदमी पार्टी के सभी तीन, जनता दल यूनाइटेड के सभी 12 और तेदेपा के सभी 16 विजयी उम्मीदवार करोड़पति हैं। एडीआर ने उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के आधार पर उनकी जीत की संभावनाओं का भी विश्लेषण किया है।

### लोस सदस्यों में से 46% के खिलाफ आपराधिक मामले

लोकसभा के नवनिर्वाचित 543 सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनाव विश्लेषण करने वाली संस्था एडीआर ने यह बात कही। यह निचले सदन में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले सदस्यों की पिछले कई दशकों की सबसे अधिक संख्या है। साल 2019 में कुल 233 नवनिर्वाचित सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की थी, 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) तथा 2004 में 125 (23 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की थी। विश्लेषण के मुताबिक 2009 के बाद से आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा करने वाले सांसदों की संख्या में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नवनिर्वाचित हुए 251 सदस्यों में से 170 (31 प्रतिशत) के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं जिनमें दुष्कर्म, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले हैं। गंभीर अपराध के मामलों वाले सदस्यों की संख्या 2009 से 124 प्रतिशत बढ़ गई है। इस बार चार उम्मीदवारों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत अपने ऊपर हत्या से संबंधित मामले दर्ज होने की जानकारी दी है›

# 85 साल में पहली बार सीआरपीएफ के खानसामों-जलवाहकों की पदोन्नति

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी के अनुसार 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को मिला लाभ

देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार कुल 2,600 खानसामों और जल वाहकों को पदोन्नत किया गया है। सीआरपीएफ की स्थापना 1939 में हुई थी और इसके पास दो विशेष वर्ग के कुल 12,250 कर्मी हैं जो बल के लगभग 3.25 लाख पुरुष एवं महिला कर्मियों के लिए रसोई, कैंटीन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के व्यापक नेटवर्क को संभालते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार को एक आदेश के जरिए 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को उनके कांस्टेबल पद से पदोन्नत कर हेड कांस्टेबल नियुक्त किया गया है।

सीआरपीएफ के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। इस पद के कर्मी तब से इस बल का हिस्सा हैं जब से इसकी स्थापना हुई है। अधिकारी ने बताया कि 2016 में जब केंद्र सरकार ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की थीं तब उन्हें कुक और वाटर कैरियर का विशिष्ट काडर नाम दिया गया था। केंद्रीय सशस्त्र बल पुलिस (सीएपीएफ) के एक अधिकारी ने कहा कि इन कर्मियों को पदानुक्रम में सबसे निचले पायदान पर भर्ती किया गया था और इन्हें कभी पदोन्नत नहीं किया गया और औसतन लगभग 30-35 वर्षों की सेवा के बाद भी वे उसी पद से सेवानिवृत्त होते थे।

# मोदी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए माफी मांगें, शीर्ष अदालत करे कार्रवाई

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आदर्श आचार संहिता का लगातार उल्लंघन करने के लिए बृहस्पतिवार को माफी की मांग की और उच्चतम न्यायालय से चुनाव के दौरान कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। एसकेएम ने यह भी कहा कि कानून के समक्ष सभी समान हैं और मोदी अपवाद नहीं हो सकते। एसकेएम ने एक बयान में कहा-एसकेएम मांग करता है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नवनिर्वाचित नेता नरेन्द्र मोदी आदर्श आचार संहिता के लगातार उल्लंघन के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें या फिर कानून के अनुसार मुकदमे का सामना करें। कानून के सामने सभी समान हैं और मोदी अपवाद नहीं हो सकते हैं।

# भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे कर्नाटक के मंत्री देंगे इस्तीफा

बेंगलुरु, एजेंसी

- बी नागेंद्र पर अवैध धन हस्तांतरण घोटाले से जुड़े होने के लगे हैं आरोप

कर्नाटक के अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र ने अवैध धन हस्तांतरण घोटाले से जुड़े आरोपों के बीच गुरुवार को इस्तीफा देने का फैसला किया।

यह खुलासा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए भी आश्चर्य की बात है, जिन्होंने मीडिया से कहा, हमने उनके इस्तीफे की मांग नहीं की है, न ही मुख्यमंत्री ने इस मामले में कोई निर्देश जारी किया है। मुख्यमंत्री (सिद्धारमैया) से संपर्क करने और इस्तीफा देने का कदम उठाने का फैसला उनका अपना था। वह पार्टी की अखंडता को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और किसी भी परेशानी से बचने के लिए उन्होंने स्वेच्छा से यह कदम उठाया है। नागेंद्र के इस्तीफे की वजह भाजपा द्वारा लगातार किये गये विरोध प्रदर्शन रहे, जिसमें इस मामले को बड़ा भ्रष्टाचार घोटाला करार दिया गया और तत्काल जवाबदेही की मांग की गई। इस राजनीतिक तमाशे के लिए भाजपा द्वारा विधान सौध से राजभवन तक एक नाटकीय मार्च आयोजित किया गया था। इस मामले में सबसे आगे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक थे।

# पंजाब में ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर खालिस्तान के समर्थन में लगे नारे

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में ऑपरेशन ब्लूस्टार की 40वीं बरसी पर बृहस्पतिवार को कट्टरपंथी सिख संगठनों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल और पूर्व सांसद ध्यान सिंह मंड के गुट समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने, सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त में ये नारे लगाए। हाल ही में संगरूर लोकसभा सीट से चुनाव हारने वाले मान भी इस दौरान मौजूद थे। कट्टरपंथी संगठन दल खालसा के नेतृत्व में कुछ सिख युवा हाथों में खालिस्तानी झंडे और क्षतिग्रस्त अकाल तख्त की तस्वीरें लिए हुए नजर आए। वहीं कार्यकर्ताओं ने मारे गए चरमपंथी जरनैल सिंह भिंडरावाले और खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की फोटो वाली तख्तियां हाथों में ली हुई थीं।

# कोर्ट ने कहा-दिल्ली को 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दे हिमाचल

नई दिल्ली, एजेंसी

**दिल्ली जल संकट**

- हरियाणा को मदद करने के निर्देश, 5 दिन में मांगी रिपोर्ट



राष्ट्रीय राजधानी में जारी जल संकट के बीच उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिए कि हिमाचल प्रदेश 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़े और हरियाणा दिल्ली की तरफ पानी के प्रवाह को सुगम बनाए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पानी को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार उसके पास उपलब्ध 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली के लिए छोड़ने को तैयार है। एक क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) प्रति सेकंड 28.317 लीटर तरल प्रवाह के बराबर होता है। पीठ ने कहा- क्योंकि हिमाचल प्रदेश को कोई आपत्ति नहीं है और वह उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी छोड़ने के लिए तैयार है, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि हिमाचल प्रदेश उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी में से 137 क्यूसेक पानी छोड़े, ताकि पानी हथिनीकुंड बैराज और फिर वहां से दिल्ली पहुंच सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीठ ने हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिया कि वह हरियाणा को पूर्व सूचना देकर सात जून को पानी छोड़े। इसने कहा है कि ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) हथिनीकुंड में आने वाले अतिरिक्त पानी को मापेगा ताकि इसे वजीराबाद और दिल्ली तक पहुंचाया जा सके। पीठ ने आदेश दिया, जब भी हिमाचल प्रदेश पूर्व सूचना के साथ हरियाणा की तरफ अतिरिक्त पानी छोड़ेगा तो हरियाणा अतिरिक्त पानी के प्रवाह को हथिनीकुंड और वजीराबाद तक सुगम बनाए रखने में मदद करेगा ताकि यह निर्बाध रूप से दिल्ली तक पहुंचे और दिल्ली के लोगों को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके। इसने कहा-सोमवार को इस अदालत के समक्ष एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को मिलने वाला पानी व्यर्थ न हो। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दिल्ली सरकार और हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश सहित प्रतिवादी सोमवार तक अपना अनुपालन हलफनामा दाखिल करेंगे। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जून की तारीख तय की।

## 5.45 करोड़ रु के सोने की तस्करी में दो चीनी नागरिक सहित चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 5.45 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी के आरोप में दो चीनी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंगलवार को हांगकांग से आने पर आरोपियों को हवाई अड्डे पर रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि आरोपियों के सामान की गहन तलाशी के साथ ही उनकी जामा तलाशी भी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 8.2 किलोग्राम सोना बरामद हुआ जिसका मूल्य 5.45 करोड़ रुपये है।



तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के उधगमंडलम (ऊटी) में हुई भारी बारिश के दौरान पानी से भरी सड़क पर फंसी अपनी कार को धक्का लगाते लोग। ● एजेंसी

# स्कूल पर इजराइली हमला, 30 की मौत

देर अल-बला (गाजा पट्टी), एजेंसी



मध्य गाजा में एक स्कूल पर गुरुवार को तड़के इजराइली द्वारा किए गए हमले में 14 बच्चों और नौ महिलाओं सहित 30 से अधिक लोग मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक स्कूलों में विस्थापितों ने शरण ले रखी थी जबकि इजराइली सेना का दावा है कि हमास के आतंकवादी स्कूल से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

अस्पताल के रिकॉर्ड और अस्पताल में एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने बताया कि इस हमले में कम से कम 33 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 14 बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, रात में एक घर पर हुए हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी। दोनों हमले नुसेरात में हुए, जो गाजा में बने कई शरणार्थी शिविरों में से एक है।

### जनसंहार के मुकदमे में पक्षकार बनने की अर्जी देगा स्पेन

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में अर्जी देकर दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजराइल के खिलाफ दायर मुकदमे में पक्षकार बनने की अनुमति मांगेगा। स्पेन के विदेश मंत्री ने गुरुवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में दाखिल याचिका में इजराइल पर गाजा में जनसंहार करने का आरोप लगाया है। स्पेन पहला यूरोपीय देश है, जिसने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका द्वारा अंतरराष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका से जुड़ने की पहल की है।

# भाई ने कबूला- लिट्टे संस्थापक प्रभाकरण 2009 में मारा गया

कोलंबो, एजेंसी

- **कहा- कुछ तमिल लोग उसके जीवित होने का दावा करके लोगों को दे रहे हैं धोखा**



लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के संस्थापक वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भाई और उसका पूरा परिवार 2009 में मारा गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ तमिल लोग यह दावा करके लोगों को धोखा दे रहे हैं कि प्रभाकरण और उसके परिवार के कुछ सदस्य, विशेषकर उसकी एक बेटी जीवित हैं।

लंकाएफटी (एफटी.एलके) पोर्टल की खबर के अनुसार वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई वेलुपिल्लई मनोहरन ने कहा, वेलुपिल्लई प्रभाकरन, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चे मर चुके हैं और वे सभी 2009 में श्रीलंका युद्ध के अंतिम चरण में मारे गए थे। पोर्टल के अनुसार मनोहरन ने सार्वजनिक तौर पर पहली बार यह बात स्वीकार की है। लिट्टे ने श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में एक अलग तमिल मातृभूमि के लिए लगभग 30 वर्ष तक सैन्य अभियान चलाया था।

# महिलाओं समेत 63 को तालिबान ने मारे कोड़े, निंदा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बुधवार को सारी पुल प्रांत में तालिबान द्वारा एक दर्जन से अधिक महिलाओं सहित 60 से अधिक लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की निंदा की। यूएनएएमए ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के अधिकारियों ने मंगलवार को कम से कम 63 लोगों को कोड़े मारे। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का सम्मान करने के लिए कहा।

तालिबान के उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में 14 महिलाओं समेत 63 लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की पुष्टि की। इन लोगों पर अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न, चोरी और अनैतिक संबंधों जैसे अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। उन्हें एक खेल स्टेडियम में कोड़े मारे गए। तालिबान ने एक उदार शासन देने के वादों के बावजूद, 2021 में फिर से सत्ता पर काबिज होने के बाद सार्वजनिक रूप से कठोर दंड देना शुरू कर दिया।



# गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे पांच वर्ष तक के 25 प्रतिशत बच्चे : सरां

**कलटुंगो (नाइजीरिया), एजेंसी।** दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के करीब 25 प्रतिशत बच्चे खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनीसेफ ने एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया। बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था यूनीसेफ द्वारा गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में पांच वर्ष से कम आयु के 18 करोड़ 10 लाख बच्चे (इस आयु वर्ग के बच्चों का 27 प्रतिशत) गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। लगभग 100 निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर केंद्रित रिपोर्ट गंभीर खाद्य संकट को एक दिन में कुछ भी नहीं खाने या एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त आठ खाद्य समूहों में से दो का उपभोग करने के रूप में परिभाषित करती है।

### अफ्रीका के 130 करोड़ लोग प्रभावित

अफ्रीका की 130 करोड़ से अधिक की आबादी मुख्य रूप से संघर्ष, जलवायु संकट और बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लेकिन इसने कुछ प्रगति भी हुई है।

### स्थिति में हुआ सुधार

पिछले दशक में पश्चिमी और मध्य अफ्रीका में गंभीर खाद्य संकट से गुजर रहे बच्चों की संख्या में कमी आई है और यह 42 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत रह गया है। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष ने कहा कि महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी, बेहद खराब आहार पर रहने वाले बच्चों का वजन सामान्य से कम होने की आशंका अधिक होती है।

## एक नजर

### फ्रांस के दौरे पर आएंगे अर्जेंटीना के राष्ट्रपति

**पेरिस।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली फ्रांस की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे और 19 जून को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन से मुलाकात करेंगे। ले पेरिसियन अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मुलाकात के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रपति यूक्रेन की स्थिति, यूरोपीय संघ और मर्कोसुर के बीच मुक्त व्यापार समझौते के भविष्य पर चर्चा कर सकते हैं।

### इंडोनेशिया का माउंट इबू ज्वालामुखी फिर फटा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के हलमाहेरा द्वीप पर स्थित इबू ज्वालामुखी गुरुवार सुबह फिर से फट गया और धुएं का गुबार छा गया। ज्वालामुखी विज्ञान एवं भूगर्भीय खतरा न्यूनीकरण केंद्र (पीवीएमबीजी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब 8 :11 बजे विस्फोट शुरू हुआ और दो मिनट तक चलता रहा, जिससे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए मोटी, धूसर राख और काले बादल छा गये।

### तंजानिया में सड़क हादसे में 13 की मौत, 18 घायल

**मबेया।** तंजानिया के मबेया क्षेत्र में एक ट्रक नेकई कारों और मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिसके कारण 13 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। द सिटिजन तंजानिया ने प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना बुधवार को मबेम्बेला क्षेत्र में सिमिके ढलान पर हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी घायलों को उपचार के लिए मबेया क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से आठ लोगों की हालत गंभीर है।

### सूड़ान : सेना- अर्धसैनिक बल के संघर्ष में 100 मरे

**काहिरा।** सूडान के गेजीरा प्रांत के एक गांव पर बुधवार को अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा किए गए हमले में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दारफूर के गवर्नर मिनी अर्को मिनावी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में बताया कि आरएसएफ द्वारा गेजीरा के वाद-अल-नोरा गांव पर किए गए हमले में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हताहत हुए हैं। गेजीरा की राजधानी वाद मदानी के लोगों को बचाने के लिए गठित समिति ने देर रात बुधवार को सोशल मीडिया पर बताया कि अर्धसैनिक बल सालों से सूडान की सेना से लड़ रहा है।

# ताइवान के बधाई संदेश पर मोदी की टिप्पणी को लेकर बिफरा चीन

## कहा- नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए

बीजिंग, एजेंसी

- **ताइवान द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के संबंध में भारत के समक्ष जताया विरोध**
- **कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा**





चीन ने ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के संबंध में गुरुवार को भारत के समक्ष विरोध जताते हुए कहा कि नयी दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए। चीन के मुताबिक ताइवान उसका एक विद्रोही और अभिन्न प्रांत है तथा इसे मुख्य भूमि के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए, भले ही बलपूर्वक ही क्यों न किया जाए।

मोदी ने अपने बयान में कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने यह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में मिली जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश में की थी। पिछले महीने निर्वाचित हुए ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने मोदी को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव में जीत पर मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को और आगे ले जाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए योगदान दिया जा सके। मोदी ने इस बधाई संदेश का जवाब देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाई चिंग-ते, आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। मैं ताइवान के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक तथा तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए और अधिक घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चीन ने इस पर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जब माओ से उनकी टिप्पणी मांगी गई तो उन्होंने कहा, सबसे पहले तो यह कि ताइवान क्षेत्र में कोई राष्ट्रपति नहीं है। उन्होंने कहा, चीन ताइवान के अधिकारियों और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों के बीच सभी प्रकार की आधिकारिक बातचीत का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा है।



### अमेरिका के एनएसए भारत जाएंगे: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ लेने की तैयारी के बीच अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन अमेरिका-भारत साझा प्राथमिकताओं पर नयी सरकार के साथ चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली जाएंगे। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से चुने जाने पर बधाई देने के लिए बुधवार को फोन किया और सुलीवन की यात्रा पर चर्चा की गई। व्हाइट हाउस ने कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और उन्हें तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भारत के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। बाइडन ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में 65 करोड़ भारतीयों के हिस्सा लेने पर उनकी सराहना की।



### 'स्पेसएक्स' के रॉकेट की चौथी परीक्षण उड़ान सफल

**बोका चिका (अमेरिका), एजेंसी।** स्पेसएक्स के सबसे शक्तिशाली स्टारशिप रॉकेट ने गुरुवार को पहली पूर्ण परीक्षण उड़ान पूरी की और टेक्सास से उड़ान भरने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आया। पिछली तीन परीक्षण उड़ानों के दौरान रॉकेट और अंतरिक्ष यान में विस्फोट हो गया था लेकिन इस बार ये दोनों नियंत्रित तरीके से नीचे उतरने में सफल रहे। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टारशिप लगभग 400 फुट (121 मीटर) ऊंचा है। उसने जब मैक्सिको की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरी और जब वह हिंद महासागर की ओर उड़ान भरने के लिए पूर्व की ओर बढ़ा, उस समय वह खाली था। गुरुवार सुबह प्रक्षेपण के कुछ ही मिनट बाद प्रथम चरण का बूस्टर अंतरिक्ष यान से अलग हो गया और वह इसके इंजन को चालू करने के बाद योजनानुसार खाड़ी में जा गिरा। इसके एक घंटे बाद, प्रक्षेपण के सीधे प्रसारण में पुन : प्रवेश के दौरान अत्यधिक गर्मी के कारण अंतरिक्ष यान के कुछ हिस्से टूटते दिखाई दिए।

### आरोपी किशोर के दादा पहुंचे बम्बई उच्च न्यायालय

**पुणे कार हादसा**

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे के कल्याणी नगर में नशे की हालत में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक और युवती की हत्या के आरोपी किशोर के दादा एसके अग्रवाल ने मामले में पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिए जाने के विरोध में बम्बई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इसी मामले में पूछताछ के लिए पुणे की अपराध शाखा ने किशोर के 77 वर्षीय दादा को 25 मई को हिरासत में लिया था। इसके अलावा यरवदा थाने में उसी दिन उनके खिलाफ अलग से प्राथमिकी भी दर्ज की गयी थी। उच्च न्यायालय में दायर याचिका में अग्रवाल के वकील आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपों में परिवार के ड्राइवर गंगाधर शिवराज का गलत तरीके से अपहरण, अवैध रूप से बंधक बनाना और आपराधिक धमकी देना शामिल है। इन आरोपों में आईपीसी की धारा 342, 365, 368 और 506 के साथ धारा 34 भी शामिल है।

# रूस के तेल शोधन संयंत्र और ईंधन डिपो पर हमला

कीव, एजेंसी

- **यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में की भीषण कार्रवाई**
- **दो दिन पूर्व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दी थी चेतावनी**

कीव द्वारा क्रेमलिन के युद्ध करने के तरीके को बाधित करने के चल रहे प्रयास और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप के सबसे बड़े युद्ध में पश्चिमी देशों के समर्थन की मांग के बीच यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में एक तेल शोधन संयंत्र और एक ईंधन डिपो पर हमला किया। निशाना बनाए गए क्षेत्रों के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जेलेंस्की गुरुवार को फ्रांस में डी-डे स्मरणोत्सव में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सहित विश्व नेताओं के साथ शामिल होने वाले हैं। शुक्रवार को उन्हें फ्रांसीसी अधिकारियों से मिलना है। जेलेंस्की की यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चेतावनी के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस अन्य देशों को लंबी दूरी के हथियार मुहैया करा सकता है ताकि वे पश्चिमी लक्ष्यों पर हमला कर सकें। यह धमकी तब आई जब नाटो के सहयोगियों ने कहा कि वे यूक्रेन को रूसी क्षेत्र पर हमला करने के लिए कीव को दिए जाने वाले हथियारों का इस्तेमाल करने की अनुमति देंगे। यूक्रेन की सेना पूर्वी क्षेत्रों में हाल ही में रूस के हमले को रोकने के लिए लड़ रही है।

# पाक पीएम बीजिंग पहुंचे, शी जिनपिंग से करेंगे चर्चा

बीजिंग, एजेंसी

- **चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं शरीफ**
- **शहर शेनझेन का दौरा कर निवेशकों के साथ की बैठक**




पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए और सहायता के अनुरोध तथा निवेश की संभावनाओं चर्चा करने के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं और उपरोक्त मुद्दों को लेकर वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए शरीफ ने बुधवार को अत्याधुनिक शहर शेनझेन का दौरा किया और निवेशकों की बैठक को संबोधित किया। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी एपीपी की खबर के अनुसार यहां अपने प्रवास के दौरान शरीफ शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली क्यांग और अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। वह पाकिस्तान-चीन संबंध और व्यापार कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं पर काम कर रही प्रमुख चीनी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। खबर में बताया गया कि दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से आईएमएफ से छह अरब से आठ अरब अमेरिकी डॉलर के बीच राहत राशि मुहैया कराने का अनुरोध किया है।

### संरा सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को सीट

**संयुक्त राष्ट्र।** डेनमार्क, यूनान, पाकिस्तान, पनामा और सोमालिया को गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में गुप्त मतदान के बाद सुरक्षा परिषद में सीट मिलेगी। कुल 193 सदस्यों वाले यूएन की सुरक्षा परिषद में दो साल के कार्यकाल के लिए पांच देशों को चुना जाना है। 15 सदस्यीय परिषद में दस अस्थायी सीट क्षेत्रीय समूहों को आवंटित की जाती हैं जो आमतौर पर अपने उम्मीदवारों का चयन करते हैं, लेकिन कभी-कभी किसी एक पर सहमत नहीं हो पाते हैं। चुने जाने वाले परिषद के पांच सदस्य एक जनवरी से अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। वे उन सदस्यों की जगह लेंगे जिनका दो साल का कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

# अवैध प्रवास के आरोप में पाकिस्तान के दो भाइयों समेत नौ पर केस

**ठाणे, एजेंसी।** पाकिस्तान के दो भाइयों पर भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है, जबकि सात अन्य को फर्जी दस्तावेज हासिल करने में उनकी मदद करने के कारण प्राथमिकी में नामजद किया गया है। ठाणे जिले में भिवंडी के एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शांति नगर पुलिस थाने के उपनिरीक्षक सुरेश घुगे ने बताया कि पाकिस्तान से आए दो भाई हारुन उमर पारकर और असलम उमर पारकर 1971 से बिना वैध दस्तावेजों के भिवंडी के गुलजारनगर में रह रहे हैं। उन्होंने कहा, सात अन्य लोगों ने देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाते हुए फर्जी दस्तावेजों और आईडी कार्ड आदि की व्यवस्था करके उनकी मदद की।

## बॉलीवुड हलचल

# अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी हो गयी है। अजय देवगन ने वर्ष 2018 में सुपरहिट फिल्म रेड में काम किया था। अब रेड की सीक्वल रेड 2 आ रही है। रेड 2 में अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेड 2 की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है। फिलहाल, यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। इस बार फिल्म की कहानी करीब सौ करोड़ रुपये के टैक्स घोटाला करने वाले उत्तर प्रदेश के एक राजनेता और व्यवसायी की सत्य कहानी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

# कार्तिक आर्यन को लेकर प्रेम की शादी बनायेंगे सूरज बड़जात्या !



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार सूरज बड़जात्या, अभिनेता कार्तिक आर्यन को लेकर फिल्म प्रेम की शादी बना सकते हैं। सूरज बड़जात्या ने सलमान खान को लेकर मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी सुपरहिट फिल्में बनायी है। इन सभी फिल्मों में सलमान ने प्रेम का किरदार निभाया है। कहा जा रहा है कि सूरज बड़जात्या अब सलमान खान नहीं कार्तिक आर्यन को प्रेम बनाने जा रहे हैं। सूरज बड़जात्या जल्द अपने नए प्रोजेक्ट प्रेम की शादी पर काम करने जा रहे हैं। इसमें प्रेम सलमान खान नहीं बल्कि कार्तिक आर्यन हो सकते हैं। पहले सूरज बड़जात्या, सलमान खान को इस फिल्म में लेना चाहते थे। फिल्म में मुख्य अभिनेता को रोमांटिक किरदार करना था। इसके लिए सलमान खान ने मना कर दिया।

# हमारे बारह की रिलीज पर 14 जून तक लगी रोक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अन्नू कपूर अभिनीत फिल्म हमारे बारह की रिलीज को 14 जून तक रोक लगा दी है। यह फिल्म 07 जून को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति नितिन बोरकर और न्यायमूर्ति कमल खता की अवकाश पीठ ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता अजहर तंबोली द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। याचिका में फिल्म के कुछ संवादों पर आपत्ति जताई गई है। याचिका में फिल्म निर्माताओं द्वारा यूट्यूब पर प्रसारित दो ट्रेलरों पर आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि इससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन ब्यूरो (सीबीएफसी) ने पीठ को सूचित किया कि उसने फिल्म को प्रमाण पत्र जारी किया है और यूट्यूब पर जारी फिल्म के ट्रेलरों पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है।

**खगोल विज्ञान** गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने के लिए नई तकनीक हुई विकसित

# ब्रह्मांड की हिंसक घटनाओं से अब नहीं रहेंगे अनभिज्ञ

अमृत विचार, नैनीताल

- **पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में इसका पता चल सकता है**


पृथ्वी के साथ गुरुत्वाकर्षण लहर की तस्वीर। • अमृत विचार

गुरुत्वाकर्षण लहर का आसमान की सीमित ऊंचाई मैग्नेटोस्फीयर क्षेत्र में आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसके लिए खगोल वैज्ञानिकों ने नई तकनीक ईजाद की है, जो एक दूरबीन के जरिए ग्रेविटी वेब की जानकारी पा सकती है। अब हम ब्रह्मांड में होने वाली हिंसक घटनाओं का आसानी से पता लगा सकते हैं।

गुरुत्वाकर्षण बल ही वह महाशक्ति है, जो ब्रह्मांड को संचालित करती है। इसे हम देख नहीं सकते हैं और महसूस भी नहीं कर सकते। मगर इतना तय है कि हम पृथ्वी पर टिके हुए हैं, इसकी वजह सिर्फ गुरुत्वाकर्षण है। कुछ साल पहले गुरुत्वाकर्षण लहर को कैमरे में कैद किया गया था और चंद वर्षों में अब हम इसके अस्तित्व के साथ, इस शक्ति का पता लगाने में कामयाब हो चुके हैं। हांगकांग विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की है।

एचकेयूएसटी के भौतिकी विभाग प्रो ताओ लियू के अनुसार पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में एक एकल खगोलीय दूरबीन को गुरुत्वाकर्षण लहर की पहचान कर सकते हैं। यह बेहद आसान तरीका है। गुरुत्वाकर्षण की पहचान करने के लिए कई दशक बीत गए। मगर अब इसकी पहचान ही नहीं, बल्कि इसे देख भी सकते हैं। प्रो. लियू के नेतृत्व में शोध दल ने उच्च आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों (एचएफजीडब्ल्यू) का पता लगाने की नई विधि को प्रस्तावित किया है। ब्रह्मांड में पल पल विध्वंसकारी घटनाएं होती रहती हैं। जिनमें कुछ घटनाएं पृथ्वी को भी प्रभावित कर सकती हैं या फिर नुकसान पहुंचा सकती हैं। जिस कारण नई विधि की खोज बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।

### तकनीक कर सकती है ब्रह्मांड के राज उजागर

प्रो ताओ लियू का कहना है कि हम समूचे ब्रह्मांड को शायद ही कभी देख सकें, लेकिन तकनीक के जरिये देख और परख सकते हैं। इसके लिए नया दृष्टिकोण रखना होगा और चुनौतियों को स्वीकार करना होगा। इस दिशा में युवा वर्ग भरपूर ऊर्जा के साथ विज्ञान को आसमान तक पहुचा सकता है।